* ओड़िशा संस्करण

19 जुलाई, 2023
सावन, शुक्ल पक्ष, द्वितीया
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 269

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

श्रीलंका के राष्ट्रपति विक्रमसिंघे 21 जुलाई को भारत की पहली यात्रा पर आयेंगे






## मिशन 2024 : एनडीए बनाम इंडिया की बिछ रही चौसर

# विपक्षी गठबंधन का नाम 'इंडिया': खड़गे



- अगली बैठक मुंबई में होगी, 11 लोगों की समन्वय समिति बनेगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बेंगलुरु।** विपक्षी दलों की मंगलवार को बेंगलुरु में बैठक हुई। 2024 के आम चुनाव में भाजपा को हराने के लिए विपक्ष के 26 दल एक साथ आये हैं। बैठक में विपक्षी दलों के गठबंधन का नाम इंडिया तय किया। इसका फुल फॉर्म इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस है। इसका ऐलान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विपक्षी दलों की प्रेस कॉन्फ्रेंस में किया। उन्होंने कहा कि समन्वय के लिए 11 सदस्यों की कमेटी और एक कार्यालय जल्द बनाया जाएगा। इसकी घोषणा मुंबई में होने वाली हमारी अगली बैठक में होगी। उधर, सूत्रों के मुताबिक बैठक में मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हम जानते हैं कि राज्य स्तर पर हमारे बीच कुछ मतभेद हैं, लेकिन ये मतभेद इतने बड़े नहीं हैं कि हम इन्हें अपने पीछे छोड़कर उन लोगों की खातिर आगे न बढ़ सकें।

**एनडीए में 36 पार्टियां कौन, पता नहीं:** खड़गे ने कहा कि भाजपा ने लोकतंत्र की सभी एजेंसियों इडी, सीबीआइ आदि को नष्ट कर दिया है। हमारे बीच राजनीतिक भेद हैं, लेकिन हम देश को बचाने के लिए साथ आये हैं। इससे पहले हम पटना में मिले थे, जहां 16 पार्टियां मौजूद थीं। आज की बैठक में 26 पार्टियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि एनडीए 36 पार्टियों के साथ बैठक कर रही है। मुझे नहीं पता वो कौन सी पार्टियां हैं।

**मुंबई की बैठक में तय होंगे नाम:** खड़गे ने कहा कि सारी मीडिया पर मोदी का कब्जा। ऐसा पहले कभी नहीं देखा था कि मीडिया हमारे खिलाफ इतनी शत्रुतापूर्ण है। आज हम यहां अपने हित के लिए नहीं बल्कि देश को बचाने के लिए एकत्र हुए हैं। हमारा लक्ष्य है कि हम सरकार की नाकामियों को उजाकर करेंगे। मैं खुश हूं कि राहुल, ममता सब सहमत हैं। 2024 में साथ लड़ेंगे और ग्रेट रिजल्ट लायेंगे। गठबंधन को लीड कौन करेगा, चेहरा कौन होगा। इस सवाल के जवाब में खड़गे ने कहा कि हम कोऑर्डिनेशन कमेटी बना रहे हैं। मुंबई की बैठक में ये 11 नाम तय होंगे।

**सरकार बेचना और खरीदना यही काम:** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि देश में दलित, हिंदू, मुस्लिम हर किसी की जिंदगी खतरे में है। दिल्ली, बंगाल, मणिपुर हो, सरकार बेचना, सरकार खरीदना यही काम सरकार का है। हमारे गठबंधन का नाम इंडिया है, बीजेपी क्या तुम इंडिया को चैलेंज करोगे?

(शेष पेज 5 पर)

# हमने विदेशी ताकतों से मदद नहीं मांगी : मोदी




- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनडीए का फुल फॉर्म बताया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि हम जब विपक्ष में थे तब भी हमने सकारात्मक राजनीति की, हमने कभी नकारात्मक राजनीति नहीं की। हमने विपक्ष में रहकर सरकारों का विरोध किया। उनके घोटालों को सामने लाये, लेकिन जनादेश का अपमान नहीं किया और न ही विदेशी ताकतों की मदद मांगी। प्रधानमंत्री मंगलवार को नयी दिल्ली में एनडीए की बैठक की बोल रहे थे।

**38 दलों के नेता बैठक में जुटे:** 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की बैठक नयी दिल्ली में हुई। इसमें 38 राजनीतिक दल उपस्थिति हुए। भाजपा के अनुसार 38 दलों में से कुछ ऐसे हैं, जो एनडीए छोड़कर चले गये थे, लेकिन भारत को मजबूत करने के लिए गठबंधन में फिर से शामिल हो गये हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने एनडीए का अर्थ बताया। मोदी न एनडीए का फुल फॉर्म बताते हुए कहा कि एन-नया भारत, डी- विकसित राष्ट्र, ए- भारत के लोगों की आकांक्षा है।

**अटल जी की ओर से विरासत:** मोदी ने कहा कि एनडीए के 25 वर्षों की इस यात्रा के साथ एक और संयोग जुड़ा है। ये वह समय है, जब हमारा देश आने वाले 25 वर्षों में एक बड़े लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कदम बड़ा रहा है। ये लक्ष्य विकसित भारत का है, आत्मनिर्भर भारत का है। उन्होंने कहा कि एक तरह से एनडीए अटल जी की एक ओर विरासत है जो हमें जोड़े हुए है। एनडीए के निर्माण में आडवाणी जी ने भी बहुत अहम भूमिका निभायी थी। वह आज भी हमारा मार्गदर्शन कर रहे हैं। हमारा संकल्प पॉजिटिव है, एजेंडा पॉजिटिव है, रास्ता भी पॉजिटिव है। उन्होंने कहा कि राज्यों के विकास से राष्ट्र के विकास के मंत्र को एनडीए ने सशक्त किया है। पुराने साथियों का मैं अभिनंदन करता हूं। नये साथियों का भविष्य के लिए स्वागत करता हूं। एनडीए के 25 सालों की यात्रा के साथ सुखद सहयोग जुड़ा है।

**जब गठबंधन सत्ता की मजबूरी से होता :** प्रधानमंत्री ने कहा कि जब गठबंधन सत्ता की मजबूरी से, भ्रष्टाचार के इरादे, परिवारवाद की नीति पर आधारित और जातिवाद व क्षेत्रवाद को ध्यान में रखकर किया जाता है तो वह गठबंधन देश को बहुत नुकसान पहुंचाता है।

(शेष पेज 5 पर)

## न्यूज रील्स

### सीमा हैदर एटीएस के सेफ हाउस में शिफ्ट

नोएडा। पाकिस्तानी नागरिक सीमा हैदर को एटीएस एटीएस ने नोएडा में सेफ हाउस में शिफ्ट कर दिया। सीमा के साथ उसका एक बेटा और प्रेमी सचिन भी है। सीमा जासूस है या प्रेमिका? 15 दिन बाद भी इस सवाल का जवाब नहीं मिल पा रहा है। सोमवार को यूपी एटीएस ने सीमा से 8 घंटे तक पूछताछ की। उसके चाचा और भाई के पाकिस्तानी आर्मी में होने पर सवाल किये। देर रात सीमा को वापस घर छोड़ दिया गया था। सीमा, सचिन और उसके पिता को मंगलवार सुबह फिर एटीएस पूछताछ के लिए ले गयी थी। फिर सेफ हाउस में भेज दिया गया। मंगलवार को दोनों से 11 घंटे से ज्यादा की पूछताछ की गयी है। सीमा हैदर का पॉलिग्राफी टेस्ट कराने पर भी विचार कर रहे हैं।

### बृजभूषण शरण सिंह को मिली अंतरिम जमानत

नयी दिल्ली। बृजभूषण शरण सिंह को महिला पहलवानों से यौन उत्पीड़न के मामले में अंतरिम जमानत मिल गयी है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को उनकी अर्जी पर बेल मंजूर कर ली। भाजपा के सांसद खुद अदालत में पेश हुए। कोर्ट ने इस केस की अगली सुनवाई के लिए 20 जुलाई की तारीख तय की है।

# पतरातू गोलीबारी: रांची से सीआइडी की टीम घटनास्थल पर पहुंची, ली जानकारी

- कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही
- हजारीबाग रेंज के डीआइजी नरेंद्र कुमार सिंह भी पहुंचे पतरातू

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पतरातू।** पतरातू में हुए गोलीकांड की जांच के लिए सीइडी की टीम मंगलवार को घटना स्थल पहुंची। जांच करने गयी टीम ने पूरी घटना को रेखांकित कर एक-एक बात की जानकारी ली है। इस बीच पतरातू पुलिस ने कुछ संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ कर रही है। उधर, हजारीबाग रेंज के डीआइजी नरेंद्र कुमार सिंह भी पतरातू पहुंचे। उन्होंने भी स्थानीय पुलिस से घटना के बारे में विस्तृत जानकारी ली। गौरतलब है कि सोमवार रात अमन साहू गिरोह के शूटर को पकड़ने पहुंची पुलिस पर अपराधियों ने फायरिंग कर दी थी। जिसमें एटीएस के डीएसपी नीरज कुमार और इंस्पेक्टर सोनू कुमार घायल हो गये। उनका इलाज रांची



के मेडिका अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद से राज्य की पुलिस सक्रिय है। रांची से सीआइडी की पांच सदस्य टीम डीएसपी जेपीएन चौधरी के नेतृत्व में घटनास्थल पर पहुंची। सीआइडी के टीम घटनास्थल पर पूरी घटना की स्केचिंग कर रेखांकन कर चिह्नित किया। आपराधियों के बारे में जानकारी ली। उधर, हजारीबाग रेंज के डीआइजी नरेंद्र कुमार सिंह भी पतरातू पहुंचे। पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र चौधरी ने उन्हें घटना के बारे में जानकारी दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार अपराधी घटनास्थल के साहीटांड इलाके से होते हुए हेंदेगीर के रास्ते निकल कर भाग थे। फायरिंग की घटना के दौरान दो अपराधियों के होने की जानकारी मिल रही है। इसके अलावे अन्य चार अपराधियों के होने की बात भी सामने आ रही है। घटना के बाद लगभग 15 लोगों को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की है। सीआइडी और पुलिस मामले को हर एंगल से जांच कर रही है।

### चंदन से संपर्क रखनेवाले युवक को पुलिस ने उठाया!

पतरातू। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पतरातू की घटना और अपराधी चंदन साव से संपर्क रखने के मामले में कुजू के एक युवक को उठाया गया है। युवक को चंदन से जोड़कर देखा जा रहा है। चंदन और कुजू का युवक कुछ दिन पहले ही दार्जिलिंग से घूमकर रांची लौटा था। इसी बीच चंदन एटीएस का हाथ लग गया। साथ ही कुजू के युवक को भी पूछताछ के लिए उठाया है।

## सहारा रिफंड पोर्टल का शुभारंभ किया

# निवेशकों का फंसा हुआ पैसा वापस मिलेगा : अमित शाह



- ऑनलाइन दावे पेश करने के 45 दिनों के अंदर राशि जमाकर्ताओं के बैंक खाते में राशि जमा होगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को नयी दिल्ली में केंद्रीय पंजीयक सहारा रिफंड पोर्टल का शुभारंभ किया। इस पोर्टल को सहारा समूह की 4 सहकारी समितियों (सहारा क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, सहारायन यूनिवर्सल मल्टीपर्पज सोसाइटी लिमिटेड, हमारा इंडिया क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड और स्टार्स मल्टीपर्पज कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड) के प्रामाणिक जमाकर्ताओं द्वारा दावे प्रस्तुत करने के लिए विकसित किया गया है। इस अवसर पर केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री बीएल वर्मा, उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश आर सुभाष रेड्डी और विभागीय सचिव ज्ञानेश कुमार सहित सहारा समूह की चारों सहकारी समितियों के जमाकर्ता भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर अमित शाह ने कहा कि कई बार घपले-घोटाले के आरोप लगते हैं। जो लोग इनमें निवेश करते हैं, उनकी पूंजी फंस जाती है, जैसे सहारा का उदाहरण सबके सामने है। उन्होंने कहा कि ट्रायल बेसिस पर पारदर्शी तरीके से आज निवेशकों को 5,000 करोड़ रुपये लौटाने की शुरुआत हो रही है। पोर्टल के माध्यम से पहले 10 हजार या इससे अधिक जमा करने वालों को भुगतान किया जायेगा। उन्हें 10 हजार रुपये दिये जायेंगे। उन्होंने कहा कि इस पोर्टल पर आवेदन करने के लिए चारों समितियों का पूरा डेटा ऑनलाइन उपलब्ध है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 56,900 रु./10 ग्राम
चांदी 78,000 रु./प्रति किलो



# सियासी शक्ति प्रदर्शन का पहला राउंड : 'एडवांटेज एनडीए'

## भाजपा के बुलावे पर 38 दल आये, तो बेंगलुरु में इंडिया की बैठक में 26 दल आये


राकेश सिंह

आजाद सिपाही विशेष

देश में अगले साल होने वाले आम चुनाव की तैयारियों के दृष्टिकोण से 18 जुलाई 2023 की तारीख बेहद महत्वपूर्ण रही। देश की राजनीतिक राजधानी दिल्ली से लेकर दक्षिण भारत के प्रवेश द्वार कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में सत्ताधारी दल और विपक्षी दलों की बैठकें हुईं, तो स्वाभाविक रूप से इनके फलाफल पर दुनिया भर का ध्यान लगा रहा। ऐसे में इन दोनों बैठकों का मूल्यांकन इस लिहाज से भी जरूरी हो जाता है कि अगला चुनाव कितना रोमांचक हो सकता है। इन दोनों बैठकों को सियासी शक्ति प्रदर्शन का पहला राउंड कहा जा सकता है और जहां तक इनके परिणाम की बात है, तो यह राउंड निश्चित रूप से सत्ताधारी दल के पक्ष में रहा। लगातार तीसरी बार देश की सत्ता हासिल करने की तैयारी में जुटी भाजपा ने दिल्ली की बैठक में अपने साथ 38 दल जोड़ लिये, जबकि तमाम प्रयासों के बावजूद विपक्ष के कुनबे में 26 दल ही जुट सके। इस राउंड में भाजपा के भारी पड़ने का एक और कारण यह है कि एनडीए अपने नेता के रूप में नरेंद्र मोदी को स्वीकार कर चुका है, जबकि विपक्ष अब भी नेता के चेहरे के नाम पर एकमत नहीं हो सका है। इसके अलावा कई ऐसे मसले हैं, जिन्हें सुलझाना एनडीए के लिए आसान है, जबकि उन्हीं मसलों पर विपक्षी एकता की पूरी इमारत के धराशायी होने का खतरा बरकरार है। भाजपा के नेतृत्व में 38 दलों का एनडीए का कुनबा बनाम 26 दलों के गठबंधन, जिसका नामकरण 'इंडिया' (भारतीय राष्ट्रीय लोकतांत्रिक समावेशी गठबंधन) के रूप में किया गया है, की वास्तविक ताकत क्या है, इसका पता तो अगले आम चुनाव के बाद ही पता चलेगा, लेकिन फिलहाल इतना तय हो गया है कि इन दोनों का मुकाबला बेहद रोमांचक होनेवाला है। इन दोनों गठबंधनों की बैठकों के फलाफल का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

## एनडीए : मोदी का चेहरा, मोदी का काम और 38 दलों की ताकत

लगातार तीसरी बार दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की सत्ता हासिल करने की कोशिश में जुटी भाजपा के आह्वान पर दिल्ली में हुई राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरी तरह छाये रहे। बैठक में एक स्वर से संकल्प लिया गया कि गठबंधन में शामिल सभी दलों की सामूहिक ताकत के साथ नरेंद्र मोदी के नाम और काम के बल पर अगला चुनाव लड़ा जायेगा और जीत हासिल होगी। एनडीए की इस बैठक का उद्देश्य जहां लगभग पूरा होता दिखाई दिया, वहीं अब तय हो गया है कि भाजपा के नेतृत्व में एनडीए का मिशन 2024 कामयाबी के रास्ते पर बढ़ चला है। एनडीए की बैठक इसलिए सफल मानी जा सकती है, क्योंकि इसमें जो दल शामिल हुए हैं, उनका प्रभाव चुनावी नजरिये से बेहद अहम है।




भारतीय राजनीति का इतिहास रहा है कि यहां महज कुछ जिलों तक सिमटे दल भी अपने साथ जुड़े खास वोट बैंक के सहारे बड़ी-बड़ी पार्टियों को पानी पिलाते रहे हैं। भाजपा के साथ आये 38 दलों में से अधिकांश ऐसे ही हैं। इन दलों के पास अभी भले ही बहुत ज्यादा विधायक या सांसद ना हों, लेकिन अपने-अपने खास कोर एरिया में उनकी मतदाताओं पर पकड़ एक पूरे प्रदेश की राजनीति को प्रभावित करने वाली है। इसका सबसे अच्छा उदाहरण बिहार है, जहां चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), उनके चाचा पशुपति नाथ पारस की लोक जनशक्ति पार्टी, जीतनराम मांझी की हिंदुस्तान आवाम मोर्चा, उपेंद्र कुशवाहा की रालोसपा और मुकेश सहनी की वीआइपी अब एनडीए के साथ है। इन दलों की बिहार के कुल वोट बैंक में करीब 30 फीसदी पर पकड़ है। दरअसल बिहार में 16 फीसदी दलित वोट हैं, जिनमें से करीब छह फीसदी पासवान वोट और छह फीसदी ही मुसहर वोट हैं। पासवान वोट पर चिराग और पारस, तो मुसहर वोट पर मांझी की मजबूत पकड़ है। मांझी इसके अलावा भी महादलित वोट में और सेंध लगा सकते हैं। इसी तरह कुशवाहा समाज के आठ फीसदी वोट और मल्लाह समुदाय के करीब 10 फीसदी वोट बिहार में माने जाते हैं। ये दोनों उपेंद्र कुशवाहा और मुकेश सहनी के कोर वोट बैंक हैं। इससे भाजपा उन सीटों पर भरपाई कर सकती है, जो नीतीश कुमार की जदयू के बिहार में भाजपा का साथ छोड़कर यूपीए का दामन थामने से नुकसान में आ सकती हैं। इसी तरह उत्तर प्रदेश में एनडीए के साथ ओमप्रकाश राजभर की सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी, डॉ संजय निषाद की निषाद पार्टी और अनुप्रिया पटेल की अपना दल (एस) खड़े हैं। इन दलों के वोट बैंक का प्रभाव यूपी के पूर्वांचल और मध्यांचल की सीटों पर है। पूर्वांचल में पिछली बार भाजपा को 26 में से छह सीटों पर हार मिली थी। भाजपा इस बार राजभर, निषाद और पटेल, यानी कुर्मी वोट से इन सीटों को कब्जे में करना चाहती है। राजभर अकेले दम पर चुनाव जीतने की हैसियत नहीं रखते, लेकिन उनका कोर वोट बैंक यानी राजभर समुदाय पूर्वांचल की 12 से ज्यादा सीटों पर प्रभावी संख्या में है। उधर भाजपा के मिशन साउथ की झंडाबरदार जयललिता के समय से ही अन्नाद्रमुक रही है। भाजपा को तमिलनाडु की जनता ने अब तक स्वीकार नहीं किया है। इसके चलते भाजपा को वहां अन्नाद्रमुक और तमिल मनीला कांग्रेस के जरिये ही अपना झंडा बुलंद करना होगा। आंध्रप्रदेश में भी भाजपा लगातार कोशिश के बावजूद ज्यादा पैठ नहीं बना पायी है। हालांकि आंध्र से अलग हुए तेलंगाना में भाजपा अपना वोट बैंक तैयार करने में सफल रही है। ऐसे में आंध्र में उसने अपने साथ फिल्म स्टार पवन कल्याण की जनसेना को जोड़ा है।


अब भाजपा एनडीए में 38 दलों से आगे भी कुछ नये चेहरे जोड़ने की कोशिश में जुटी हुई है। आंध्र प्रदेश में वह मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी की पार्टी वाइएसआर कांग्रेस को साथ लाने की कोशिश में है। जगन का झुकाव भी पिछले दिनों भाजपा की तरफ रहा है और तमाम मुद्दों पर दोनों दल साथ दिखे हैं। इसी कारण भाजपा ने अपने पुराने सहयोगी दल टीडीपी को आंध्र में अब तक खास तवज्जो नहीं दी है। केरल में भी भाजपा कांग्रेस से टूटे हिस्से केरल कांग्रेस (थॉमस) को जोड़ने की तैयारी में है। केरल कांग्रेस पहले भी भाजपा के साथ थी, लेकिन 2021 के चुनाव में उसने भाजपा का साथ छोड़ दिया था। इसके अलावा उत्तर प्रदेश में भी रालोद की तरफ से भाजपा खेमे में एंट्री की इच्छा के संकेत आ रहे हैं, लेकिन अब तक दोनों ही तरफ के नेताओं ने स्पष्ट तौर पर कुछ नहीं कहा है।

### छोटे दलों के वोट बैंक होते हैं प्रभावी

यदि भारतीय राजनीति के इतिहास को देखा जाये, तो छोटे दलों के वोट बेहद प्रभावी साबित होते रहे हैं। जहां मुकाबला कांटे का होता है, वहां स्थानीय स्तर के ऐसे दल का साथ मिलने वाले दल को सीधे तौर पर चार-पांच फीसदी की बढ़त मिल जाती है। यही बढ़त निर्णायक साबित होती है।

## इंडिया : 26 आये साथ, पर पांच जटिल मुद्दों को सुलझाना बाकी

बेंगलुरु में हुई विपक्षी दलों की बैठक में 26 दलों के गठबंधन का नाम 'इंडिया', यानी भारतीय राष्ट्रीय लोकतांत्रिक समावेशी गठबंधन (इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इन्क्लूसिव एलायंस) रखा गया है। बैठक में इस नामकरण के अलावा दूसरा कोई बड़ा फैसला नहीं लिया गया। इससे लगता है कि विपक्षी एकता का अभियान अब अगली बैठक तक के लिए मुल्तवी हो गया है। विपक्षी गठबंधन के नाम का भी सियासी मतलब निकाला जाने लगा है। वैसे भी नाम की सियासत इन दिनों हावी है। खासतौर पर अंग्रेजी के शब्दों का अलग-अलग मतलब निकालने का भी चलन हो गया है। भाजपा इस काम में आगे थी। भाजपा ने विपक्ष से जुड़ी तमाम पार्टियों के नामों का जिक्र करके उसका अलग मतलब निकाला। यह चर्चा में भी रहा। यही कारण है कि इस बार विपक्ष ने इस मामले में बड़ा दांव खेल दिया है। 'इंडिया' नाम रखने से विपक्ष को सबसे बड़ा फायदा यही होगा कि भाजपा उसका मजाक या तंज नहीं कस पायेगी। देश के नाम पर गठबंधन का नाम पड़ने से भाजपा के लिए यह बड़ी चुनौती होगी। वैसे इस बात के आसार कम हैं कि गठबंधन के नाम पर वोट इधर-उधर हो। वोटर तो किसी दल या प्रत्याशी को वोट देता है, गठबंधन से उसे बहुत अधिक मतलब नहीं रहता है। इस लिहाज से इस नाम का चुनावी लाभ शायद ही विपक्ष को मिल सकेगा।



बैठक में कुछ दलों के बीच मनमुटाव की बात सामने आयी, मगर उसे कम करने का भी तंत्र विकसित किये जाने की बात कही गयी है। इस मनमुटाव को दूर करने के लिए एक 'बफर जोन' तैयार किया गया है, जिसमें वैसे मुद्दों को डाला जायेगा, जिन पर आम सहमति नहीं बनेगी। विवादित मुद्दों पर अंतिम फैसला करने के लिए पांच नेताओं की टीम बनाने की बात कही जा रही है। विपक्षी दलों की बैठक के बाद जो संकेत मिल रहे हैं, उनसे तो यही लगता है कि विपक्षी एकता के लिए भले ही तमाम प्रयास किये जा रहे हैं, लेकिन कुछ मुद्दों पर अभी तक विभिन्न दलों के बीच पूर्ण सहमति नहीं बन सकी है। केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग, महंगाई या संसद में विपक्ष को बोलने का पूरा मौका न दिया जाना जैसे मुद्दों पर विपक्षी कुनबा एकमत है। लेकिन नेता, सीटों का बंटवारा और न्यूनतम साझा कार्यक्रम जैसे मुद्दे अभी सुलझाये जाने बाकी हैं।

बैठक में एक स्वर से कहा गया कि 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को जीत की हैट्रिक बनाने से रोकना जरूरी है। इसके अलावा सभी दल ज्यादा से ज्यादा सीट भी जीतना चाहते हैं, ताकि आगे सरकार बनने पर उनका प्रभाव सबसे ज्यादा रहे। लेकिन 'एक सीट-एक उम्मीदवार' का सबसे बड़ा मुद्दा इस बैठक के एजेंडे से पूरी तरह गायब रहा। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने साफ किया कि उनकी पार्टी न गठबंधन का नेता पद चाहती है और न उसे पीएम पद की महत्वाकांक्षा है, लेकिन कांग्रेस के भीतर उनका यह 'बलिदानी बयान' कितना स्वीकार्य होगा, यह अभी नहीं कहा जा सकता है। बैठक में शामिल नेताओं ने माना कि विपक्षी एकता के रास्ते में सबसे ज्यादा परेशानी पश्चिम बंगाल, दिल्ली, पंजाब, बिहार, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में है। इन राज्यों में लोकसभा की करीब 220 सीटें हैं, यानी देश की कुल सीटों में सबसे बड़ी शेयरिंग इन पांच राज्यों की है। यदि इन सभी सीटों पर हिस्सेदारी का मुद्दा सुलझा लिया गया, तो फिर आगे का रास्ता सुगम हो सकता है। लेकिन बेंगलुरु में इस पर चर्चा नहीं होना साबित करता है कि विपक्षी दलों को अभी बहुत लंबा सफर तय करना है। बैठक में सभी दलों ने मिलकर चुनाव लड़ने के लिए एक ऐसा न्यूनतम साझा कार्यक्रम तय करने की बात की, जिस पर सभी दल सहमत हों। हालांकि इसमें भी सवाल उठ रहा है कि यह न्यूनतम साझा कार्यक्रम कैसे तय होगा, क्योंकि इसे तय करने के लिए कई दलों को उन नीतियों से समझौता करना पड़ सकता है, जिनके आधार पर वे राज्य की राजनीति में एक-दूसरे का विरोध करते हैं। इसका सबसे सशक्त उदाहरण पचिम बंगाल में कांग्रेस, वामपंथी दलों और तृणमूल कांग्रेस का रिश्ता है। बैठक में इस मुद्दे को भी टाल दिया गया।

विपक्षी दलों ने अगला आम चुनाव 'इंडिया' बनाम 'एनडीए' होने की बात तो कही, लेकिन अपने नेता के नाम पर एकमत नहीं हो सके। सिर्फ पीएम का ही नहीं, गठबंधन के नेता का नाम भी बेंगलुरु में तय नहीं हो पाया, जिसका सीधा मतलब यही निकाला जा सकता है कि विपक्षी दलों का एक ही उद्देश्य है और वह है किसी भी तरह भाजपा को सत्ता में आने से रोकना। जानकारों की मानें, तो गठबंधन की यह राजनीति भारत को 1977-1999 के उस दौर में ले जा सकती है, जब राजनीतिक अनिश्चितताओं के भंवर में फंस कर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की नाव डगमगाने लगी थी।

---

### सीबीआइ के लोक अभियोजक ने कहा-

## तारा शाहदेव को धोखे में रख कर की गयी शादी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** रांची सीबीआइ कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में मंगलवार को तारा शाहदेव से जुड़े केस की सुनवाई हुई। इस दौरान सीबीआइ की ओर से बहस की गयी। सीबीआइ के वरीय लोक अभियोजक ने कोर्ट को बताया कि तारा शाहदेव को धोखे में रख कर शादी की गयी।

कहा गया कि शादी के बाद निकाह पढ़ा कर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव डाला गया। इतना ही नहीं, इस केस के दूसरे अभियुक्त मुश्ताक अहमद ने तारा को शारीरिक संबंध बनाने के लिए प्रताड़ित भी किया। सीबीआइ की बहस के बाद अब अगली सुनवाई के लिए 20 जुलाई की तिथि निर्धारित की गयी है।

रंजीत कोहली उर्फ रकीबुल के साथ हाइकोर्ट के पूर्व रजिस्ट्रार (विजिलेंस) बर्खास्त मुश्ताक अहमद और कोहली की मां कौशल रानी ट्रायल फेस कर रही हैं। आरोपितों के खिलाफ कोर्ट ने 2 जुलाई, 2018 को आरोप गठित किया था। सीबीआइ ने इस केस को वर्ष 2015 में टेक ओवर किया था।

## झारखंड में शत-प्रतिशत वोटिंग का लक्ष्य, तैयारियों में जुटा चुनाव आयोग

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की ओर से आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारियों को प्रशिक्षित कर अर्बन क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के तौर तरीके बताये जा रहे हैं। झारखंड शिक्षा परियोजना कार्यालय सभागार में तीन दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के जरिये चुनाव आयोग राज्यभर में 800 मास्टर ट्रेनर तैयार कर रहा है, जो जिला स्तर पर अधीनस्थ कर्मियों को प्रशिक्षित कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने की कोशिश करेंगे।

लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान झारखंड की सभी 14 सीटों पर शत प्रतिशत मतदान कराने का लक्ष्य मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने तय किया है। इसके लिए वैसे शहरों और उसमें पड़ने



वाले मतदान केंद्रों को चिह्नित किया गया है, जहां पिछले चुनावों में मतदान का प्रतिशत काफी कम रहा है। आंकड़ों के मुताबिक झारखंड में मतदान औसतन 66 फीसदी होते रहे हैं, जबकि पश्चिम बंगाल में इसका प्रतिशत 80 तक पहुंच चुका है। ऐसे में झारखंड के लिए यह एक बड़ी चुनौती है कि चुनाव के दरम्यान मतदान प्रतिशत किस तरह से बढ़ाया जाये। छत्तीसगढ़ से आये दो विशेषज्ञ झारखंड के 800 ऐसे पदाधिकारियों को मास्टर ट्रेनर के रूप में तैयार करने में जुटे हैं।

आमतौर पर यह कहा जाता है कि पढ़े-लिखे और शहरी क्षेत्र के मतदाता मतदान के प्रति जागरूक होते हैं, लेकिन इसके ठीक विपरीत झारखंड की राजधानी रांची सहित राज्य के सभी प्रमुख शहरों में पिछले चुनाव में मतदान का प्रतिशत काफी कम रहा है। आंकड़ों के मुताबिक रांची, जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो जैसे शहर में मतदान के दिन पॉश इलाकों के पढ़े-लिखे और शिक्षित लोग मतदान करने नहीं पहुंचते। ऐसे में इन शहरों में मतदान का प्रतिशत 50 तक पहुंचना भी मुश्किल हो जाता है। चुनाव आयोग ने इन शहरों के ऐसे मतदान केंद्रों को चिह्नित करते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए व्यापक तैयारी की है। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि चुनाव आयोग के दिशा-निर्देश पर राज्यभर में विशेष कार्यक्रम चलाये जायेंगे, जिससे आगामी लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान हो सके।

## बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर एनआरआइ महिला के पास से गोली बरामद



**रांची।** रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर मंगलवार को एक एनआरआइ महिला यात्री के पास से गोली बरामद हुई। सीआइएसएफ ने इसकी जानकारी एयरपोर्ट थाना को दी है।

महिला से पूछताछ करने के बाद पुलिस ने उसका पासपोर्ट जब्त कर लिया। महिला के पास से बरामद 40 बोर की गोली को भी जब्त कर लिया गया है। एलिजाबेथ एल पीटर ने दिल्ली जानेवाली एयर एशिया की फ्लाइट में टिकट बुक कराया था। एयरपोर्ट थाना में एलिजाबेथ के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा में प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है।

## युवती का मिला शव, दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पश्चिमी सिंहभूम।** चिड़िया ओपी अंतर्गत मनोहरपुर अंकुआ गुवा मुख्य मार्ग के समीप मंगलवार सुबह मुख्य सड़क किनारे एक युवती का शव निर्वस्त्र हालत में मिला। घटना से क्षेत्र के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। शव देख कर दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जतायी गयी है। युवती के कपड़े शव के पास ही पड़े थे।

ग्रामीणों ने मंगलवार की सुबह शव को देखा और इसकी सूचना चिड़िया पुलिस को दी। युवती की पहचान मनोहरपुर प्रखंड अंतर्गत राइकड़ा पंचायत के तिरला गांव निवासी के रूप में हुई है। वह एस्पायर संस्था में काम करती थी। उसके परिजन दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जता रहे हैं। एस्पायर संस्था के अनुसार छोटानागरा थाना क्षेत्र अंतर्गत चुर्गी गांव स्थित स्कूल में संस्था ने

### सड़क किनारे युवती का शव निर्वस्त्र हालत में मिला

बच्चों के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया था। इसी कार्यक्रम में हिस्सा लेने युवती अन्य सहेलियों के साथ गयी थी। कार्यक्रम खत्म होने के बाद दोपहर में सभी स्कूल से निकल गये। इसके बाद से युवती लापता थी।

इधर, जब देर शाम तक युवती घर नहीं पहुंची, तब परिजन रातभर उसकी तलाश करते रहे, लेकिन कहीं से भी उसकी कोई खबर नहीं मिली। एस्पायर के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार की सुबह शव को सड़क किनारे देखा। सूचना पाकर युवती के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंचे। घटना को लेकर एस्पायर संस्था समेत आसपास के लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। फिलहाल पुलिस घटना की छानबीन कर रही है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.4 °c | 23.1 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.37 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.13 बजे | |



विपक्षी दलों की बैठक पर बाबूलाल मरांडी का कटाक्ष, कहा-

# जनता परिवार बचाओ मोर्चा की बैठक को नकार देगी

**कहा- सब जहर का घूंट पीकर अपने अस्तित्व को बचाने के लिए गोलबंद हो रहे**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को बेंगलुरु में हो रही विपक्षी दलों की बैठक पर कटाक्ष किया। उन्होंने विपक्षी बैठक को परिवार बचाओ मोर्चा की बैठक बताया। साथ ही कहा कि विपक्षी दलों के बीच ही आपसी संघर्ष है। इसके बाद भी सब जहर का घूंट पीकर अपने अस्तित्व को बचाने के लिए गोलबंद होने का प्रयास कर रहे हैं।

बाबूलाल ने कहा कि यूपी में अखिलेश यादव कांग्रेस से लड़ रहे हैं। केजरीवाल दिल्ली और पंजाब में कांग्रेस से लड़ रहे हैं। बिहार में कांग्रेस को खत्म करने की कोशिश में नीतीश-लालू लगे हैं। झारखंड में कांग्रेस पिछलग्गू बन कर रह गयी है। कांग्रेस के मंत्री कहते हैं कि मुख्यमंत्री कांग्रेस को खत्म करना चाहते हैं। बंगाल में ममता बनर्जी कांग्रेस को कोस रही हैं।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अपने-अपने परिवार की सल्तनत बचाने के लिए बड़े घरानों की बेटे-बेटियां बेंगलुरु में शिरकत कर रहे हैं। ये सारे के सारे खानदानी जनता द्वारा नकारे जा चुके हैं। राजनीति में दो निगेटिव मिल कर कभी पॉजिटिव नहीं बन सकते। उन्होंने उदाहरण दिया कि गांधी परिवार में सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी जैसे परिवारवादी लोग हैं।

इसी तरह मुलायम परिवार में अखिलेश यादव, लालू परिवार में तेजस्वी यादव, करुणानिधि परिवार में एमके स्टालिन, अजीत सिंह परिवार में जयंत चौधरी, सोरेन परिवार में हेमंत सोरेन, ठाकरे परिवार में उद्धव और आदित्य ठाकरे, पवार खानदान में शरद पवार, सुप्रिया सुले, अब्दुल्ला खानदान में फारूख अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला और मुफ्ती परिवार में महबूबा मुफ्ती जैसे परिवारवादी हैं।

## मुख्यमंत्री ने केरल के पूर्व मुख्यमंत्री ओमान चांडी के निधन पर दुःख जताया



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केरल के पूर्व मुख्यमंत्री ओमान चांडी के निधन पर दुःख जताया है। उन्होंने कहा कि देश ने आज एक प्रगतिशील और जन नेता खो दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवार को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे।

## पंचायती राज विभाग ने 15वें वित्त आयोग से 650 करोड़ आवंटन के लिए केंद्र को भेजा प्रस्ताव

रांची (आजाद सिपाही)। 15वें वित्त आयोग की पहली किस्त के लिए 650 करोड़ की अनुदान राशि प्रस्ताव तैयार कर पंचायती राज विभाग ने भारत सरकार को भेज दिया है। बताया जाता है कि सारी अर्हताएं पूरी करने के बाद ही यह प्रस्ताव भेजा गया है। झारखंड को 15वें वित्त आयोग से इस साल 1309 करोड़ रुपये प्राप्त होने हैं। पंचायती राज विभाग ने इससे संबंधित प्रस्ताव पहले भेजा था, लेकिन पूर्व की राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र इत्यादि नहीं होने की वजह से आवंटन लटका हुआ था। अब विभाग ने नये सिरे से प्रस्ताव तैयार करते हुए इसे स्वीकृति के लिए भेजा है। 15वें वित्त आयोग से झारखंड से त्रिस्तरीय ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों के लिए राशि आवंटित की जानी है। इस वित्तीय वर्ष के करीब साढ़े तीन माह बीत गये हैं, लेकिन अभी तक राशि नहीं मिलने से विकास प्रभावित है।


सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कम्पनी
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)

सूचना

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियो द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in / संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in) सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।



भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक-753006 (ओडिशा), भारत
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
Cuttack-753006, Odisha, India

विज्ञापन संख्या 19/जेआरएफ/वाईपी-1/2023-24

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में **"कृषि में अनुसंधान प्रोत्साहन: अनाज की नाइट्रोजन जरूरत को बढाने के लिए जैविकीय नाइट्रोजन स्थिरीकरण में सुधार के लिए आनुवंशिक संशोधन"** ईएपी-200 परियोजना के तहत एक **(01) जूनियर रिसर्च फेलो तथा एक (01) यंग प्रोफेशनल-1 के चयन के लिए** दिनांक 26.07.2023 को प्रत्यक्ष साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा । आवश्यक योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशि तथा अन्य शर्तो के बारे में जानकारी भाकृअनुप-एनआरआरआई की वेबसाइट www.icar-nrri.in पर उपलब्ध है ।

Walk-in-Interviews will be held on **26.07.2023** for selection of one **(01) Junior Research Fellow and one (01) Young Professional-I** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme **"Incentivizing research in agriculture: Genetic modifications to improve biological nitrogen fixation for augmenting nitrogen needs of rice"** (EAP-200). The details regarding essential / desirable qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website - https://icar-nrri.in.

प्रधान अन्वेषक/Principal Investigation


## रांची-हावड़ा वंदे भारत ट्रेन का टाइम टेबल जारी

**रांची से वंदे भारत सुबह 5:20 मिनट पर खुलेगी और दिन में 11:55 मिनट पर हावड़ा पहुंच जायेगी**

**हावड़ा से दोपहर 3:30 मिनट में खुलेगी और रात 10:10 मिनट पर रांची पहुंच जायेगी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची से पटना के लिए वंदे भारत ट्रेन की शुरूआत कुछ दिन पहले की गयी है। अब लोगों के लिए इस ट्रेन को लेकर एक और बड़ी खुशखबरी है। अब रांची से हावड़ा के लिए वंदे भारत ट्रेन बहुत जल्द चलने वाली है। इसकी समय सारिणी और रूट भी तय हो चुका है।

वंदे भारत ट्रेन रांची से हावड़ा शताब्दी एक्सप्रेस के रूट पर चलेगी। यह रांची से बोकारो, धनबाद और आसनसोल होते हुए हावड़ा जायेगी। पूर्व में रेलवे ने वंदे भारत के लिए जो समय तय किया था, उसके मुताबिक, हावड़ा से ट्रेन सुबह आठ बजे रवाना होनेवाली थी और धनबाद होते हुए ट्रेन के दोपहर 12.55 बजे रांची पहुंचने का समय निर्धारित था। वापसी में ट्रेन के दोपहर 3.20 बजे रांची से खुल कर रात 8.10 बजे हावड़ा पहुंचने का समय तय हुआ था।

रांची से वंदे भारत सुबह 5:20 मिनट पर खुलेगी और दिन में 11:55 मिनट पर हावड़ा पहुंच जायेगी। वहीं, हावड़ा से दोपहर 3:30 मिनट में खुलेगी और रात 10:10 मिनट पर रांची पहुंच जायेगी। यह ट्रेन रांची से हावड़ा के बीच 6 घंटे 35 मिनट में सफर पूरा करेगी। रांची से हावड़ा पहुंचने के बाद करीब साढ़े तीन घंटा के अंतराल पर इसी ट्रेन से वापसी होगी।

रेलवे अधिकारी का कहना है कि वंदे भारत ट्रेन खासकर व्यापारियों के लिए लाभदायक होगी, जो कोलकाता व्यवसाय के लिए जाते हैं। इमरजेंसी का काम कर उसी दिन हावड़ा से लौटा भी जा सकता है। वंदे भारत ट्रेन के जरिए रांची से हावड़ा का सफर महज छह घंटा 35 मिनट में पूरा होगा। हालांकि, किराये के संबंध में अभी विशेष जानकारी सामने नहीं आयी है। हालांकि, बताया जा रहा है कि अभी स्पेशल ट्रेन के रूप में किराया सामान्य किराये से 30 प्रतिशत ज्यादा था, लेकिन स्थायी होने से इस ट्रेन का किराया 30 प्रतिशत कम हो जायेगा। यह साप्ताहिक ट्रेन है।

## विधानसभा का मानसून सत्र 28 से, भाजपा ने कम कार्य दिवस होने पर उठाये सवाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र 28 जुलाई से 4 अगस्त तक चलेगा। सदन में बतौर मंत्री बेबी देवी पहली बार मौजूद रहेंगी। बेबी देवी हेमंत सरकार की दूसरी मंत्री हैं, जो निर्वाचन से पूर्व मंत्री बनी हैं। जगरनाथ महतो के निधन के बाद उनकी जगह मंत्री बनी बेबी देवी को उत्पाद मंत्री बनाया गया है।

मानसून सत्र के दौरान सरकार द्वारा सदन में कई विधेयक लाने की तैयारी की जा रही है। इसमें पिछले दिनों राजभवन से लौटाये गये कुछ विधेयक भी शामिल हैं। 28 जुलाई को सदन की कार्यवाही दिन के 11 बजे से शुरू होगी। पहले दिन की औपचारिकता पूरी होने के बाद सोमवार 31 जुलाई 11 बजे तक के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित रहेगी।

4 अगस्त तक चलने वाले झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान सदन में प्रश्नकाल से लेकर सरकार द्वारा अनुपूरक बजट, विनियोग विधेयक लाया जायेगा। दोनों ओर से बहस के बाद इसे सदन से पास कराने का प्रयास सरकार द्वारा किया जायेगा। पंचम विधानसभा का कार्यकाल समापन की ओर बढ़ चला है, इसलिए इस बार के मानसून सत्र को अहम माना जा रहा है।

सदन की कार्यवाही शांतिपूर्ण रूप से संचालित करने की तैयारी में जुटे स्पीकर रवींद्रनाथ महतो इस सत्र को ऐतिहासिक बता रहे हैं। उनका मानना है कि पंचम विधानसभा का यह कार्यकाल चूंकि अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ चला है, इसलिए सभी सदस्य अपने-अपने क्षेत्र की समस्या सदन में रख कर सदन के एक-एक पल का सदुपयोग करेंगे।

संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक छह महीने के अंदर सदन को आहूत करना आवश्यक है। इस वजह से सामान्य तौर पर विधानसभा का बजट सत्र, मानसून सत्र और शीतकालीन सत्र के रूप में बुलाया जाता है। आम तौर पर बजट सत्र को छोड़ कर मानसून और शीतकालीन सत्र कम दिनों का बुलाया जाता है। इसके कारण सदन में सभी विधायक अपने सवाल नहीं रख पाते हैं।

इस बार भी सदन की कार्यवाही महज पांच कार्यदिवस का होगी, जिसमें सभी विधायकों के द्वारा प्रश्न रखना मुश्किल है। भाजपा विधायक सीपी सिंह ने सवाल खड़ा करते हुए कहा है कि सरकार चाहती ही नहीं है कि सदन में विधायक सवाल रखें। इतने कम दिनों के इस मानसून सत्र में 82 विधायक कैसे सवाल रख पायेंगे। पंचम विधानसभा में अब तक बगैर नेता प्रतिपक्ष के सदन चलता रहा है। ऐसे में हर बार सदन शुरू होने से पहले यह चर्चा होने लगती है कि झारखंड विधानसभा का यह कार्यकाल क्या बगैर नेता प्रतिपक्ष का ही समाप्त हो जायेगा। इन सबके बीच बाबूलाल मरांडी के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद नेता प्रतिपक्ष को लेकर एक नये सिरे से भाजपा के दूसरे बड़े नेताओं को जिम्मेदारी मिलने की चर्चा शुरू हो गयी है।

## विष्णु अग्रवाल को फिर जारी किया समन, 26 को होगी पूछताछ

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल को इडी ने मंगलवार को फिर से समन जारी किया है। इडी ने विष्णु अग्रवाल को 26 जुलाई को पूछताछ के लिए इडी कार्यालय बुलाया है। बता दें कि इससे पूर्व इडी ने सोमवार को भी पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन किसी कारणवश वह नहीं पहुंच सके थे। इसके बाद ही इडी ने मंगलवार को नया समन जारी किया है।

बता दें कि इडी विष्णु अग्रवाल से रांची में हुए विभिन्न जमीन घोटाले मामले के अलावा पूर्व डीसी छवि रंजन से उनके रिश्ते समेत कई अन्य सवालों के जवाब पाने की तैयारी में है। सेना की जमीन घोटाला मामले में अब तक इडी एक आइएएस छवि रंजन, राजस्व कर्मचारी और कई जमीन दलालों को सलाखों के पीछे भेज चुकी है। विष्णु अग्रवाल पर कई जमीन के कब्जे का आरोप है, जिसमें इडी कार्रवाई करने के मूड में है। विष्णु अग्रवाल पर चेशायर होम, बाजरा मौजा, कांके न्यूक्लियस मॉल की जमीन के साथ सेना की जमीन के कब्जे का आरोप है। इडी इससे जुड़े सवालों का जवाब तलाशने की कोशिश करेगी।


## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** महत्वपूर्ण काम पूरा होगा, आर्थिक समस्याओं का समाधान, व्यापार वृद्धि।

**वृष** संकल्पित काम पूरे होंगे, भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी, उद्योग-धंधे में सफलता.

**मिथुन** रुके हुए काम पूरे होंगे, आर्थिक स्थिति सुदृढ़, निर्माण कार्य में प्रगति।

**कर्क** नये लोगों से संपर्क, शुभ समाचार मिलेगा। सुख सम्मान की रक्षा होगी।

**सिंह** सामयिक-सामाजिक विकास, शत्रुओं पर विजय मिलेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा

**कन्या** धनागम के अवसर बढ़ेंगे, अवसरों का फायदा उठावें, सगे-संबंधियों का आवागमन बना रहेगा

**तुला** कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, नये वाहन खरीदने का संयोग बनेगा।

**वृश्चिक** नवीन व्यापारिक योजना सफल, आर्थिक लाभ होगा। धार्मिक कार्य में रुचि।

**धनु** निराशा दूर होगी, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास, प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मिलन होगा।

**मकर** थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे, वाहन सुख, संतान की उन्नति से उत्साह में वृद्धि होगी

**कुंभ** अव्यवस्थित दिनचर्या, किसी प्रकार की कोई नवीन समस्या आ सकती है।

**मीन** घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा, दुष्ट लोगों की संगति कलहकारी सिद्ध होगी।


## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मनोज पुनमिया की याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित मनोज कुमार बाबूलाल पुनमिया की इडी कोर्ट में व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट संबंधी क्रिमिनल रिवीजन की सुनवाई हुई। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गयी। मामले में कोर्ट ने सला सुरक्षित रख लिया। इडी की ओर से अधिवक्ता एके दास ने पैरवी की।

मनोज पुनमिया की ओर से इडी की विशेष अदालत में व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट का आग्रह कोर्ट से किया गया है। उन्होंने अधिवक्ता के माध्यम से इडी कोर्ट में उपस्थिति सुनिश्चित कराने का आग्रह हाइकोर्ट से किया था। इडी कोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद उन्होंने हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की है।

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मधु कोड़ा के अलावे अरविंद व्यास, मनोज कुमार बाबूलाल पुनमिया, अनिल बस्तावडे, विनोद सिन्हा, विकास सिन्हा आदि सात आरोपितों के खिलाफ इडी ने ईसीआईआर 2/2009 दर्ज कराया था। मधु कोड़ा औरअन्य पर करीब 3600 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। फिलहाल इस मामले में इडी कोर्ट में गवाही चल रही है।

सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना : बेटियां बन रहीं सशक्त

# सात लाख से अधिक बेटियों के चेहरे पर बिखरी मुस्कान







आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार की सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना बेटियों के चेहरे पर मुस्कान बिखेर रही है। योजना को लेकर संवेदनशील मुख्यमंत्री के निर्देश पर वित्तीय वर्ष 2022-23 में 07 लाख 29 हजार 632 किशोरियों को योजना से आच्छादित करने में सफलता मिली है। इनमें आठवीं से 12वीं तक की 691770 और 18 से 19 वर्ष की 37862 किशोरियां शामिल हैं। किशोरियों को योजना के तहत 405.7 करोड़ से अधिक की राशि का भुगतान किया गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में नौ लाख बेटियों को योजना से जोड़ा जाना है।

### सबसे अधिक गिरिडीह की बेटियां

योजना से सर्वाधिक गिरिडीह की 59024 किशोरियां जुड़ी हैं। इसके बाद रांची की 50954, पलामू की 50814, बोकारो की 41650, पूर्वी सिंहभूम की 41468, हजारीबाग की 40130 और धनबाद की 36870 किशोरियां योजना का लाभ लेने में आगे रहीं।

### जिला स्तर पर चल रहा अभियान

राज्य की नौ लाख बेटियों को योजना से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर अभियान चलाया जा रहा है, ताकि सभी किशोरियों को योजना का लाभ मिल सके। इसके लिए किशोरियों को जरूरी प्रमाण पत्र निर्गत कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री का स्पष्ट निर्देश है कि योजना के दायरे में आने वाली सभी पात्र बेटियों को योजना से जोड़ा जाये।


सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के जरिए राज्य सरकार बालिका शिक्षा पर जोर दे रही है, ताकि आर्थिक तंगी की वजह से उनकी पढ़ाई ना छूटे। बेटियां शिक्षित होंगी तो बाल विवाह प्रथा पर विराम लगेगा और बेटियां अपने जीवन के संबंध में स्वतंत्र निर्णय लेने में सक्षम भी होंगी।

### इन किशोरियों को मिल रहा लाभ

**राज्य सरकार योजना के तहत किशोरियों को शिक्षा से जोड़ते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास में कर रही है। योजना के तहत आठवीं और नौवीं कक्षा में पढ़ने वाली किशोरियों को 2500-2500 रुपये दे रही है। इसके अतिरिक्त 10वीं, 11वीं और 12वीं की किशोरियों को 5000-5000 हजार रुपये की राशि मिल रही है। 18 से 19 आयु की बेटियों को एकमुश्त 20 हजार रुपये देने का प्रावधान है। इस तरह किशोरियों को पढ़ाई के क्रम में कुल 40 हजार रुपये मिल रहा है।**

## वीरेंद्र राम की पत्नी और पिता को अग्रिम जमानत मिलेगी या नहीं, 22 जुलाई को आयेगा फैसला

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की पत्नी और पिता की अग्रिम जमानत पर रांची सिविल कोर्ट में सुनवाई पूरी हो गयी है। दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने अग्रिम जमानत पर फैसला सुनाने के लिए 22 जुलाई की तारीख मुकर्रर की है। वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम और पत्नी राजकुमारी देवी की याचिका पर सुनवाई के दौरान उनके अधिवक्ता ने अग्रिम जमानत की सुविधा प्रदान करने का आग्रह किया, जिसका इडी की ओर से उपस्थित विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार उर्फ काका ने पुरजोर विरोध किया।

बता दें कि इडी ने 22 फरवरी को आय से अधिक संपत्ति मामले में इंजीनियर वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। इससे एक दिन पहले 21 फरवरी को इडी ने पूर्व चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के 24 ठिकानों पर छापेमारी थी। छापेमारी के दौरान इडी ने लगभग डेढ़ करोड़ के जेवरात सहित देश के कई शहरों में करोड़ों के निवेश से जुड़े दस्तावेज बरामद किये थे। इसी केस में इडी वीरेंद्र राम के रिश्तेदार आलोक रंजन को भी गिरफ्तार कर चुकी है।


दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

**निविदा सूचना संख्या: डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-61-2023, दिनांक: 18.07.2023।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक/अभियांत्रिकी/रांची, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834003 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **सूचना संख्या: डीआरएम ईएनजीजीआरएनसी-61-2023। कार्य का नाम:** रांची मंडल में किमी. 423/18-423/30, 423/1-423/31, 427/13-427/33, 428/3-428/15 तथा 427/8-427/12 पर 1839 मीटर लम्बी चारदीवारी सहित ट्रैक/अप्रोच (आस-पास) स्टेशन के समानांतर चारदीवारी/कम्पाउंड वाल का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** ₹ 3,75,94,092.83। **बयाना राशि:** ₹ 3,38,000। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 07.08.2023 को अपराह्न 3:00 बजे। ऑनलाइन निविदा के लिए निविदादाता वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं। (PR-416)



पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

विविध वैद्युतिक कार्य हेतू
विद्युत/क.वि. विभाग के लिये खुली निविदायें

मंडल रेल प्रबंधक/विद्युत/पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

**ई-निविदा संख्या: TRD/OT/03/NUQ/TSS/2023-24**

**1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि:** Up-gradation of Nagaruntari/TSS by providing healthy spare (21.6/30.24 MVA) 2nd Power Transformer. (कार्य समापन की अवधि – (12) बारह माह) **2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि:** रुपया 84,26,341.28 (निविदा प्रपत्र का मूल्य – शून्य) **3. बीड सिक्यूरिटि:** 1,68,600.00 **4. ई-निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय:** ई-निविदा बंद होने की तिथि 08.08.2023 को 11:00 बजे, ई-निविदा खुलने की तिथि 08.08.2023 को 11:30 बजे **5. वेबसाइट का विवरण:** वेबसाइट: www.ireps.gov.in ई-निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

कृते मंडल रेल प्रबंधक/क.वि.
पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद

पीआर/00751/डीएचएन/ईटीआरडी/टी/23-24/32

# डीएसपी गोलीकांड में जितने मुंह उतनी बातें

## उठ रहे सवाल : आखिर पुलिस ने जबावी फायरिंग क्यों नहीं की

वीरू कुमार

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** क्या एटीएस के हाथ खाली थे। जबावी हमले में पुलिस क्यों बैकफु ट पर आ गयी। क्या एटीएस डीएसपी को गोली लगने के बाद पूरी टीम धराशायी हो गयी। अपराधियों में इतनी हिम्मत कहां से आयी। उसे बैकअप कौन दे रहा था। ऐसे कई सवाल हैं, जो रामगढ़ सहित पतरातू वासियों के जेहन में कौंध रहे है। घटनास्थल पर मंगलवार को मीडिया से लेकर आमजन के साथ पुलिस के जवान और अधिकारी डटे रहे। सबकी जुबान पर बस एक ही चर्चा आखिर- अपराधियों के मनोबल को सातवें आसमान पर किसने पहुंचाया। घटना का जिम्मेवार कौन है। सब कुछ का फीडबैक सटीक-सही था, तो चूक कहां हुई और पुलिस शिकार करने के बजाय खुद शिकार कैसे बनी।

### चाय पीने के लिए पहुंचे चार संदिग्ध कौन थे!

इधर पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना के एक घंटा पहले चार संदिग्ध घटनास्थल के निकट एक होटल में पहुंचे। दुकानदार से चाय बनाने की बात कही। दुकानदार ने चाय नहीं बनाने की बात कही, जिसके बाद चारों से वहां से चले गये। बताया कि चारों की गतिविधियां संदिग्ध थीं। सभी कद काठी से मजबूत दिख रहे थे।

### वाहन से उतरते ही अपराधियों ने दागी गोलियां

एटीएस डीएसपी नीरज कुमार और दारोगा वाहन से उतरे, कुछ दूर गये ही थे किअपराधियों ने फायरिंग कर दी। पुलिस कुछ समझती, डीएसपी को गोली लग चुकी थी। गोली लगने के बाद अपराधी अंधेरे का फायदा उठा कर भाग गये। लेकिन पुलिस को ओर से एक भी फायर होना चर्चा का विषय बना हुआ है।

### कई टुकड़ों में बंट कर पुलिस कर रही है छापमारी

इधर पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिस अपराधी ने एटीएस के डीएसपी पर गोली चलायी है, वह पुलिस को खूब घुमा रहा है। उसका लोकेशन नेटवर्क और मोबाइल स्विच ऑफ करने के कारण पुलिस रास्ते में भटक जा रही है। हालांकि पुलिस बॉबी साव के करीब पहुंच गयी है। उसका पहला लोकेशन खूंटी का मिला है, जहां पहुंचने में पुलिस को कुछ समय लग गया। बाद में उसका लोकेशन गुमला बताने लगा सूत्रों ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ मोटरसाइकिल से भाग रहा है। हालांकि पुलिस भी उसी के पीछे चल रही है। पकड़ने के लिए पुलिस की कई टीम काम कर रही है।

### रामगढ़ एसपी पूरे मामले पर हैं गंभीर, रख रहे नजर

इधर रामगढ़ एसपी पीयूष पांडेय घटना के बाद से ही काफी गंभीर दिख रहे हैं। घटना के बाद वह रात में ही टनास्थल पहुंचे और अधिकारियों को अपराधियों को पकड़ने के लिए निर्देश दिये। मंगलवार को भी छापामारी में लगी टीमकी लगातार मॉनिटरिंग कर रहे थे।


भाकृअनुप- राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक-753006, ओड़िशा, भारत
ICAR- NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK-753 006, (ODISHA), INDIA

विज्ञापन संख्या 14/जीए/2023-24

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में ''**धान की फसल में लगने वाले प्रमुख कीटों के विरुद्ध क्लोरेंट्रानिलिप्रोल 0.6%+ थियामेथोक्साम 1.25%+ फिप्रोनिल 1.25% जीआर (टीएएस 0211) की जैव प्रभावकारिता और पादप आविषालुता का मूल्यांकन**'' ईएपी-386 परियोजना के तहत **एक (01) ग्रेजुएट असिसटेंट (जीए)** के लिए प्रत्यक्ष साक्षात्कार **दिनांक 27.07.2023** को आयोजित किया जाएगा। आवश्यक योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशि आदि तथा अन्य शर्तें के बारे में जानकारी भाकृअनुप - एनआरआरआई की वेबसाइट **https://icar-nrri.in** पर उपलब्ध हैं।

Walk-in-interview will be held on **27.07.2023** for selection of **one (01) Graduate Assistant (GA)** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme **"Evaluation of bio efficacy and phytotoxicity of Chlorantraniliprole 0.6% + Thiamethoxam 1.25% + Fipronil 1.25% GR (TAS0211) against major insect pests of paddy" (EAP-386)**. The details regarding essential qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI **website https://icar-nrri.in**.

प्रधान अन्वेषक / PRINCIPAL INVESTIGATOR


## दो पक्षों में हुई मारपीट, दो युवकों की जान गयी



**हंटरगंज / चतरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के मीरपुर पंचायत अंतर्गत आमीन गांव में बीते रविवार को दो 2 डिसमिल जमीन के लिए दो पक्षों में हुई मारपीट में दो होनहार युवको की जान चली गई। मृतकों में घटना के दिन एक पक्ष से एसएसबी के जवान शिवकुमार यादव (37) पिता स्वर्गीय द्वारिक यादव तथा दूसरे पक्ष के घायल संतोष प्रजापति(34) पिता ईश्वर प्रजापति है। संतोष की मौत गया मगध मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मंगलवार को हो गया। घटना का कारण 2 डिसमिल जमीन बताया जा रहा है। गांव वालों की पंचायत नहीं मानने के कारण दोनों पक्षों को अपनी जान गंवानी पड़ी। जानकारी के अनुसार यह जमीन गैरमजरूआ खाते की है। जो दोनों पक्ष अपने अपने कबजे में किए हुए हैं। सामने से दोनो लोग जमीन बराबर-बराबर रखे हुए हैं। वही पीछे का भाग मृतक शिवकुमार यादव के सामने की जमीन मृतक संतोष प्रजापति का कब्जा है। शिव कुमार यादव इसी दो डीसमील जमीन को अपने सामने रहने के कारण उस पर कब्जा करना चाहता था। जबकि उसी जमीन को संतोष भी कब्जा करना चाहता था। इसी को लेकर चार-पांच माह से दोनों के बीच विवाद चल रहा था। मामले को लेकर पंचायत भी हुई थी। लेकिन दोनों पक्ष पंचायत की बात मानने से इंकार कर गए थें। यह मामला अंचल कार्यालय से लेकर थाना तक पहुंचा, लेकिन मामला सुलझने के बजाय बिगड़ते चला गया। जिसमें दोनों परिवारों को जान की कुबार्नी देनी पड़ी।

## उप विकास आयुक्त ने सुनी आमजनों की समस्या



**चतरा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता द्वारा जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आये आमजनों की समस्याएं सुनी गयी। उक्त जनता दरबार में मुख्य रूप से पेंशन संबंधित, प्रधानमंत्री आवास संबंधित, भूमि संबंधित, राशन कार्ड संबंधित मामले समेत अन्य मामले शामिल थे। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार/शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

## पेज एक का शेष

### विपक्षी गठबंधन का नाम...

**केंद्र ने हर सेक्टर को बर्बाद किया:** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि 9 साल में केंद्र सरकार ने हर सेक्टर को बर्बाद कर दिया है। इन्होंने एयरपोर्ट, जहाज, आसमान, धरती, पाताल सब बेच दिया। इनकी सरकार से किसान, व्यापारी हर वर्ग दुखी है। देश में जिस तरह नफरत फैलाई जा रही है, उससे देश को बचाने के लिए हम इकट्ठा हुए हैं।

**देश हमारा परिवार है, बचाने आये :** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे बॉलीवुड अंदाज में बोले। उन्होंने कहा कि हम देश को बचाने आये हैं कि मैं हूं ना। देश हमारा परिवार है। हम अपने परिवार को बचाने एकत्र हुए हैं।

**देश की आवाज को दबाया जा रहा :** राहुल गांधी ने कहा कि आज देश की आवाज को दबाया जा रहा है। इंडिया नाम इसीलिए चुना गया, क्योंकि लड़ाई एनडी और इंडिया के बीच है, मोदी और इंडिया के बीच में है। आपको पता है कि जब कोई इंडिया के खिलाफ खड़ा होता है तो जीत किसकी होगी। उन्होंने कहा कि भारत के विचार पर हमला हो रहा है, ये हमला भाजपा कर रही है। बेरोजगारी बढ़ रही है, अरबपतियों का फायदा हो रहा है, जो मोदी के करीबी हैं।

**सोनिया-राहुल की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग :** उधर, विपक्ष की बैठक के बाद बेंगलुरु से दिल्ली लौटने के क्रम में सोनिया गांधी और राहुल गांधी की फ्लाइट की भोपाल के राजा भोज एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग हुई। विमान में तकनीकी खराबी आयी थी। राहुल गांधी के निजी स्टाफ से ने इसकी पुष्टि की है। राहुल और सोनिया के एयरपोर्ट पहुंचने की जानकारी मिलने के बाद भोपाल के कांग्रेस के नेता एयरपोर्ट पहुंचे।

### हमने विदेशी ताकतों से मदद...

उन्होंने कहा कि 1988 में एनडीए का गठन हुआ था, लेकिन सिर्फ सरकारें बनाना और सत्ता हासिल करना का लक्ष्य नहीं था। एनडीए किसी के विरोध में नहीं बना था। एनडीए किसी को सत्ता से हटाने के लिए नहीं बना था। एनडीए का गठन देश में स्थिरता लाने के लिए हुआ था। हमारे देश में राजनीतिक गठबंधनों की एक लंबी परंपरा रही है, लेकिन जो भी गठबंधन नकारात्मकता के साथ बने वह कभी भी सफल नहीं हो पाये। कांग्रेस ने 90 के दशक में देश में अस्थिरता लाने के लिए गठबंधनों का इस्तेमाल किया। कांग्रेस ने सरकारें बनायीं और सरकारें बिगाड़ीं। उन्होंने कहा कि राजनीति में प्रतिस्पर्धा हो सकती है, लेकिन शत्रुता नहीं होती। आज विपक्ष ने अपनी एक ही पहचान बना ली है। हमें गाली देना। हमें नीचा दिखाना। बावजूद इसके हमने देश को दलों के हित से उपर रखा है। यह एनडीए सरकार ही है जिसने प्रणव मुखर्जी को भारत रत्न दिया। हमने मुलायम सिंह यादव, शरद पवार, गुलाम नबी आजाद जैसे अनेक नेताओं को पद्म सम्मान दिया।

**केंद्र की योजनाएं लागू नहीं होने देती :** मोदी ने कहा कि आज हम देखते हैं कि केंद्र की योजनाओं को विपक्ष की कई सरकारें अपने यहां लागू नहीं होने देती। ये योजनाएं लागू होती हैं, तो उन्हें रफ्तार नहीं पकड़ने देते। वो सोचते हैं कि अगर मोदी की योजना का लाभ गरीबों को मिला तो उनकी राजनीति कैसे चलेगी। केंद्र की योजनाओं के लिए मुझे कई बार विपक्षी नेताओं को चिट्ठियां लिखनी पड़ती हैं, लेकिन यह अपनी राजनीति के लिए लोगों के बारे में नहीं सोचते।

**हम मेक इन इंडिया पर भी बल दे रहे हैं :** प्रधानमंत्री ने कहा कि हम केवल आज की जरूरतों के लिए काम नहीं कर रहे हैं। आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को भी सुरक्षित बना रहे हैं। विकास भी कर रहे हैं और विरासत को भी सहेज रहे हैं। हम मेक इन इंडिया पर भी बल दे रहे हैं और पर्यावरण की रक्षा भी कर रहे हैं। हमारी नीयत साफ है। नीति स्पष्ट है और निर्णय ठोस हैं।

# राष्ट्रपति ने चतरा को दिया भूमि सम्मान

## डीसी अबु इमरान ने ग्रहण किया प्लैटिनम ग्रेडिंग प्रमाणपत्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** विज्ञान भवन, नई दिल्ली में भूमि संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम 'भूमि सम्मान में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा चतरा जिला के उपायुक्त अबु इमरान को प्लैटिनम ग्रेडिंग प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

यह सम्मान भूमि संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम योजनान्तर्गत सभी घटकों में 99% से अधिक का कार्य पूर्ण करने की उपलब्धि हासिल करने वाले चयनित जिलों को दिया जाता है। उन उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलों में से चतरा जिला का भी चयन भूमि सम्मान 2023 से सम्मानित करने हेतु किया गया।

## खोपड़िया बाबा धर्मशाला निर्माण समिति की भुरकुंडा में हुई बैठक

# मांगों पर जल्द सकारात्मक पहल नहीं होने पर डीसी कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुरकुंडा।** भुरकुंडा बाजार स्थित इच्छा पुरण बाला श्री हनुमान मन्दिर सह खोपड़िया बाबा धर्मशाला निर्माण समिति की पुरानी कमेटी के सदस्यों की बैठक मंगलवार को समिति के उपाध्यक्ष सुखदेवराम के आवास पर हुई। इसकी अध्यक्षता संजय अग्रवाल व संचालन परमजीत सिंह धामी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से मंदिर रख-रखवा व निर्माण से संबंधित कई विवादों और प्रशासन के उदासीन रवैया को लेकर चर्चा की गई। ज्ञात हो की खोपड़िया बाबा धर्मशाला जीर्णोद्धार को लेकर बाजार में ही दो समितियों का निर्माण हो गया है। पुरानी समिति ने बताया की मंदिर से संबंधित करवाई के लिए लिखीत जानकारी भुरकुंडा ओपी प्रभारी, अंचल व जिला प्रसासन के आला अधिकारी को भी ज्ञापन के माध्यम से दिया गया है। अब दुसरे स्मार पत्र की छाया प्रति के साथ सम्पूर्ण पत्रों का छाया प्रति मुख्य मंत्री झारखण्ड सरकार को डाक के माध्यम से भेजी गई है। स्थानीय विधायक के आवासीय कार्यालय पतरातू जाकर भी अध्यक्ष व सचिव के द्वारा उन्हें छायाप्रति देकर सारी विवादों की जानकारी दी गई है। सभी विषयों पर चर्चा कर स्थानीय प्रशासन के रवैया पर समिति ने नाराजगी व्यक्त किया है। बैठक में प्रस्ताव पारित कर घोषणा की गई की एक सप्ताह के भीतर प्रसासन द्वारा हमारी मांग-पत्र और स्मार पत्र के आलोक में कार्रवाई नही कि जाती है तो आंदोलन का रूख अख्तियार किया जायेगा। जिसके प्रथम चरण में आगामी 31 जुलाई को उपायुक्त कार्यालय रामगढ़ के समक्ष एक दिवसीय धरणा के माध्यम से अपनी मांगों को रखा जायेगा। मौके परं संजय अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, परमजीत सिंह, उमेश सिंह, टीएन साहू, सुरेश उपाध्याय, रबिन्द्र कुमार, महेश्वर साहु, कृष्ण बंसल, अजय गोयल, राकेश चैधरी, अजय पाल, दिनेश कुमार, शिव कुमार गुप्ता, सुखदेव राम, मनोज साव, प्रमोद शर्मा, राजु अग्रवाल, अशोक शर्मा, राजेश कुमार, विजय बंसल आदि मौजूद थें।

## टीबी मुक्त भारत अभियान को लेकर कार्यशाला का आयोजन

# टीबी बीमारी को खत्म करने के लिए सभी की सहभागिता जरूरी: डॉ स्वराज

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** डीसी माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ स्वराज की अध्यक्षता में मांडू प्रखंड के सभागार में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ स्वराज ने कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायत के स्तर पर लोगों के साथ-साथ पंचायत के मुखिया, उप मुखिया और वार्ड सदस्यों आदि को भी टीबी के प्रति जागरूक करना है। साथ ही मुखिया, उप मुखिया, वार्ड सदस्यों और अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा टीबी मरीजों की सही समय पर पहचान करना और उनके इलाज के लिए उत्प्रेरक बनना भी इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि टीबी जैसी गंभीर बीमारी को खत्म करने के लिए सभी की सहभागिता आवश्यक है अतः आप सभी अपने स्तर पर लोगों को टीबी के प्रति जागरूक करें। साथ ही टीबी मरीजों के लिए सरकार द्वारा टीबी की मुफ्त जांच और दवा तथा पोषण पैकेट भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

**जनप्रतिनिधियों को प्रभारी चिकित्सक ने दी जानकारी:** कार्यशाला के दौरान मांडू के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नितेश कुमार ने सभी जनप्रतिनिधियों को जानकारी देते हुये बताया गया कि उनके क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति में टीबी के लक्षण दिखाई देने पर हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी और साहिया के सहयोग से स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने के लिए रेफरल सिल्प व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी।

**कार्यशाला में ये थे उपस्थित:** कार्यशाला में बीपीओ कामाख्या प्रसाद, मुखिया बुलबुल कुमारी, चमेली देवी, सरिता देवी, गुड़िया देवी, डीपीओ अजय नारायण दुबे, अर्पिता पारासर, इरशाद अहमद सहित अन्य उपस्थित थे।

## टंडवा सीएचसी में लागू हुआ ड्रेस कोड



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टंडवा में मंगलवार को चिकित्सा प्रभारी डॉ. मुकेश कुमार के पहल से कमांडो ऑफिस ने ड्रेस कोड दिया। जिसमें सभी सिक्योरिटी गार्ड और हाउसकीपिंग कों दो-दो सेट ड्रेस कोड दिया गया है। जिसमें चिकित्सा प्रभारी डॉ. मुकेश कुमार ने सभी सिक्योरिटी गार्ड और हाउसकीपिंग को निर्देश दिया गया की सभी लोग ड्रेस कोड में रहेंगे और रोस्टर के अनुसार नियमो का पालन करने का भी निर्देश दिया गया। इसमें सभी सिक्योरिटी गार्ड और हाउसकीपिंग को निर्देश दी गयी कि सभी लोग 4 दिनों के अंदर अपने-अपने ड्रेस कोड मे रहेंगे।

## जीएम ने विस्थापितों संग की बैठक



**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल सीएमडी बी वीरा रेड्डी का दौरा बाद सीसीएल कुजू प्रक्षेत्र के बंद पड़ी आरा कोलियरी को चालू करने के लिए सीसीएल प्रबंधन ने कार्यवाई प्रारंभ कर दी है। इस मामले को लेकर जीएम ने कुजू कार्यालय के सभागार में अधिकारियों ने डूमरबेड़ा के विस्थापितों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान कोलियरी को जल्द से जल्द चालू करने के लिए डूमरबेड़ा के विस्थापितों को पुनर्वास योजना के तहत मुरपा स्थित अधिग्रहित जमीन पर आवंटन करने की बात कही। इसको लेकर पुनर्वासित स्थल मुरपा की भूमि का समतलीकरण कर सड़क, नाली आदि का नक्शा तैयार कर विस्थापितों को भूमि आवंटित किया जायेगा। अधिकारियों ने जल्द पुनर्वासित करने व विस्थापितों को बकाया मुआवजा व नौकरी देने के लिए कागजी प्रक्रिया पूरी करने का आश्वासन दिया। कहा कि आरा कोलियरी के क्वायरी नंबर 2 को जल्द से जल्द प्रारंभ करने का प्रयास है। जिसमे डूमरबेड़ा के विस्थापितों का सहयोग भी जरूरी है। वार्ता में बीपी गुप्ता, गिरीशचंद्र, आरा पीओ ओपी सिंह, संतोष कुमार, तापस मुखर्जी, विस्थापित रैयत हाजी अफजल, मो.अल्लाउद्दीन, सोनाराम मांझी, हाजी वाहिद अंसारी, गुलाम रब्बानी, सहीम जाफरी, हैदर अली, रुस्तम अली, अली हसन, जगदीश मांझी, बहाराम मांझी, करमा मांझी, गोमीलाल मांझी, मो.शब्बीर, इकबाल हुसैन शामिल रहे।

## बरकाकाना एडीएमइ डीके भूषण का निधन



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** एडीएमइ बरकाकाना डी के भूषण का आकस्मिक निधन मुंबई के निजी अस्पताल में हो गया। वे लंबे समय से कैंसर से ग्रसित थे और मुंबई में इलाजरत थे। दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए वरीय अनुभाग अभियंता (समाडि)/ प्रभारी/ बरकाकाना कार्यालय परिसर में शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में उपस्थित डिपु सुपरवाइजर और रेलकर्मियों ने दो मिनट का मौन धारण कर एवम उनकी तस्वीर पर पुष्प चढ़ा कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा मे उपस्थित महेंद्र प्रसाद महतो ने कहा कि डी के भूषण बहुत ही सुलझे हुए विचारों के व्यक्ति थे एवम अपने मातहत कर्मचारियों के समस्याओं व परेशानियों को बड़े ही संवेदना के साथ सुलझाने का काम किया करते थे। वही इसीआरकेयू के केंद्रीय कोषाध्यक्ष सह एआइआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओ पी शर्मा ने अपने संदेश में कहा कि भूषण पूर्व में इसीआरकेयू से जुड़े रहकर रेलकर्मियों की समस्याओं के समाधान के प्रति काफी सक्रिय रहे थे और अधिकारी बनने के बाद भी रेलकर्मियों के प्रति उनका लगाव बना रहा था। वे सभी के बीच काफी सम्मानित और लोकप्रिय अधिकारी थे। मौके पर शकील अहमद, नेयाज अहमद, एल बी सिंह, सुष्मित किसलय, सीएस दुबे, रोहित महतो, डी के श्रीवास्तव, डी के प्रजापति, रीना बारला, फुलो देवी, लाली कुमारी, संगीता, लक्ष्मी, प्रियंका, सुनीता, देवजानी इत्यादि उपस्थित रहे।

## श्रमिकों के बकाया वेतन भुगतान को लेकर भाजपा प्रतिनिधिमंडल मिला सेल प्रबंधन से



**कुजू (आजाद सिपाही)।** रांची रोड स्थित सेल रिफेक्ट्रीज यूनिट (बीआरएल) के महाप्रबंधक और उप महाप्रबंधक से भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात किया। साथ ही, प्रतिनिधिमंडल सदस्यों ने ठेका श्रमिकों के बकाया दो माह के वेतन जल्द भुगतान करने समेत क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि मजदूरों से काम लेकर समय पर वेतन भुगतान नही किया जाना घोर अन्याय है। ऐसे में प्रबंधन को अपने स्तर से कार्यरत ठेकेदार पर दबाव बनाकर ससमय वेतन का भुगतान कराया जाय। लेकिन गत दो माह का ठेका श्रमिकों के वेतन नहीं मिलने से काफी परेशानी हो रही है। श्रमिकों का मजदूरी ही एक मात्र जीविकोपार्जन साधन है। जिसकी बदौलत सभी श्रमिक घरेलू कामकाज से लेकर बच्चों की शिक्षा पूरी करते है। मौके पर महाप्रबंधक अनु बिंदा मोहंती व उप महाप्रबंधक आनंद कुमार सिन्हा ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुये कहा कि प्रबंधन श्रमिकों के बकाया वेतन भुगतान को लेकर गंभीर है। इस मामले में उच्च अधिकारियों से बात भी हो रही है। उम्मीद है कि जल्द ही ठेका श्रमिकों का बकाया वेतन भुगतान करा दिया जायेगा। मुलाकात करने वालों में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, जिला उपाध्यक्ष अखिलेश प्रसाद साहू, नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी, उपाध्यक्ष संजय शाह, सुबोध प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, मधु साव, विजय कुमार समेत ठेका श्रमिक मजदूर शामिल रहे।

# कितनी गंभीर है विपक्षी एकता

तमाम कशमकश और अनिश्चितताओं के बीच भी विपक्षी दलों की बैठक तय समय पर हो रही है, यही विपक्षी एकता की उम्मीद लगाये बैठे लोगों को कम से कम इस राउंड में आश्वस्त करने के लिए काफी है। 2024 के लोकसभा चुनावों के मद्देनजर विपक्षी दलों की एकता सुनिश्चित करने के मकसद से बुलायी गयी यह दूसरी बैठक है। पहली बैठक पटना में हुई थी, जिसके बाद विपक्षी दलों को जोड़ने की कोशिश में अहम भूमिका निभा रहे दिग्गज नेता शरद पवार की पार्टी दो फाड़ हो गयी। उस पार्टी के लगभग सभी बड़े नेता महाराष्ट्र के सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा बन गये। इनमें प्रफुल्ल पटेल जैसे नेता भी हैं, जो न केवल शरद पवार के सबसे करीबी लोगों में गिने जाते रहे हैं, बल्कि विपक्षी दलों की पटना बैठक में भी शामिल हुए थे। निश्चित रूप से यह घटना विपक्षी एकता की प्रक्रिया के लिए बहुत बड़ा झटका थी। उसके बाद यह चर्चा भी तेज हो गयी कि अब बिहार में नीतीश कुमार या लालू प्रसाद की पार्टी में भी ऐसी ही फूट पड़ने वाली है। जाहिर है, विपक्षी दलों को सबसे पहले तो इस तरह की किसी भी संभावित फूट को रोकना था। फिर यह भी पक्का करना था कि विपक्षी एकता की प्रक्रिया इससे प्रभावित होती नजर न आये। विपक्षी खेमा इन दोनों मोर्चों पर अब तक सफल होता दिख रहा है। हालांकि, बेंगलुरु बैठक से ठीक पहले जिस तरह से अजित पवार की अगुआई में सारे बागी नेता शरद पवार से मिलने पहुंच गये, उससे यह कन्फ्यूजन और बढ़ गया कि कहीं अंदर से दोनों ग्रुप मिले हुए तो नहीं हैं। चूंकि महाराष्ट्र विधानमंडल की बैठक भी शुरू हो गयी है, इसलिए शरद पवार को अपनी ऊर्जा राज्य में लगाने की जरूरत थी। स्वाभाविक ही उनका बेंगलुरु बैठक में शामिल होना और कठिन हो गया। अच्छी बात रही कि शरद पवार 18 तारीख को ही सही, लेकिन बैठक में हिस्सा लिया। सोनिया गांधी की बेंगलुरु बैठक में मौजूदगी से भी विपक्षी एकता की प्रक्रिया को काफी मजबूती मिली। आखिरी पलों में कांग्रेस ने जिस तरह से दिल्ली में नौकरशाही पर कंट्रोल से जुड़े अध्यादेश के विरोध की स्पष्ट घोषणा कर दी और उसके बाद आम आदमी पार्टी बैठक में शामिल होने को तैयार हो गयी, वह भी एक पॉजिटिव डिवेलपमेंट है। लेकिन हैं ये सारे संकेत ही। वाकई कुछ ठोस कदम उठाये जा सके या नहीं और विपक्षी एकता की गाड़ी सचमुच कुछ आगे बढ़ी या नहीं, इसका पता बाद में ही चलेगा। प्रस्तावित गठबंधन पर किस हद तक सहमति बन पाती है, कोई एक संयोजक तय हो पाता है या नहीं, न्यूनतम साझा कार्यक्रम के सवाल पर बात कुछ आगे बढ़ पाती है या नहीं- ये कुछ अहम सवाल हैं, जिनके जवाबों से यह तय होगा कि विपक्षी एकता के सवाल पर इन दलों में, दरअसल कितनी गंभीरता है।

**अच्छी बात रही कि शरद पवार 18 तारीख को ही सही, लेकिन बैठक में हिस्सा लिया। सोनिया गांधी की बेंगलुरु बैठक में मौजूदगी से भी विपक्षी एकता की प्रक्रिया को काफी मजबूती मिली।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**वैसे देश में हर साल बाढ़ आती है। हर साल औसतन 1600 व्यक्ति मौत का शिकार होते हैं। असम के बड़े इलाके जलमग्न होते हैं, जान-माल और पशुधन का नुकसान होता है। हर साल बिहार की लाखों हेक्टेयर जमीन पर बाढ़ का पानी आता है और कई बार महीनों तक टिका रहता है। उस बाढ़ की कोई सुध नहीं लेता। इस साल जब हमने बाढ़ देखने के लिए अपनी आंख खोली है, बाढ़ की विभीषिका के लिए अपना दिल खोला है तो क्या हम अपने दिमाग के दरवाजे भी खोलेंगे?**

# बाढ़ के विनाश के पीछे विकास की लालसा

**योगेंद्र यादव**

इस साल की बाढ़ में कुछ भी अनूठा नहीं है। अगर कुछ विशेष है तो बस इतना कि इस बार बाढ़ वहां आयी, जहां टीवी कैमरा है, जहां सत्ता के केंद्र हैं, जहां की पीड़ा देश को दिखायी और सुनायी देती है। वैसे देश में हर साल बाढ़ आती है। हर साल औसतन 1600 व्यक्ति मौत का शिकार होते हैं। असम के बड़े इलाके जलमग्न होते हैं, जान-माल और पशुधन का नुकसान होता है। हर साल बिहार की लाखों हेक्टेयर जमीन पर बाढ़ का पानी आता है और कई बार महीनों तक टिका रहता है। उस बाढ़ की कोई सुध नहीं लेता। इस साल जब हमने बाढ़ देखने के लिए अपनी आंख खोली है, बाढ़ की विभीषिका के लिए अपना दिल खोला है तो क्या हम अपने दिमाग के दरवाजे भी खोलेंगे? इस बाढ़ से कोई सबक सीखेंगे?

हर बाढ़ अपने साथ आरोपों, बहानों और झूठ की बाढ़ भी लेकर आती है। इस साल चूंकि बाढ़ दिल्ली में आयी, इसलिए जाहिर है आरोप और प्रत्यारोप की बाढ़ भी लाल निशान से ऊपर चली गयी। क्या हरियाणा ने जानबूझकर हथिनीकुंड बैराज से जरूरत से ज्यादा पानी छोड़ा? क्या दिल्ली के मुख्यमंत्री ने बाढ़ नियंत्रण की सालाना बैठक नहीं की? क्या दिल्ली सरकार ने पानी निकासी की मशीन को ठीक करवाने में कोताही बरती? क्या अफसरों ने एनडीआरएफ और फौज को बुलाने में देरी की? बाढ़ के दोषारोपण पर चल रही इस कवायद से आशंका यही है कि सारा ध्यान राजनीतिक दाव-पेंच पर सीमित हो जायेगा और बाढ़ से जुड़े बुनियादी सवाल डूब जायेंगे। एक बार फिर हम बड़े-बड़े झूठ में बह जायेंगे।

**बाढ़ के विनाश की जड़ में हमारी वह लालसा है, जिसे हम विकास कहते हैं।**



**दिल्ली का शहरी विकास इस स्थिति को और भी विकट बनाता है। शहरीकरण के चलते दिल्ली के तालाब और जोहड़ नष्ट हो गये हैं, बारिश का पानी भूजल तक नहीं पहुंचता, बरसाती नाले अब गंदगी के सीवेज बन गये हैं और इस गंदगी को यमुना में छोड़ने के चलते नदी की तलहटी ऊंची हो गयी है।**

बाढ़ से जुड़ा पहला बड़ा झूठ यह है कि बाढ़ केवल एक प्राकृतिक दुर्घटना है। जब भी बाढ़ आती है, उस वक्त जो भी सरकार में होता है, वह इसी झूठ का सहारा लेता है। सच यह है कि बाढ़ कोई भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदा नहीं है, जो कभी भी घट सकती है। बाढ़ का एक नियम है, कैलेंडर है, रूट है। एकाध अपवाद को छोड़ दें तो हर कोई जानता है कि बाढ़ कब और कहां आ सकती है। इसलिए बाढ़ का आना अपने आप में कोई दुर्घटना नहीं है, बाढ़ से जान-माल का नुक्सान एक ऐसी दुर्घटना है, जो टाली जा सकती है।

इसका विलोम दूसरा झूठ यह है कि बाढ़ पूरी तरह से मानवीय, तकनीकी और प्रशासनिक उपायों से नियंत्रित की जा सकती है, प्रकृति के बहाव को पूरी तरह से अपने बस में किया जा सकता है। आधुनिकता के इसी अहंकार के चलते देश में जगह-जगह बाढ़ नियंत्रण कार्यक्रम चलाये गये, तटबंध बनाये गये, पैसे पानी की तरह बहाये गये। अमूमन इन सरकारी प्रयासों से कुछ हासिल नहीं हुआ। बिहार में कोसी नदी को तटबंध से बांधने की असफल कोशिश इस झूठ का सबसे बड़ा जीता-जागता नमूना है। वर्षा, अतिवृष्टि, नदी में उफान, नदी का अपने तट से बाहर निकलना, यह सब सामान्य प्राकृतिक घटनाएं हैं। हमें पानी के बहाव के साथ जीना सीखना होगा। बाढ़ से जुड़े ये दोनों झूठ एक बड़े सच को छुपाते हैं, कि बाढ़ का मूल कारण प्रकृति नहीं बल्कि मानव है। बाढ़ के विनाश की जड़ में हमारी वह लालसा है, जिसे हम विकास कहते हैं। शहरी इलाकों में हमने नदी के प्राकृतिक बहाव के साथ इतना खिलवाड़ किया है कि उसने बाढ़ की सामान्य प्राकृतिक घटना को एक दुर्घटना में बदल दिया है।

पानी के सवाल पर बरसों से विश्वसनीय शोध कर रहे हिमांशु ठक्कर और उनकी संस्था साऊथ एशियन नैटवर्क ऑन डैम रिवर एंड पीपल (एसएएनडीआरपी) ने दिल्ली में पिछले हफ्ते आयी बाढ़ का प्रारंभिक विश्लेषण किया है, जो इस सच की पुष्टि करता है। इस विश्लेषण से स्पष्ट है कि इस बार यमुना की बाढ़ का प्रमुख कारण अकस्मात हुई भारी बारिश नहीं। सबसे अधिक बारिश उत्तर प्रदेश के उन जिलों में हुई, जिनका पानी यमुना में नहीं पहुंचता है। न ही हथिनीकुंड बैराज से छोड़ा पानी इसके लिए जिम्मेदार है। इस बार 11 जुलाई को बैराज से 3.6 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया था, जबकि 2010, 2013, 2018 और 2019 में एक दिन में इससे कहीं ज्यादा पानी छोड़ा गया था। यूं भी दिल्ली पहुंचने से पहले वाले पांच मॉनिटरिंग सेंटरों में कहीं भी यमुना खतरे के निशान से ऊपर नहीं पहुंची थी।


यह रिपोर्ट इस बाढ़ के लिए मुख्यतः मानवीय दखल को जिम्मेदार मानती है। इसमें सबसे प्रमुख कारण है यमुना के आसपास के उस खुले इलाके पर कब्जा, जिसे दिल्ली में यमुना खादर क्षेत्र कहा जाता है और तकनीकी भाषा में फ्लडप्लेस कहते हैं। दिल्ली में यमुना के 9700 हेक्टेयर के खादर क्षेत्र में से 1000 हेक्टेयर से ज्यादा भूमि पर पर्यावरण के नियमों का उल्लंघन कर पक्की इमारतें बना दी गयी हैं। इनमें कॉमनवेल्थ खेलग्राम (64 हेक्टेयर), अक्षरधाम मंदिर (100 हेक्टेयर) और मेट्रो डिपो (110 हेक्टेयर) शामिल हैं। इसके अलावा दिल्ली में यमुना पर 26 ब्रिज और 3 बैराज बनाये गये हैं। इन सब के चलते दिल्ली में पहुंचते ही यमुना के पानी के पास फैलने की जगह नहीं बचती और बरसाती पानी का सामान्य उफान एक मानवीय दुर्घटना में बदल जाता है।

दिल्ली का शहरी विकास इस स्थिति को और भी विकट बनाता है। शहरीकरण के चलते दिल्ली के तालाब और जोहड़ नष्ट हो गये हैं, बारिश का पानी भूजल तक नहीं पहुंचता, बरसाती नाले अब गंदगी के सीवेज बन गये हैं और इस गंदगी को यमुना में छोड़ने के चलते नदी की तलहटी ऊंची हो गयी है। इस परिस्थिति के चलते सामान्य से कुछ अधिक बारिश और सरकारी प्रबंधन की छोटी कोताही भी एक बड़ी दुर्घटना का स्वरूप ले लेती है।

यह कोई नयी बात नहीं है। यमुना बचाने के अभियान की तरफ से द्विजेंद्र कालिया पिछले 3 दशक से इस खतरे को बार-बार चिन्हित करते रहे हैं। गांधीवादी कार्यकर्ता रमेश चंद शर्मा ने दिल्ली की इस बाढ़ के सबक को इस तरह व्यक्त कियाः यमुना रौद्र रूप में संदेश दे रही है कि उसका खादर क्षेत्र लौटाया जाये। जो क्षेत्र में दैत्य खड़े किये गये हैं उन्हें हटाओ। मां को मां ही रहने दो, कचरा पेटी मत बनाओ। नदी क्षेत्र खादर को मुक्त करो। नदी आजादी मांग रही है। नदी बचेगी, जीवन बचेगा। संदेश नहीं सुनेंगे तो पश्चाताप करते हुए भुगतना पड़ेगा। जो सबक हमें असम और बिहार से सीख लेना चाहिए था, उसे क्या हम अब दिल्ली से सीखेंगे?

## जमशेदपुर की खबरें

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों सरायकेला खरसावां जिले के उपायुक्त हुए सम्मानित



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में 09 राज्यों के सचिवों व 68 जिला कलेक्टरों की टीम को भूमि सम्मान-2023 प्रदान किया गया। मंगलावर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों सरायकेला के उपायुक्त अरवा राजकमल को सम्मानित किया गया। यह सम्मान डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम डीआईएलआरएमपी में सौ फीसदी पूर्णता हासिल करने के लिए दिया गया। सरायकेला जिला समेत राज्य के कुल नौ जिलों को उपायुक्त सम्मानित हुए। उपायुक्त अरवा राजकमल ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, स्वामित्व योजना, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना, मुख्यमंत्री भू-अधिकार आवासीय योजना में बेहतर कार्य जिले में की है।

यह सम्मान सरायकेला खरसावां जिले के लिए गर्व की बात है। मौके पर एडीसी सुबोध कुमार भी मौजूद रहे।

### विधायक कई गांवों का दौरा कर विधायक ग्रामीणों की समस्या से हुए अवगत, समाधान का दिया आश्वासन

# हेमंत सरकार सकारात्मक सोच के साथ राज्य के विकास में दे रही योगदान : समीर मोहंती

**विधायक ने ग्रामीणों के विभिन्न समस्याओं को सुन कर समाधान के लिए आश्वासन दिया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बहरागोड़ा।** गोपालपुर पंचायत के विभिन्न गांव में ग्रामीणों की समस्या को लेकर विधायक समीर मोहंती ने ग्रामीणों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान नाडारिया, जामशोला, सासाबेड़ा, छन्चाशोल, मालबंधी, गोपालपुर के सैकड़ो ग्रामीण शामिल रहे। विधायक ने ग्रामीणों के विभिन्न समस्याओं को सुन कर समाधान के लिए आश्वासन दिया। ग्रामीणों के द्वारा सड़क,नाला,पुलिया व आवास निर्माण योजनाओं से संबंधित मांगों पर विधायक के समक्ष रखा। विधायक श्री मोहंती ने कहा राज्य में हेमंत सरकार काफी सकारात्मक सोच के साथ विकास में अपना योगदान दे रही है। बहारागोरा प्रखंड के रामचंद्रपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक की नियुक्ति व सुचारू रूप से अस्पताल को चलाने के लिए काम किया जा रहा है। विधायक श्री मोहंती ने जिला चिकित्सा पदाधिकारी डॉ जुझार माझी से वार्ता कर आगामी शनिवार को रामचंद्रपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, श्यमसुंदरपुर, बहरागोड़ा मे बैठक के लिए निर्देश दिया। वही विधायक ने खराब पड़े जल मीनार को बनाने, जर्जर बिजली के खम्बे व तार को बदलने के लिए विभागीय पदाधिकारियों को आदेश दिया। मौके पर प्रमुख सुषमा सोरेन,उप प्रमुख मुन्ना होता,रासबिहारी साव,मदन मन्ना, जितेंद्र ओझा, हिमांगसु सोम, दुर्गा मन्ना,कमल दत्ता, लालमोहन मुर्मू, सुब्रत घोष, सौरभ घोष सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।



# परसुडीह हाट बाजार समिति के सदस्यों ने विधायक संग उपायुक्त से की मुलाकात



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** परसुडीह हाट बाजार की समस्या को लेकर जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने समिति के सदस्यों संग उपायुक्त से मुलाकात की। मंगलवार को मुलाकात के दौरान परसुडीह हाट बाजार के पूर्ण सर्वे व शौचालय निर्माण के लिए मांग की गयी। मौके पर दुकानदारों ने कहा दुकानों को तोड़ने से सभी छोटे बड़े दुकानदार बेरोजगार हो जाएंगे। उनकी रोजी-रोटी में भी आफत आ जाएंगी। मौके पर उपायुक्त ने तीन-चार दिनों में स्थानीय विधायक के उपस्थिति में परसुडीह बाजार का दौरा करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर दुकानदार समिति के सदस्यों ने विधायक मंगल कालिंदी के प्रति आभार जताया। मौके पर ऋषि सिंह,दिलीप गुप्ता,परशुराम साव,बापून एच,बापि नंदी,कमल राय, आलम, राणा प्रताप सिंह, मुन्ना खान, टीपू सुल्तान,मदन दत्ता व अन्य दुकानदार शामिल रहे।

# भारतीय जनता युवा मोर्चा की बैठक में आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमित अग्रवाल के नेतृत में बैठक का आयोजन किया। मंगलवार को बैठक में आगामी कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की गई। संघटन के मजबूती पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला महामंत्री अभिमन्यु सिंह चौहान के द्वारा मंच संचालन करते हुए युवाओं में जोश भरने का काम किया गया।

धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री चंदन चौबे ने किया। बैठक में ज़िला उपाध्यक्ष शशांक शेखर, शशी यादव, नारायण महतो, राकेश चोबे, अमित सिंह, अभिषेक दे, अभिषेक श्रीवास्तव, राकेश कुमार, मुकेश, मोंटी अग्रवाल, विकास सिंह, लखी पदो दास, अमरिंदर सिंह, सत्येंद्र रजक, अनुराग मिश्रा, मनीष पांडे,कंचन दत्ता, उमेश साव, राहुल कुमार, राहुल तिवारी, सुशील पांडे, विकास सिंह, राम महानंद, अंसूल कुमार, अजीत महतो, अरमेंद्र सिंह, सुमित ओझा, सौरव श्रीवास्तव, अनिकेत सिंह, शशांक कुमार, प्रीतम जैन, दीपक नाग सहित अन्य शामिल रहे।

### कांग्रेस पार्टी ने रिफ्यूजी कॉलोनी में लगाया जनता दरवार

# समस्याओं पर जिलाध्यक्ष ने लिया संज्ञान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम कांग्रेस कमिटी के आह्वान पर भारत जोड़ो की बात आमजनों के साथ कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के नेतृत्व में रिफ्यूजी कॉलोनी में जनता दरबार लगाया गया। मंगलवार जनता दरवार में स्थानीय लोगों ने क्षेत्र के परेशानियों से जिला अध्यक्ष को अवगत कराया। विगत दिनों जनसम्पर्क अभियान के दौरान कॉलोनी के लोगो ने जिलाध्यक्ष के समक्ष पानी कनेक्शन की समस्या को रखा था। जनता दरबार में पानी सप्लाई व कनेक्शन की समस्या को समाधान करने के लिए जुस्को वाटर मैनेजमेंट के पदाधिकारी को बुलाया गया। मौके पर श्री दुबे ने कहा वर्षो से नागरिकों को पानी सप्लाई व कनेक्शन की समस्या है। जनता दरवार में जुस्को के अधिकारी के द्वारा सप्लाई पानी व कनेक्शन हेतु अविलंब उपभोक्ताओं को फार्म उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया।





कॉलोनी के लोगो ने सीवरेज लाईन से गंदा पानी घरों में निकलने की शिकायत की। जिस पर जिलाध्यक्ष ने संज्ञान में लेकर समस्या से संबोधित विभाग से जल्द समाधान कराने का वही जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में रिफ्यूजी कॉलोनी में सर्वजन पेंशन सहायता कैम्प लगाया गया था। जिला अध्यक्ष के द्वारा वृद्धावस्था पेंशन से जुड़े 40 लोगों का पेंशन सर्टिफिकेट लाभुक सदस्य को सौपा गया। जिलाध्यक्ष दुबे ने कहा सम्पूर्ण जिला में कांग्रेस कमिटी से नये हजारों सदस्य जुड़कर सेवा के कार्य में हिस्सा ले रहे है। साथ ही संगठन द्वारा दिए गए कार्यक्रमों को सफल बनाने का प्रयास जारी है। 18 प्रखण्ड अध्यक्ष व 56 मण्डल के अध्यक्षों को अगामी 5 सितंबर तक भारत जोड़ो की बात आमजनों के साथ कार्यक्रम को संचालित करना है। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता पर्चा लेकर घर घर जाकर लोगों से संपर्क करने का काम करेगी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### दिनेश सिंह को बाबू दिनेश सिंह यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति बनाये जाने पर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने किया सम्मानित



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** वनांचल डेंटल कॉलेज के चेयरमैन दिनेश सिंह को बाबू दिनेश सिंह यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति बनाये जाने के खुशी में गढ़वा केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिशन ने फरठिया स्थित कॉलेज में जाकर कुलाधिपति को पुष्प गुच्छ और शॉल ओढ़ाकर समानित किया। केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिशन को कुलाधिपति ने कहा कि आप लोग यहां असहाय बच्चों को किसी भी फैकल्टी में नामंकन करायें, मैं अपने कॉलेज की ओर से वैसे बच्चों को पूरा सहयोग करूंगा। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष आद्यशंकर पांडेय, सचिव नंद किशोर श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष मनीष कश्यप, उपाध्यक्ष मोहम्मद रुस्तम, सह सचिव सुरेंद्र कश्यप, बीरेंद्र सिंह, डॉक्टर मुरली गुप्ता, धनजय सिंह (शेरू सिंह) आदि लोग उपस्थित थे।

## मोहर्रम त्योहार को लेकर धुरकी थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित



**धुरकी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल में मोहर्रम संपन्न कराने को लेकर मंगलवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई। इंस्पेक्टर शरण लता कुजूर व थाना प्रभारी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में धुरकी सीओ अरुण कुमार व सगमा सीओ सत्यम कुमार, दोनों प्रखंड क्षेत्र के राजनीतिक, सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं दोनों समुदाय के गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। बैठक में मोहर्रम का त्यौहार आपसी भाईचारा के साथ मिल-जुलकर मनाने का निर्देश दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने कहा कि सभी समुदाय के लोग आपसी भाईचारा के साथ त्योहार मनाएं एवं भाईचारा का मिशाल कायम कर दिखायें। मोहर्रम जुलूस निकलने के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। बिना लाइसेंस के ताजिया का जुलुस निकलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। त्यौहार के दौरान मेला स्थल एवं चौक-चौराहों में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। त्यौहार के दौरान अफवाह फैलाने वाले लोगों पर चिन्हित कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारी के नेतृत्व में बल की तैनाती रहेगी। उन्होंने लोगों से भी शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील करते हुए लोगों को किसी तरह का अफवाह पर ध्यान नहीं देने की बात कही। मौके पर सहादत अंसारी, मुखिया सगुनी राम, कांग्रेस नेता मोबीन अंसारी, सगमा उप मुखिया मंगलेश यादव, समाजसेवी लक्ष्मण यादव, साबिर अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## भागवत कथा सुनने से पापों से मुक्ति मिलती है : जीयर स्वामी



**बंशीधर नगर** (आजाद सिपाही)। भागवत कथा सुनने के कारण ही भक्ति के पुत्र ज्ञान तथा वैराग्य ठीक हो गए। श्रीमद्भागवत महापुराण भगवान की साक्षात मूर्ति हैं। इसे सुनने व स्मरण से पापों का नाश होता है। आत्मा तृप्त होती है। दिल दिमाग शांत होता है। श्रीमद्भागवत के कथा के कारण ही भक्ति के दोनों पुत्र स्वस्थ हो गए। कीर्तन आनंद का विषय होता है। कीर्तन आनंद का विषय होता है। कीर्तन में तन्मयता होनी चाहिए। कीर्तन का बहुत बड़ा महत्व होता है। शास्त्र में भगवान को पूजन करने के लिए अनेक उपाय बताये गये हैं। एक उपाय है भगवान के सामने नृत्य करना। परंतु आज दुर्भाग्य है कि व्यास की गद्दी पर बैठ करके व्यास गद्दी के नियम के विरुद्ध खड़े होकर नाच रहे हैं। यह भारत की संस्कृति के लिए दुर्भाग्य है। व्यासगद्दी की एक गरिमा होती है। मर्यादा होती है। वेद और शास्त्र के अनुसार जो ऐसा करता है ठीक नहीं है। जो आज के युग में नृत्य करते हैं वो तन्मयता के साथ नहीं बल्कि दिखावा करते हैं जो ठीक नहीं है। भगवान को प्रसन्न करने का दूसरा माध्यम है गीत गाकर। तीसरा वेद, पुराण का पाठ करके भगवान को प्रसन्न किया जाता है। नारद जी महाराज ने भक्ति के पुत्र ज्ञान तथा वैराग्य को निरोग करने के लिए गंगा के पावन तट पर हरिद्वार में श्री सनत कुमार से कथा श्रवण करने लगे। श्रीमद्भागवत कथा कि महिमा बताते हुए उन्होंने कहा कि कोई भी दवा अच्छी होती है तो तत्काल अपना प्रभाव दिखाती है। चाहे वह शास्त्र हो, चाहे वह अपनी संस्कृति हो, चाहे श्रोता हो, चाहे औषधि हो, चाहे संत हो। यह बताया गया है। इन सभी के संसर्ग में जाने के बाद तत्काल हमारे मन में बुद्धि में अपने किसी भी प्रकार के भटकाव पर अफसोस होने लगे तो सही मायने में आप संत के यहां आये हैं। अफसोस होने लगे कि हमने गलत काम किया है। यह संत के प्रभाव से ही संभव है।

**बैठक :** जिप अध्यक्ष ने की विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा, अफसरों को दिये निर्देश

# लंबित मामलों को 15 दिनों के अंदर निबटायें : शांति देवी

**बैठक के दौरान विभिन्न जिला परिषद सदस्यों एवं प्रखंड प्रमुखों ने पूर्व में दिए गए मामलों में ज्यादातर का निष्पादन नहीं होने की बात कही**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी की अध्यक्षता में जिला परिषद गढ़वा की मासिक बैठक संपन्न हुई। जिसमें गत 20-04-2023 को जिला परिषद गढ़वा की संपन्न हुई मासिक बैठक में दिए गए निर्देशों एवं उठाए गए मामलों का बिंदुवार अनुपालन संबंधित विषयों की समीक्षा की गई। जिसमें विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, कल्याण, खनन, मनरेगा, पथ निर्माण विभाग, समाजिक सुरक्षा, शिक्षा विभाग एवं परिवहन विभाग आदि अन्य महत्वपूर्ण विभागों की समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान विभिन्न जिला परिषद सदस्यों एवं प्रखंड प्रमुखों द्वारा पूर्व में दिए गए मामलों में ज्यादातर का निष्पादन नहीं होने की भी बात बताई गई। जिसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को मामले के त्वरित निष्पादन हेतु निर्देशित किया गया एवं इस प्रकार के किसी भी मामले का निष्पादन 15 दिनों के अंदर जांच कराते हुए निष्पादित कराने की बात कही गई।

बैठक में मझिआंव के विधायक प्रतिनिधि भोला चंद्रवंशी ने पदाधिकारियों को सलाह देते हुए जनप्रतिनिधियों की बातों को गंभीरता से सुनने, उन्हें नोट करने और उसे क्रियान्वित करने की सलाह दी।

मौके पर मेराल प्रखंड प्रमुख दीपमाला ने कहा कि बैठक में पुलिस प्रशासन, आबकारी विभाग एवं श्रम विभाग के पदाधिकारी को नहीं बुलाया जाता है। जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्र में समस्याएं बनी हुई हैं और ग्रामीण परेशान हैं। इसके अलावा उन्होंने तथा अन्य उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा जनहित के मुद्दे से संबंधित स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, आपूर्ति, पेंशन, मनरेगा, खनन, परिवहन आदि के अंतर्गत व्याप्त समस्याओं के उन्मूलन हेतु विभिन्न मुद्दों को बैठक के दौरान उठाया गया। उपरोक्त समस्याओं पर नियमानुसार जांच कराते हुए समाधान कराने हेतु जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी एवं उप विकास आयुक्त श्री राय द्वारा जनप्रतिनिधियों को आश्वस्त किया गया। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों के द्वारा जिला परिषद की मासिक बैठक नियमित कराने की बात कही गई ताकि जनहित से जुड़े समस्याओं से सदन को अवगत कराते हुए शीघ्र निष्पादित कराया जा सके। उक्त बैठक में उपरोक्त पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के अतिरिक्त जिला स्तर के विभिन्न पदाधिकारी एवं विभिन्न अभियांत्रिकी विभागों के कार्यपालक अभियंता समेत अन्य लोग उपस्थित थे।



### बैठक में भाग नहीं लेनेवाले पदाधिकारियों के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव सदन में लाया जाये : दीपमाला

बैठक में प्रखंड प्रमुख दीपमाला ने कहा कि सदन की बैठक में जिन विभागों के पदाधिकारी भाग नहीं लेते हैं उन विभागों से जुड़ी जनता की समस्याएं हम जनप्रतिनिधि नहीं रख पा रहे हैं यह बहुत खराब बात है। जैसे श्रम विभाग द्वारा कुशल एवं कुशल मजदूरों का निबंधन कराया जा रहा है परंतु इसकी सूचना किसी भी जनप्रतिनिधि को नहीं है क्योंकि श्रम विभाग के कोई पदाधिकारी बैठक में नहीं आते। इसी प्रकार आबकारी विभाग के पदाधिकारी के बैठक में शामिल नहीं होने के कारण विभिन्न प्रखंडों के विभिन्न पंचायतों में जो अवैध रूप से शराब बनायी जा रही है। इस संबंध में जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र की समस्याओं को विभाग के समक्ष नहीं रख पा रहे हैं। पुलिस विभाग के कोई पदाधिकारी बैठक में नहीं आते हैं, जिस कारण जनता की पुलिस विभाग से संबंधित जन समस्याओं को जनप्रतिनिधि नहीं रख पा रहे हैं। सदन की बैठक में पदाधिकारियों का नहीं आना घोर निंदा का विषय है और प्रखंड प्रमुख ने मांग की कि इन पदाधिकारियों के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव सदन में लाया जाए।

## किलकारी हॉस्पिटल की डॉ पुष्पा सहगल के आवास को पीएनबी ने बुल्डोजर से कराया जमींदोज

**पीएनबी अधिकारी का कहना है कि उक्त भूमि बैंक से नीलामी के दौरान अरविंद कुमार तिवारी से बेची गयी है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** शहर के गोविंद हाई स्कूल के मैदान के समीप स्थित किलकारी हॉस्पिटल की डॉ पुष्पा सहगल के आवास को पंजाब नेशनल बैंक मेदनीनगर द्वारा मंगलवार को सील कर दिया गया। इस दौरान पुष्पा सहगल के आवास में रखे सभी सामान को खाली करा दिया गया और दो बुलडोजर लगाकर जमींदोज कर दिया गया। इस संबंध में मेदनीनगर पंजाब नेशनल बैंक के पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि 1999 में भूमि के मालिक चंदेल इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर विवेक कुमार सिंह, पिता राणा प्रताप सिंह के द्वारा पंजाब नेशनल बैंक मोदनीनगर से नौ लाख रुपए का लोन लिया था। लोन लेने के बाद समय पर पैसा नहीं चुकाने के एवज में बैंक के द्वारा कई बार नोटिस भी किया गया। उन्होंने कहा कि नोटिस का जवाब नहीं मिलने के बाद पंजाब नेशनल बैंक मोदनीनगर के द्वारा 2016 में कार्रवाई करते हुए उक्त भूमि की नीलामी की गई। नीलामी के दौरान गढ़वा थाना क्षेत्र के झुरा गांव निवासी अरविंद कुमार तिवारी ने उक्त भूमि को नीलामी में 10 लाख पांच हजार में खरीद लिया। कोरोना काल होने के कारण उक्त भूमि को तत्काल छोड़ दिया गया था। उन्होंने बताया कि इस दौरान पुष्पा सहगल उसमें आवास एवं किलनिक चला रही थीं। उन्होंने बताया कि इस मामले में उपायुक्त को पत्र लिखा गया। इसके बाद उनके निर्देश पर मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में उनका घर खाली कराया गया। उन्होंने बताया कि घर खाली कराकर नीलामी में लिए गए नये भूमि मालिक को सौंप दिया जाएगा। डॉ पुष्पा सहगल ने कहा कि मुझे इस मामले में कोई जानकारी नहीं दी गई है। जिस तरह अपराधी के घर को कुर्की जब्ती किया जाता है, इसी तरह से मुझे घर पर आकर खाली कराने लगे। उन्होंने कहा कि घर खाली कराने का वारंट लेटर लेकर आने के बाद ही वह घर खाली करेंगे। यदि मुझे गोली भी खानी पड़ी तो खाएंगे लेकिन घर खाली नहीं करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया है कि उनका घर का सभी सामान जबरन निकाल कर बाहर कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि छह डिसमिल जमीन की खरीदारी उन्होंने भी की थी, लेकिन बैंक के द्वारा उनकी पूरी जमीन कब्जा कर लिया गया।

## आरके नर्सिंग कॉलेज सह स्कूल में लगाये गये पांच सौ पौधे

**अलखनाथ पांडेय ने लोगों से ज्यादा से ज्याद पेड़ लगाने की अपील की**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** आर.के. नर्सिंग कॉलेज हूर, गढ़वा सह आरके पब्लिक स्कूल हूर, गढ़वा में पौधरोपण किया गया। जिसमें 500 पौधे लगाये गये। इस अवसर पर उपस्थित प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा प्रत्याशी गढ़वा विधानसभा अलखनाथ पाण्डेय ने कहा कि जिस तरह से इंसान को जिंदा रहने के लिए खाना-पानी और हवा जरूरी है। उसी तरह पौधा लगाना भी अति आवश्यक है। पेड़ हमारे पृथ्वी पर सबसे अनमोल और जरूरी स्रोत हैं, जिस तरह पृथ्वी के जीव जंतु पानी के बिना नहीं रह सकते उसी तरह हम सब पेड़ों के बिना नहीं रह सकते। उन्होंने कहा कि पेड़ ही हैं जो हमारे पृथ्वी के दो सबसे बड़ी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं पहला जलवायु परिवर्तन और दूसरा वैश्विक तापमान। पेड़ हमें जीवन जीने के लिए अन्न, वस्त्र और निवाला तो देते ही हैं पर वह हमें आर्थिक तौर पर मदद भी करते हैं। अलखनाथ पाण्डेय ने इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों से सभी लोगों से अपील करते हुए यह कहा की ज्यादा से ज्यादा संख्या में पेड़ लगाएं। कार्यक्रम में आरके पब्लिक स्कूल के प्राचार्य सह पूर्व कार्यपालक पदाधिकारी प्रमोद झा का बड़ा योगदान रहा।

मौके पर विजय चौबे, रोशन धर दुबे, बलिंदर दुबे, शंभू राम, अजय राम, विकास चौधरी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष का गढ़वा जिला भ्रमण कार्यक्रम 25-26 जुलाई को

आजाद सिपाही संवाददाता

**26 जुलाई को परिसदन गढ़वा में किया जाएगा जन सुनवाई कार्यक्रम, सभी संबंधित पदाधिकारी रहेंगे उपस्थित**

**जन सुनवाई कार्यक्रम में जिलावासी जन वितरण, पीएम पोषण (मध्याह्न भोजन), आंगनबाड़ी केंद्र एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से संबंधित रख सकेंगे अपनी शिकायत**

**गढ़वा।** राज्य खाद्य आयोग के माननीय अध्यक्ष श्री हिमांशु शेखर चौधरी एवं माननीय सदस्या श्रीमती शबनम परवीन, आयोग के अन्य कर्मियों के साथ 25 जुलाई 2023 से 26 जुलाई 2023 तक गढ़वा जिले के भ्रमण पर रहेंगे। इस दौरान माननीय अध्यक्ष एवं सदस्या द्वारा लंबित परिवाद-पत्रों की सुनवाई, जिले के सभी पंचायतों के मुखिया से संवाद एवं जन सुनवाई कार्यक्रम करेंगें। 25 जुलाई को माननीय का गढ़वा जिला में आगमन होगा। जिसके पश्चात दिनांक 26 जुलाई 2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराहन 1:00 बजे तक परिसदन गढ़वा में जनसुनवाई कार्यक्रम करेंगे। जन सुनवाई कार्यक्रम में जिले के लोग खाद्य सुरक्षा अधिनियम से आच्छादित योजना यथा जन वितरण, पीएम पोषण (मध्याह्न भोजन), आंगनबाड़ी केंद्र एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से संबंधित अपनी शिकायत रख सकते है। इस सुनवाई में जिले के अपर समाहर्ता-सह-जिला शिकायत निवारण पदाधिकारी पंकज कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा-सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी राज महेश्वरम समेत जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं सिविल सर्जन उपस्थित रहेंगे। जिससे शिकायतों का निपटारा तत्काल किया जा सके। जिसके पश्चात अपराह्न 2 बजे से अपराह्न 4 बजे तक वन भवन सभागार, गढ़वा में जिले के सभी पंचायतों के मुखिया से संवाद करेंगे।

## राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन झारखंड प्रदेश अध्यक्ष का आगमन गढ़वा में 22 को



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार साहू का आगमन गढ़वा में 22 जुलाई 2023 दिन शनिवार को जिला स्तरीय बैठक करने के लिए आ रहे हैं। बैठक राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन गढ़वा के संरक्षक मानिकचंद प्रसाद गुप्ता के आवास पर रखी गयी है। इस बैठक में जिले के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे और इसके साथ राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन गढ़वा के बैनर तले ही 21 जुलाई दिन शुक्रवार को दलेली पंचायत भवन में राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन गढ़वा के संरक्षक डॉ आलोक कुमार गुप्ता और डॉ ज्ञान प्रकाश गुप्ता के द्वारा दलेली पंचायत भवन के प्रांगण में मुफ्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें हृदय रोग, मधुमेह, थायराइड, दांत और सभी तरह की बीमारियों का निशुल्क इलाज कर दवा दी जाएगी। समय सुबह 8:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक कैंप रखा गया है।

## अंबा लाल पटेल बालिका उवि में स्कूल रुआर के तहत बैक टू स्कूल कैंपेन का शुभारंभ



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** झारखंड शिक्षा परियोजना गढ़वा, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के निर्देश के आलोक में स्कूल रुआर, 2023-2024 बैक टू स्कूल कैंपेन का शुभारंभ नगर उंटारी प्रखंड में स्थित अंबा लाल पटेल बालिका उच्च विद्यालय के प्रांगण में विद्यालय के प्रधानाध्यापिका सबिता देवी, पत्रकार गौरव पांडे,, बीपीओ तस्मिना प्रवीण, सीआरपी शोभा पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर तथा राष्ट्रगान गाकर किया। कार्यक्रम की शुरुवात में विद्यालय के छात्रों ने देशभक्ति गीतों पर नृत्य कर के तथा देशभक्ति गीत गाकर इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। वहीं विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सबिता गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को स्कूल से जोड़ना है। विद्यालय से बाहर रह गये बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन, अप्रवासी, अनामांकित एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चे का नामांकन, पिछले वर्षों में कक्षा 1 से 9 तक के नामांकित सभी बच्चों का अगली कक्षाओं में शत-प्रतिशत नामांकन एवं उपस्थिति की पुष्टि,तथा नव-नामांकित बच्चों का शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है.इस अवसर पर विद्यालय में अपनी शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराने वाले छात्राओं को सम्मानित भी किया गया.इस अवसर पर शिक्षक प्रमोद कुमार,प्रकाश चंद्र सोनी,शिक्षिका ममता रानी,निधि सिंह,रजनी कुमारी,जाया कुमारी कृष्णा यादव बबलू कुमार और अन्य छात्राएं उपस्थित थी।

## अध्यक्ष ने एसबीआइ से पेंशनरों से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए आपातकालीन बैठक रखने का किया आग्रह



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** झारखंड पेंशनर कल्याण समाज गढ़वा के अध्यक्ष के के यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक, मुख्य शाखा गढ़वा के द्वारा पेंशनरों से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु एक आपातकालीन बैठक रखने का आग्रह किया गया है। यह बैठक दिनांक 20 जुलाई 2023 को 11:30 से झारखंड पेंशनर कल्याण समाज गढ़वा के कार्यालय में रखी गई है। अतः आप सभी पदाधिकारियों, सदस्यों एवं पेंशनरों से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर आपातकालीन बैठक में भाग लेकर बैंकों से संबंधित समस्याओं को रखने का कष्ट करें।इस बैठक में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेना सुनिश्चित करें।

**कार्यक्रम :** उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं

# समस्याओं के यथाशीघ्र निराकरण के लिए संबंधित पदाधिकारियों को दिये निर्देश

**जनता दरबार में भूमि विवाद, अवैध कब्जा, राशन कार्ड, पेंशन, आवास समेत अन्य मामले आये**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने आज समाहरणालय के सभा कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में आए फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी गई एवं उसके निष्पादन हेतु उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। आज के जनता दरबार में भूमि विवाद, अवैध कब्जा, राशन कार्ड, पेंशन, आवास समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की बारी-बारी से उपायुक्त द्वारा समस्या सुनी गई एवं यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया।

सर्वप्रथम कांडी प्रखंड के घटहुआ कला पंचायत में जन वितरण प्रणाली दुकानदार कृष्णा प्रसाद साहू के द्वारा राशन वितरण में अनियमितता बरतने के संबंध में क्षेत्र के लोगों द्वारा शिकायत की गयी। मामले में जांच एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु जिला आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। कांडी प्रखंड के डूमर सोता ग्राम निवासी मनिया देवी, पति-अशोक ठाकुर ने अपने कच्चे मकान की स्थिति दयनीय होने की जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के संबंध में आवेदन दिया मामले में आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी कांडी को निर्देश दिया गया। रमना प्रखंड के बहियारखुर्द ग्राम निवासी ओजरली मियां, पिता-स्व मवल मियां ने अपने जमीन पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से आवास निर्माण करने के संबंध में आवेदन दिया, मामले में जांच एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर को निर्देशित किया गया।खरौंधी प्रखंड के ग्राम सूंड़ी निवासी कन्हाई राम पिता स्वर्गीय अदरू राम ने अंत्योदय कार्ड बनवाने के संबंध में आवेदन दिया, मामले में जांच एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु जिला आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य विभिन्न समस्याओं से संबंधित आमजनों से प्राप्त शिकायतों के समाधान हेतु संबंधित पदाधिकारियों को कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया।

## शिविर में 97 दिव्यांगों का किया गया रजिस्ट्रेशन

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त के निदेर्शानुसार मंझिआंव रेफरल अस्पताल में मंगलवार को दिव्यांग शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 97 दिव्यांगों का रजिस्ट्रेशन किया गया। जिसमें जिला से आए चिकित्सा पदाधिकारी डॉ पीयूष प्रमोद एवं संजय कुमार संजय कुमार के द्वारा जांच की गयी। जिसमें मेंटल से संबंधित 15, हड्डी से संबंधित 2 ,एवं नेत्र से संबंधित 17 कुल मिलाकर 34 दिव्यांगों की जांच की गयी। मौके पर रेफरल अस्पताल के प्रभारी डॉ गोविंद प्रसाद सेठ, डॉक्टर मनीष कुमार सिंह, डॉक्टर वीर प्रताप सिंह, एवं सुचीत सिंह, आलोक कुमार सिंह, संजय कुमार मिश्रा, अन्य स्वास्थ्य कर्मी व दिव्यांग उपस्थित थे।

## सुदर्शन भगत ने शोकाकुल परिवार से की मुलाकात



लोहरदगा(आजाद सिपाही)। पावरगंज स्थित एक दैनिक समाचार पत्र के लोहरदगा ब्यूरो चीफ राजेश गुप्ता की माताजी सुशीला देवी उम्र 87 वर्ष 12 जुलाई 2023 निधन हो गयी थी। इस निमित्त लोहरदगा लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत ने पावरगंज स्थित आवास जाकर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान सांसद से संभवत ने कहा कि इस दुख की घड़ी में भाजपा परिवार आपके साथ में है। ईश्वर से पुण्य दिवंगत माता जी के लिए प्रार्थना करता हूँ। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, जिला महामंत्री राजकुमार वर्मा, जिला मंत्री जगनंदन पौराणिक उपस्थित थे।

## नुक्कड़ नाटकों से जनकल्याणकारी योजनाओं की दी गयी जानकारी



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जिला जनसंपर्क कार्यालय, लोहरदगा के सूचीबद्ध कला दलों की ओर से मंगलवार को कुडू और किस्को प्रखंड में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और जनजागरूकता से संबंधित प्रचार नुक्कड़-नाटक के माध्यम से किया। लोकनाथ लोहरा के नेतृत्व में लोकनाथ कला जत्था दुंदरु पेशरार द्वारा कुडू प्रखंड के जीमा, कालिंदी कुमारी के नेतृत्व में मनभावन कला मंच द्वारा किस्को प्रखंड के कसियाडीह और अनिता उराँव के नेतृत्व में कुडुख कला केंद्र द्वारा चिरी गांव में सरकार के योजनाओं का प्रचार-प्रसार नुक्कड़-नाटक के माध्यम से किया गया। इन कार्यक्रमों में राज्य सरकार के लोककल्याणकारी योजनाओं यथा सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान, श्रमाधान योजना की जानकारी दी गई। साथ ही, लोगों को वज्रपात से बचाव, सर्पदंश से बचाव, मलेरिया, हाथी से बचाव के तरीकों को बताया गया।

## अपराध नियंत्रण को लेकर चलाया वाहन जांच अभियान



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सेन्हा थाना के समीप गुमला लोहरदगा मुख्य पथ पर पुलिस अधीक्षक आर राजकुमार के निर्देश पर अपराध नियंत्रण को लेकर वाहन जांच अभियान चलाया गया। मौके पर सेन्हा थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने कहा की वाहन में बस ट्रक छोटी बड़ी चार पहिया वाहन सहित मोटर साइकिल सवार का बैग, डिक्की और वाहन से सम्बंधित कागज का जांच किया गया। एसपी के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण को रोकने के लिऐ छोटी बड़ी वाहन और मोटर साइकि सवार का बैग, थैली, डिक्की आदि की जांच किया गया। मौके पर थाना प्रभारी अभिनव कुमार, ए एस आई विरेंद्र बाखला पुलिस बल के साथ मौजूद थे।

## कुछ माह पूर्व हुए पुल में ब्लास्ट की घटना पर मनिका के पूर्व विधायक ने उठाया सवाल

बरवाडीह(आजाद सिपाही): मनिका विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह के द्वारा मंगरा पंचायत के अमडीहा में 2 जून को पुल निर्माण कंपनी के संवेदक के द्वारा बिना किसी सरकारी आदेश के ब्लास्ट करते हुए आसपास के घरों को नुकसान पहुंचाने और ग्रामीणों को घायल करने के मामले में भी अब तक कार्रवाई नहीं होने पर सवाल खड़े किये हैं। पूर्व विधायक ने आरोप लगाया कि या सरकार और यहां की प्रशासन सिर्फ आम लोगों का शोषण करना जानती है। जिससे यह स्पष्ट होता है कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों के संरक्षण में ब्लास्टिंग करने वालों का मनोबल ऊंचा करने और ग्रामीण आदिवासियों का मनोबल नीचा करते हुए उन्हें दबाने का काम किया जा रहा है। जिसके खिलाफ हमारी पार्टी उग्र आंदोलन करेगी ।

## नाबालिग लड़की अपहरण मामले में एक गिरफ्तार

सेन्हा-लोहरदगा(आजाद सिपाही)। सेन्हा थाना क्षेत्र से एक नाबालिक लड़की का अपहरण का मामला सेन्हा थाना पुलिस के संज्ञान में आते ही नामजद युवक की तलाश आरंभ कर दिया था। पुलिस द्वारा छानबीन के दौरान किस्को थाना क्षेत्र के परहेपाट निवासी लोलस साहू के पुत्र विजय साहू को गिरफ्तार कर लोहरदगा जेल भेजा गया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि शादी का झांसा देकर नाबालिक लड़की का अपहरण किया गया था। साथ ही उन्होंने कहा नाबालिक लड़की के परिजनों द्वारा प्राप्त आवेदन को संज्ञान में लेते हुए सेन्हा थाना कांड संख्या 96/23 दर्ज कर धारा 363,366 के तहत पुलिस द्वारा विजय साहू के विरुद्ध कारवाई करते न्यायिक हिरासत लोहरदगा जेल भेजा गया।

## पिकअप वैन की चपेट में आने से युवक की मौत, बच्ची गंभीर रूप से घायल

लोहरदगा(आजाद सिपाही)। सदर थाना क्षेत्र के कैमो पतराटोली गांव के पास मंगलवार को सड़क दुर्घटना में एक युवक की दर्दनाक रूप से मौत हो गयी जबकि इस हादसे में एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। बाइक और पिकअप वैन की टक्कर से ये हादसा हुआ है। बच्ची के सिर पर गंभीर चोट आयी है। हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। जानकारी के अनुसार सेन्हा थाना क्षेत्र के बदला गांव निवासी महेसर राम का पुत्र शिवा राम (32 वर्ष), बच्ची रिया कुमारी (12वर्ष) के साथ मोटरसाइकिल से मनहों गांव से वापस लोहरदगा की ओर आ रहे थे। कैमो पतराटोली गांव के समीप बांस लदे हुए एक पिकअप वैन की चपेट में वह आ गया। जिससे शिवा और रिया गंभीर रूप से घायल हो गये। इलाज के क्रम में शिवा की मौत हो गयी जबकि रिया के सिर पर गंभीर रूप से चोटें आयी हैं। रिया दुर्घटना के बारे में कुछ भी नहीं बता पा रही है। पुलिस एक-एक बिंदु पर जांच कर रही है। साथ ही शव के पोस्टमार्टम की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। हालांकि दुर्घटना के बाद वाहन चालक गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया।

## सभी पंचायतों में होगा विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल का संगठन विस्तार



लोहरदगा(आजाद सिपाही)। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का जिला बैठक अग्रसेन भवन में रखी गयी। विहिप अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने कहा कि आए दिन जिस तरह से पूरे भारत में लव जिहाद गौ हत्या जैसी घटनाएं बढ़ रही है इसके लिए जिले के सभी प्रखंड एवं पंचायत में कमेटी का विस्तार किया जायेगा। पूरे भारत में बजरंग दल शौर्य जागरण रथ यात्रा कराने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद की कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप देव ने की। बैठक में मुख्य रूप से परावर्तन धर्म प्रसार प्रमुख अनिल कुमार गुप्ता, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य लाल ओंकार नाथ शहदेव, जिला मंत्री सतीश पांडे, सह मंत्री रंजीत साहू, जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता, बजरंग दल जिला संयोजक सचिन कुमार साहू, विकी कुमार साहू समेत अन्य मौजूद थे।

### नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित हुआ कार्यक्रम

# राष्ट्रपति ने लोहरदगा को दिया भूमि सम्मान

**जिला की ओर से उपायुक्त और टीम ने प्राप्त किया सम्मान और प्रमाण-पत्र**

आजाद सिपाही संवाददाता



महामहिम राष्ट्रपति दौपदी मुर्मू से भूमि सम्मान प्राप्त करते उपायुक्त लोहरदगा और टीम

**लोहरदगा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा मंगलवार को नयी दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में 09 राज्यों के सचिवों और 68 जिला कलेक्टरों को उनकी टीम के साथ भूमि सम्मान-2023 प्रदान किया गया। इसमें लोहरदगा जिला की ओर से उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, उप विकास आयुक्त समीरा एस और जिला पंचायती राज पदाधिकारी पवन कुमार ने यह सम्मान ग्रहण किया। सम्मान के रूप में प्लैटिनम ग्रेडिंग सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। जिला को यह सम्मान डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआईएलआरएमपी) में सौ फीसदी पूर्णता हासिल करने के लिए दिया गया है। लोहरदगा जिला समेत झारखण्ड राज्य के कुल नौ जिलों को यह सम्मान मिला है। यह कार्यक्रम आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित किया गया। विज्ञान भवन में आयोजितआज के कार्यक्रम में ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, पंचायती राज के राज्यमंत्री कपिल मोरेश्वर पाटिल, भूमि संसाधन मंत्रालय के सचिव अजय तिर्की समेत सभी सम्मानित होनेवाले राज्यों के सचिव और डिप्टी कलेक्टर और टीम उपस्थित थे।

# प्रखंड क्षेत्र के समुचित विकास को लेकर प्रशासन कटिबद्ध है : बुड़ायं सारू

आजाद सिपाही संवाददाता



**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड को आकांक्षी प्रखंड घोषित किए जाने पर विकास की गति को एक नया आया मिलने की उम्मीदें जाग चुकी है, क्षेत्र की जनता किस्को प्रखंड को आकांक्षी प्रखंड घोषित किये जाने पर काफी हर्ष व्याप्त कर रहे हैं। इधर प्रखंड क्षेत्र को समुचित विकास योजनाओं से लैस करने के उद्देश्य से मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी बुड़ायं सारू की अध्यक्षता में प्रखंड मुख्यालय पर स्थित सभागार में बैठक आयोजित कर रणनीति तैयार की गई। इस दौरान बीडीओ बुड़ायं सारू ने बताया कि पूरे भारतवर्ष में 500 प्रखंड को आकांक्षी प्रखंड घोषित किया गया है। साथ ही झारखंड राज्य के 33 प्रखंडो को आकांक्षी प्रखंड घोषित किया गया है। इसी के तहत लोहरदगा जिला अंतर्गत किस्को प्रखंड का चयन किया गया है। जिसमें मुख्यतः स्वास्थ्य, कृषि, पेयजल, पीएम आवास योजना ग्रामीण, सिंचाई परियोजना, बाल विकास परियोजना, पशुपालन विभाग इन विभागों का फोकस मुख्य रूप से किया गया है। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से संचालित योजनाओं के निपटारे और इन विभागों द्वारा जनहित में उतारी जाने वाली विकास योजनाओं का ससमय निराकरण कराने को लेकर समीक्षा बैठक की गई। बीडीओ ने कहा कि किस्को प्रखंड क्षेत्र में विकास योजनाओं को पारदर्शिता के साथ धरातल पर उतारने और योजनाओं को गति देने में किसी तरह की लापरवाही हरगिज नहीं बरती जायेगी। मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अशोक कुमार ओड़ेया, सीडीपीओ सविता कुमारी, कृषि पदाधिकारी शंकर प्रसाद, पिरामल फाउंडेशन के जिला समन्वयक कुंतल पाल, पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल के प्रखंड कोआर्डिनेटर चिंतामनी बाखला, कनीय अभियंता कृष्णा लोहरा, प्रोग्राम लीडर स्वाति कुमारी, प्रोग्राम लीडर कासिम अली, पिर्यांशी, शिवानी, गांधी फैलो सहित अन्य विभागीय पदाधिकारी और कर्मी मौजूद थे।

# अमडीहा में वृद्ध दंपति हत्याकांड के पीड़ितों से मिले पूर्व विधायक, हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह:** भाजपा जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरेकृष्ण सिंह मंगलवार को अपने समर्थकों के साथ प्रखंड के अमडीहा ग्राम में वृद्ध दंपति हत्या प्रकरण में पीड़ित परिजनों से मिलने पहुंचे। जानकारी हो की थाना क्षेत्र के मंगरा पंचायत के अमडीहा ग्राम में रविवार मध्य रात्रि वृद्ध दंपति की डायन बिसायी के आरोप में अज्ञात अपराधियों द्वारा धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद मंगलवार दोपहर पूर्व विधायक हरेकृष्ण सिंह अमडीहा ग्राम पहुंच कर पीड़ित परिजनों से मिलकर घटना की जानकारी लेते हुए घटना पर दुख प्रकट किया। पीड़ित परिजनों को आश्वस्त किया कि जल्द ही घटना में शामिल संलिप्त आरोपियों को गिरफ्तारी हेतु लातेहार पुलिस अधीक्षक से मुलाकात करेंगे। पूर्व विधायक ने पीड़ित परिजनों को हर संभव सहयोग देने का भी आश्वासन दिया। वही परिजनों से मुलाकात कर पूर्व विधायक बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह से भी फोन पर वार्ता करते हुए करते हुए आरोपियों को जल्द गिरफ्तारी की मांग किया। अमडीहा घटना के बाद प्रेस वार्ता करते हुए पूर्व विधायक श्री सिंह ने वृद्ध दंपति हत्या प्रकरण को बेहद शर्मनाक बताते हुई, घटना की निंदा की। उन्होंने कहा कि जल्द ही हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं होती है तो भाजपा जोरदार तरीके से आंदोलन करेगी। मौके पर विधायक के साथ सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, उप प्रमुख बिरेंद्र जायसवाल, प्रदीप सिंह, मनोज प्रसाद, मनोज यादव, उपेंद्र उर्फ ओपी जितेंद्र शाह, विवेक सिंह, दीपक, दिलीप समेत कई भाजपा कार्यकर्ता साथ थे।

## कृषकों को अनुदान पर राइस ट्रांसप्लांटर का वितरण



लोहरदगा(आजाद सिपाही)। वितीय वर्ष 2022-23 में राज्य योजनांतर्गत कृषि यांत्रिकीकरण प्रोत्साहन अनुशांसित कृषको को अनुदान पर राईस ट्रांसप्लांटर का वितरण मंगलवार को भूमि संरक्षण पदाधिकारी संजय कुमार राम के द्वारा लाभुक कार्तिक उरांव को राईस ट्रांसप्लांटर दिया गया। मौके पर भूमि संरक्षण पदाधिकारी ने कहा कि जिला के कमेटी के द्वारा चयनित किसान को वितीय वर्ष के तहत वितरण किया गया है। लोहरदगा जिले के किसान समृद्ध और खुशहाल बनें, ताकि योजनाओं का लाभ लेकर किसान आत्मनिर्भर बन सकें। उक्त चयनति किसान विभागीय द्वारा पांच दिवसीय प्रशिक्षण जेएमटीटीसी, रांची द्वारा प्राप्त कर चुका है।

# जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए रहता हूं हमेशा तत्परः सुखदेव भगत

### नगजुआ स्टेशन पर सासाराम-रांची एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव के लिए डीआरएम से की बात

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** जिला के ग्राम नगजुआ बाजार टांड में इस क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा नगजुआ रेलवे स्टेशन में सासाराम रांची एक्सप्रेस ट्रेन की ठहराव करने की मांग को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 20 गांव के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक सुखदेव भगत तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में रेलवे पुलिस विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे। श्री भगत ने कहा कि जब सासाराम रांची एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन प्रारंभ हुआ था तो उस समय नगजुआ स्टेशन में ट्रेन रुकती थी। इस रेलवे स्टेशन में लगभग 40 गांव 3 जिला तथा 4 विधानसभा क्षेत्र के लोग ट्रेन से आवागमन करते हैं। सासाराम रांची एक्सप्रेस ट्रेन बंद हो जाने से व्यापक स्तर पर इस क्षेत्र के लोगों पर इसका प्रभाव पड़ा है। इस दौरान श्री भगत ने मौके पर से ही रेलवे के डीआरएम प्रदीप गुप्ता से वार्ता कर यहां की समस्याओं से उन्हें अवगत कराते हुए शीघ्र नगजुआ स्टेशन में सासाराम रांची एक्सप्रेस ट्रेन की ठहराव कराने की बात कहें। डीआरएम ने श्री भगत को इस संबंध में सकारात्मक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। मौके पर ग्रामीणों ने श्री भगत को डीआरएम के नाम वाला आवेदन सौंपा। श्री भगत ग्रामीणों के आवेदन को रांची में डीआरएम से मिलकर उन्हें सौंपेंगे। इस दौरान ग्रामीणों ने रेलवे स्टेशन जाने वाले पथ में पीसीसी निर्माण कराने की मांग भी श्री भगत से किये। मौके पर कांग्रेसी नेता आलोक कुमार साहू ने कहा कि सासाराम रांची एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव नगजुआ स्टेशन में हो उसके लिए यहां की जनता पूर्व विधायक सुखदेव भगत के नेतृत्व में लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है। मौके पर कांग्रेसी नेता उमेश्वर नाथ तिवारी, सलील सिंह, तेमबू उरांव, शाहिद अहमद बेलू, विजय चौहान, शाहजहां अंसारी, विजय उरांव ताहिर अंसारी, यासीन अंसारी इत्यादि काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## ट्रक, ट्रैक्टर, हाइवा, लोडर और बाइक समेत 14 वाहनों की होगी नीलामी

लातेहार(आजाद सिपाही): जिला खनन विभाग आगामी 25 जुलाई को अवैध खनन, भंडारण व परिवहन में संलिप्त जब्त वाहनों की नीलामी करेगा। इसे लेकर विभाग ने टेंडर निकाला है। समाहरणालय सभागार में अपराह्न तीन बजे उपायुक्त द्वारा गठित समिति के समक्ष नीलामी की जायेगी। डीएमओ आनंद कुमार ने इस बात की जानकारी दी है। आनंद कुमार ने बताया कि निविदा में भाग लेने वालों को दिये गये शर्तों को पूरा करना अनिवार्य होगा। संवेदक पर अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन से संबंधित मामला किसी भी थाने में दर्ज नहीं होना चाहिए। संवेदक या संस्था का नाम किसी भी विभाग में काली सूची में दर्ज नहीं होना चाहिए। बताया कि संवेदकों को सुरक्षित जमा राशि का दस प्रतिशत की राशि निर्धारित प्रतिभूति रकम के रूप में जिला खनन पदाधिकारी के नाम बैंक ड्राफ्ट, आयकर रिर्टन की फोटोकॉपी, दो पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, पैन कार्ड और पहचान पत्र की फोटोकॉपी आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।

## सीओ ने राजस्व पदाधिकारी और कर्मचारियों के साथ की बैठक



बरवाडीह(आजाद सिपाही): मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी राकेश सहाय ने अंचल निरीक्षक रमेश प्रसाद गुप्ता के अलावे अंचल के सभी राजस्व कर्मचारियों के साथ बैठक की। जिसमें सीओ ने निर्देश दिया कि गाइडलाइन के तहत दाखिल खारिज तथा अन्य तरह के प्रमाण पत्र भू मापी से संबंधित रिपोर्ट ससमय प्रस्तुत करायें। बता दें इन दिनों बरवाडीह अंचल में कई पंचायतों के नये राजस्व कर्मचारी को जिम्मेदारी दी गई है। जिनको सीओ तथा अंचल निरीक्षक ने सरकार और से मिले गाइडलाइन की जानकारी दी। साथ ही इस दौरान अंचल अधिकारी राकेश सहाय ने कहा कि 15 दिनों के अंदर बाजार क्षेत्र से अतिक्रमण से निजात दिलाया जायेगा। जिसे लेकर राजस्व कर्मचारी को रूपरेखा तैयार करने का निर्देश दिया है।

## एलटी विनय सिंह परीक्षक बन जौनपुर गये



लातेहार(आजाद सिपाही): ऑल इंडिया मेडिकल लैबोरेट्री टैक्नोलोजिस्ट एसोसिएशन के द्वारा आहुत पारा मेडिकल परीक्षा में झारखंड के चार लैब टेक्निशियनों को परीक्षक देश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में भेजा गया है। लातेहार ब्लड बैंक के लैब टेक्निशियन विनय कुमार सिंह उत्तर प्रदेश के अमृता पैरामेडिकल कॉलेज, जौनपुर में बतौर परीक्षक भेजे गये हैं। विनय कुमार सिंह ने बताया कि ऑल इंडिया मेडिकल लैबोरेट्री टैक्नोलोजिस्ट एसोसिएशन पारा मेडिकल परीक्षाये आयोजित करती है और ऐसोसिएशन के सदस्यों को बतौर परीक्षक वहां भेजती है। यह बहुत ही सम्मान की बात है। उन्होने कहा कि एआईएमएलटीए एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है और देश व विदेशों में परीक्षायें आयोजित करती है और एसोसिएशन के सदस्यों को वहां बतौर परीक्षक भेजती है। इसके लिए अवकाश, यात्रा और आवसन भत्ता के अलावा पारिश्रमिक भी मिलता है। उन्होने बताया कि झारखंड से अनुज कुमार मिश्रा, सुधांशु रंजन भारती और केशव कुमार मिश्रा बतौर परीक्षक विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में भेजे गये हैं।

## एमपीडब्ल्यू का नहीं बदला रवैया, विभाग के बड़े पदाधिकारी भी हैं मौन

गारू(आजाद सिपाही)। एमपीडब्ल्यू सुजल कुमार रजक गारू ब्लॉक के बारेसांढ़ हेल्थ सब सेंटर में है कार्यरत, अपने कार्य क्षेत्र में एक दिन भी नहीं आते हैं। इससे पूर्व में गारू ब्लॉक के मायापुर सब सेंटर में कार्यरत थे, मगर वहां का एक भी आदमी इन्हें नहीं पहचानते है वही हाल बारेसांढ़ का भी हो गया है। एमपीडब्ल्यू सुजल कुमार रजक 15 दिन में एक बार आते हैं और हाजिरी बना कर बस से चले जाते हैं जबकि बारेसांढ़ हेल्थ सब सेंटर अति उग्रवाद प्रभावित और सुदूरवर्ती क्षेत्र है, यह क्षेत्र मलेरिया जॉन क्षेत्र है, यहां बरसात के दिनों में काफी लोग मलेरिया से ग्रसित रहते हैं, यहां हर साल दो-तीन लोगो का मलेरिया से मृत्यु भी हो जाती है। एमपीडब्ल्यू सुजल कुमार रजक कब आते हैं और कब बस पकड़ कर चले जाते हैं किसी को पता भी नहीं चलता है। इनका शिकायत निर्देशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवायें रांची झारखंड के पास भी किया गया था, जांच कमेटी बनाने के बाद इनको एक बार पुनःमानवता के नाते फिर से रखा गया है। मगर इनका रवैया वही रहा इनका कार्य शैली में अभी तक कोई सुधार नहीं आया है।आम पब्लिक इन से काफी खफा है।

## जल सहिया ने मनिका विधायक को सौंपा मांग पत्र, स्वास्थ्य बीमा समेत रखी पांच सूत्री मांग



बरवाडीह(आजाद सिपाही): मनिका विधानसभा क्षेत्र में कार्यरत जलसहिया कर्मियों ने मंगलवार को स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह के मंगरा स्तिथ आवास में 5 सूत्री मांग पत्र सौंपा। सौंपे गये मांग पत्र में कहा गया है कि मानदेय में बढ़ोतरी, लंबित मानदेय का भुगतान जल्द करने, बीस लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा, आकस्मिक दुर्घटना या मृत्यु होने पर परिवार के आश्रित को नौकरी रोजगार तथा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा संचालित सभी प्रकार के निर्माण कार्य जल सहिया कर्मियों के दायित्व एवं तत्वावधान में करवाने आदि मांग शामिल है। इस संबंध में विधायक ने आश्वासन देते हुए कहा कि सरकार जल जीवन मिशन पर प्राथमिकता के आधार पर कार्य कर रही है। इसके लिए राज्य में 2 हजार करोड़ का बजट रखा गया है। मनिका विधायक के आश्वासन से उपस्थित कर्मियों में खुशी देखी गई। इस मौके पर मेरी स्टेला एक्का, बबिता देवी, जगदंबा देवी, प्रतिमा देवी, सरोज कुजूर, बसंती कुजू, जीवंती कुजूर समेत महुआडांड़, मनिका, बरवाडीह के जलसहिया कर्मी मुख्य रूप से उपस्थित थे।14

## चंदवा-बालूमाथ पुलिस की संयुक्त छापेमारी में चोरी का लोहा बरामद

चंदवा(आजाद सिपाही)। चंदवा थाना क्षेत्र में स्थित अभिजीत ग्रुप पावर प्लांट के भेज टू एरिया में लोहे कटिंग कार रखने का पुलिस अधीक्षक लातेहार को गुप्त सूचना मिली थी सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिया कि चंदवा और बालूमाथ के पुलिस पदाधिकारी के द्वारा सामूहिक छापेमारी की जाये सामूहिक छापेमारी करने के क्रम में प्लांट के फेज टू एरिया में झाड़ी में छुपाकर लगभग तीन टन लोहे और दो मोटरसाइकिल के साथ गैस कट्टर और ऑक्सीजन की टंकी बरामद की गई। उसके साथ ही दो व्यक्ति को भी चंदवा बालूमाथ की टीम ने पकड़ने में सफल रहा और दोनों टीम के सामूहिक छापेमारी के बाद सामान बरामद कर चंदवा थाना लाया गया। वही कांड संख्या 150/23 धारा379/411 भादवी के तहत मामला दर्ज कर दोनों व्यक्ति को जेल भेज दिया है।

# भाकपा माओवादी सब जोनल कमांडर ने डीआइजी के समक्ष किया सरेंडर

## खुदी मुंडा के विरुद्ध गुमला, लोहरदगा, लातेहार, सिमडेगा में लगभग 44 मामले दर्ज हैं




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** गुमला पुलिस के द्वारा किए जा रहे चौतरफा कार्रवाई के डर से व झारखंड सरकार के द्वारा घोषित आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर भाकपा माओवादी के सब जोनल कमांडर खुदी मुंडा ने डीआईजी अनूप बिरथरे के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। खुदी मुंडा को डीआईजी ने बुके देकर व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। पिछले चार दिन पूर्व ही गुमला पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया था। जिसके बाद पुलिस उसे कुरूमगढ़ थाने में रखकर लगातार पूछताछ कर रही थी। पुलिस के द्वारा पूछताछ में उसने पुलिस को कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी हैं। गुमला पुलिस ने नई दिशा एक नई पहल कार्यक्रम के तहत पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में आधिकारिक रूप से खुदी मुंडा को आत्मसमर्पण कराया। खुदी मुंडा के विरुद्ध गुमला, लोहरदगा, लातेहार, सिमडेगा में लगभग 44 मामले दर्ज हैं। खुदी मुंडा 1996 से भाकपा माओवादी संगठन में शामिल हो गया था जिसके बाद वह जेल चला गया। 2005 में जेल से बाहर निकलने के बाद कमांडर मनोज नगेशिया व रीजनल कमांडर सिल्वेस्टर लकड़ा के संपर्क में आया और पालकोट, कोलेबिरा, सिमडेगा व गुमला के क्षेत्र में नक्सली दस्ता के साथ रहने लगा। जिसके बाद उसे एरिया कमांडर व सब जोनल कमांडर बनाया गया। उसके द्वारा चैनपुर कुरुमगढ़ थाना में हमला करने व ब्लॉक कार्यालय को उड़ाने सहित 5 पुलिसकर्मियों को मौत के घाट उतारने में वह मुख्य रूप से शामिल था। पुलिस मुठभेड़ में कई बार वह बचकर भाग निकला था। सुरक्षाबलों के द्वारा लोहरदगा जिला के पेशरार जंगल में चलाए जा रहे हैं ऑपरेशन डबल बुल में भी मुठभेड़ में शामिल था। यहां पुलिस को भारी पड़ता देख हथियार छोड़कर भाग गया था। खुदी मुंडा ने पुलिस को कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी हैं जिस पर पुलिस कार्रवाई कर रही है।

**डीआइजी अनूप बिरथरे ने खुदी मुंडा को बुके देकर व शॉल ओढ़ाकर किया स्वागत**

**खुदी मुंडा ने पुलिस को कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी हैं जिस पर पुलिस कार्रवाई कर रही है**

डीआईजी अनूप बिरथरे ने मीडिया के माध्यम से नक्सलियों को जल्द ही सरेंडर करने की अपील की है, जिससे वह आगे की खुशहाल जिंदगी जी सकें।

### खुदी मुंडा की मजदूर से लेकर नक्सली बनने की कहानी

## पोटा कानून में जिसने की थी पुलिस की मदद, उसी को पहले मौत के घाट उतारा

**सुधाकर कुमार**

**गुमला।** जिला मुख्यालय से करीब 75 किमी दूर भरनो प्रखंड के बटकुरी में वर्ष 2002 तक गांव में रहकर खेतीबारी करने वाला खुदी मुंडा आखिरकार लाल आतंक के साये में आकर नक्सली बन बैठा। खुदी मुंडा के छह भाई बहन हैं। इनमें बड़े भाई व मंझली बहन की मौत हो चुकी है। खुदी मुंडा खुद भाइयों में दूसरे स्थान पर है। गांव में वह काफी मिलनसार था। मगर बात वर्ष 2000 के आसपास की है। तब गांव में उस समय नक्सलियों का दरबार लगा करता था। इलाके में खुदी मुंडा का चचेरा भाई बॉबी मुंडा ही नक्सलियों का नेतृत्व करता था। जिसके कारण नक्सली जब भी बटकुरी गांव आते थे तब बॉबी मुंडा से रिश्तेदारी के कारण खुदी मुंडा को उनके आगे पीछे होना पड़ता था। साथ ही उनकी आवभगत करनी पड़ती थी। इन्हीं आवभगत के कारण खुदी मुंडा गांव के दबंगों की आंखों की किरकिरी बन गया था। जिसके कारण दबंग उसे गांव छोड़कर भाग जाने अथवा जान से मार दिए जाने की धमकी देते रहते थे। मगर बॉबी मुंडा की उपस्थिति के कारण उसके ऊपर हाथ लगाने से हिचकते थे।



इधर दबंगों की धमकी से खुदी मुंडा परेशान रहता था। तभी इसी बीच 5 दिसंबर 2001 को बॉबी मुंडा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद दबंगों ने गांव में खुदी मुंडा को नक्सली बताकर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। साथ ही वर्ष 2002 में गांव में शांति सेना के कर्ताधर्ता चरवा मुंडा उर्फ अमित मुंडा ने उसे जेल भेजवा दिया। पुलिस ने भी खुदी मुंडा को गिरफ्तार कर पोटा एक्ट में जेल भेज दिया। जिसके बाद वह करीब सात साल जेल में बंद रहा। फिर वर्ष 2009 में जेल से बाहर आने के बाद पश्चिम बंगाल कमाने चला गया। फिर वर्ष 2013 में कमाकर लौटने के बाद गांव में ही रहने लगा। मगर इसके बावजूद उसपर दबंगों द्वारा लगाया गया नक्सली का कलंक नहीं मिटा। शांति सेना के चरवा मुंडा गांव वालों को उकसाकर उसे प्रताड़ित करता रहा। तब वह इस प्रताड़ना से तंग आकर वर्ष 2013 में ही नक्सली बन बैठा। साथ ही खूंटी व सिमडेगा जिला का कार्यभार संभाल रहे माओवादी के सब जोनल कमांडर अतिन के संपर्क में आकर हथियार उठा लिया। इसके बाद हथियार उठाते ही खुदी मुंडा ने शांति सेना के चरवा मुंडा का मौत का फरमान जारी कर दिया। इधर खानदानी जमीन को लेकर चरवा अपने तीन चाचा सोमरा मुंडा, बुधना मुंडा व बिंदेश्वर मुंडा पर भी चढ़ाई किये हुए था। साथ ही उन्हें भी धमकी देता रहता था। जिसके बाद उसके तीनों चाचा को खुदी ने अपने साथ मिला लिया। फिर चरवा की रेकी कर हर जानकारी खुदी को मुहैया कराई। फिर मौका मिलते ही खुदी ने उसे मौत के घाट उतार कर अपने हाथों को खून से लाल कर लिया। इसके बाद उसने कभी भी पीछे मुड़कर नहीं देखा। खुदी मुंडा का एक बेटा व एक बेटी है। बेटे सुखराम मुंडा का विवाह हो चुका है, जबकि बेटी पार्वती अपने पिता का चेहरा नहीं देख पाई थी। वह भरनों के ही करौंदा जोर स्कूल में पढ़ाई करती है। चरवा मुंडा की हत्या के बाद खुदी बटकुरी गांव में भी जन अदालत लगाया करता था।

## चैनपुर पुलिस ने गौ तस्करी के फरार आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुप्त सूचना के आधार पर चैनपुर थाना की पुलिस ने चैनपुर थाना कांड संख्या 23/22 के प्राथमिक अभियुक्त थाना गुमला के कतरी निवासी रवि खान उर्फ रब्बानी खान, पिता स्व. खादिम खान को कतरी से गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायालय में प्रस्तुत करते हुए जेल भेज दिया। चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार ने बताया 2022 में आरोपी सहित 12 लोग मवेशी तस्करी कर ले जा रहे थे। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा पांच लोगों को पकड़ा गया था। बाकी लोग फरार चल रहे थे। वहीं मंगलवार को गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी को कतरी से गिरफ्तार किया गया। वहीं आरोपी का पूर्व में भी अपराधिक इतिहास रहा है। वह जशपुर, अंबिकापुर व गुमला जेल भी जा चुका है।

## खिजरी विधायक ने किया कब्रिस्तान के घेराबंदी कार्य का शिलान्यास



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** खिजरी विधानसभा क्षेत्र के नगड़ी प्रखंड अंतर्गत बंधेया गांव का मुस्लिम कब्रिस्तान के घेराबंदी कार्य का शिलान्यास खिजरी के लोकप्रिय विधायक राजेश कच्छप के द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य रूप से नगड़ी जिला परिषद प्रतिनिधि बजरंग महतो विधायक प्रतिनिधि रोशन कुजूर, धरमू नायक, संजय सरिया, दीपक तिर्की, सुकरा उरांव, ग्राम प्रधान रामजू उरांव, हनीफ अंसारी, हकमुल अंसारी, इस्तखार अंसारी, मुस्तफा अंसारी एवं अशफाक अंसारी सहित अन्य ग्रामण उपस्थित थे।

## केसीबी कॉलेज में इंटर नामांकन फार्म का वितरण शुरू

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** करमचंद भगत महाविद्यालय बेड़ो में इंटरमीडिएट कला, वाणिज्य व विज्ञान संकाय में नामांकन के लिए मंगलवार से नामांकन फार्म का वितरण शुरू हो गया है। इस बाबत कार्यालय द्वारा एक अधिसूचना निर्गत की गयी है। विज्ञान व वाणिज्य संकाय में सीधा नामांकन होगा। वहीं कला संकाय में मैट्रिक के परिणाम आधार पर मेधा सूची के तहत नामांकन लिया जाएगा। मेधा सूची का प्रकाशन आगामी 24 जुलाई को किया जाएगा।

## सांसद ने 11 करोड़ 88 लाख की योजनाओं का किया शिलान्यास

**सड़क एवं पुल बनाने की मांग क्षेत्र के ग्रामीणों की ओर से लंबे समय से की जा रही थी : सुदर्शन भगत**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बिशुनपुर।** लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुदर्शन भगत मंगलवार को बिशुनपुर पहुंचे जहां उन्होंने प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत चटकपुर से तेंदार को जोड़ने वाली सड़क में चटकपुर से ओरिया गांव तक 10 किलोमीटर सड़क लागत 8 करोड़ 70 लाख एवं नरमा गांव में कठपुल ढोड़हा में 1 करोड़ 52 लाख एवं समंदरी गांव के चेपटी ढोड़हा में एक करोड़ 66 लाख रुपए लागत का 2 पुल का शिलान्यास किया गया। जिसके उपरांत समंदरी स्कूल प्रांगण में लोगों को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने हमेशा विकास को प्राथमिकता दी है। सड़क एवं पुल की मांग क्षेत्र के ग्रामीणों के द्वारा लंबे समय से की जा रही थी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के प्रयास से आज चटकपुर से तेंदार को जोड़ने वाली सड़क एवं रास्ते में नरमा में पुल एवं समंदरी में पुल की आधारशिला रखी गयी है। इस सड़क एवं पुल के बन जाने से चैनपुर सहित विभिन्न जगहों से सड़क पर आवागमन बढ़ेगा। धन्यवाद ज्ञापन विधायक प्रतिनिधि शिवराम कच्छप ने किया। इससे पूर्व स्थानीय ग्रामीणों ने पारंपरिक तरीके से सांसद सुदर्शन भगत, एसटी मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भिखारी भगत, विधायक प्रतिनिधि शिवराम कच्छप, प्रखंड अध्यक्ष केदार साहू, सांसद प्रतिनिधि महावीर यादव, अंचलाधिकारी धनंजय पाठक, एसडीओ आरइओ दुर्गा चरण सिंह मुंडा, थाना प्रभारी सदानंद सिंह, कुंदन कुमार सहित अन्य अतिथियों का ढोल नगाड़े के साथ स्वागत किया।

मौके पर युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष सह जिप सदस्य पवन उरांव, ओबीसी मोर्चा जिला मंत्री जगत ठाकुर, बचन चौरसिया, देवी सिंह, सुरेश भगत, गुलाब साहू, अजीत उरांव, राजू मांझी, अभिषेक रंजन सिंह, सुशील मुंडा धर्मेंद्र उरांव अजय उरांव, बिलटू लोहरा, प्रदीप भगत, नीलन भगत सहित कई भाजपा कार्यकर्ता सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## विधायक भूषण बाड़ा ने किया विद्यालय भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास

**कहा- जिले के सभी स्कूलों में तैयार किया जा रहा है पढ़ाई का बेहतर माहौल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सिमडेगा।** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने जीईएल मध्य विद्यालय खूंटीटोली में विधायक मद से बनने वाले विद्यालय भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर बिशप मुरेल बिलुंग की अगुवाई में विशेष मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि जिले के बच्चों को पढ़ाई करने में किसी भी तरह की कोई परेशानी न इसको ध्यान में रखकर कार्य किया जा रहा है। जिले के सभी स्कूलों में बेहतर पढ़ाई का माहौल तैयार किया जा रहा है। इसका रिजल्ट आने वाले वर्षों में जरूर दिखेगा। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की, जिप सदस्य सामरोम पौल टोपनो, सदर प्रखंड अध्यक्ष नवीन बिरेन तिर्की, वरीय उपाध्यक्ष जॉनसन मिंज, जिला सचिव शिशिर मिंज, सचिव विनय तिग्गा, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष देवनिस खलखो, निमरोध एक्का, प्रमिला कुजूर, एडवोकेट सुनील लुगुन सहित शिक्षक व बच्चे उपस्थित थे।

### बैठक : नवरत्न गढ़ जीर्णोद्धार में काम कर रहे मजदूरों व स्थानीय लोगों ने की झूठा आरोप लगाकर केस में फंसाने की घोर निंदा

# सर्वेक्षण सहायक पर मारपीट, अभद्र व्यवहार करने सहित कई गंभीर आरोप लगाये

**सर्वेक्षण सहायक के विरुद्ध छेड़छाड़ व अश्लील हरकत करने के आरोप में सिसई थाना में करायी गयी है प्राथमिकी दर्ज**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सिसई।** नगर निवासी रुकमनी देवी के आवेदन पर पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग रांची के सर्वेक्षण सहायक सीमर कुमार के विरुद्ध दुष्कर्म की नियत से छेड़छाड़ करने व अक्सर अश्लील हरकत करने के आरोप में सिसई थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। ज्ञात हो कि पीड़िता ने बीते रविवार को उक्त आरोप लगाते हुए सिसई थाना में आवेदन देकर आरोपी सीमर कुमार के विरुद्ध कार्रवाई की गुहार लगाई थी।

वहीं नगर नवरत्न गढ़ परिसर में मंगलवार को नवरत्न गढ़ जीर्णोद्धार में काम कर रहे मजदूरों व स्थानीय लोगों ने विरेन्द्र तत्वा की अध्यक्षता में बैठक की। बैठक में उपस्थित लोगों ने सीमर कुमार के द्वारा नगर निवासी समाजसेवी दामोदर सिंह पर झूठा आरोप लगाकर केस में फंसाने की घोर निन्दा करते हुए पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के कर्मी सीमर कुमार के ऊपर मजदूरों से मार-पीट करने, अभद्र व्यवहार करने, ओवर टाईम काम कराने, काम से निकाल देने की धमकी देने व सरकारी मजदूरी दर से कम भुगतान करने, जीर्णोद्धार में गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं करने जैसे कई गंभीर आरोप लगाये हैं। इस दौरान सचिन उरांव, भगवती देवी, कार्तिक नगेशिया, मंजली देवी, कविता देवी सहित कई मजदूरों ने कहा कि सीमर कुमार नवरत्न गढ़ में काम कर रहे मजदूरों को अपना निजी प्रोपर्टी समझता है। महिला व लड़कियों पर बुरी नजर रखते हुए अश्लील कमेंट करना व गाली देना उसकी आदत है। मजदूरों से ओवर टाईम कराकर न्यूनतम मजदूरी से भी कम मजदूरी दी जाती है। मजदूर अपने हक की आवाज उठाते हैं तो मजदूरों को काम से निकाल देने की धमकी दी जाती है। मजदूरों के हक व जीर्णोद्धार कार्य की गुणवत्ता को लेकर अक्सर दामोदर सिंह के द्वारा आवाज उठाई जाती है। इसको लेकर अनेकों बार दामोदर व कर्मियों के बीच बहस हो चुकी है। दामोदर सिंह वर्षों से नवरत्न गढ़ के विकास के लिए प्रयासरत हैं, राष्ट्रीय धरोहर घोषित होने के बाद केन्द्र सरकार द्वारा जीर्णोद्धार कार्य के शुरुआती दिनों में स्थानीय लोग इसका विरोध कर रहे थे। दामोदर सिंह की पहल पर नवरत्न गढ़ का जीर्णोद्धार कार्य शुरू हो पाया है। जीर्णोद्धार कार्य की देखरेख कर रहे पुरातत्व विभाग के कुछ कर्मियों का स्थानीय लोगों व मजदूरों के प्रति बर्ताव ठीक नहीं है। वहीं इन बातों की आवाज उठाने वाले स्थानीय लोगों को पुरातत्व विभाग के लोग झूठा केस में फंसा देने का काम करते हैं। जिससे स्थानीय ग्रामीणों में रोष बढ़ता जा रहा है। बैठक में ग्रामीणों ने डायरेक्टर जनरल पुरातत्व विभाग नई दिल्ली, पीएमओ कार्यालय प्रधान सचिव, स्थानीय लोकसभा व राज्यसभा सांसद को आवेदन देकर कार्य की गुणवत्ता व मजदूरों के शोषण पर जांच कराने की मांग करने का निर्णय लिया है। मौके पर मृत्युंजय गिरि, मनोहर गोप, बिरवा तत्वा, जोगेन्द सिंह, सावना उरांव, धनंजय पाईख, अवध बिहारी बड़ाईक, जितन गिरि, सोनामती देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## करंट लगने से महिला की मौत



**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बघनी गांव निवासी जमील अंसारी की पत्नी सहेला खातून (40) की मंगलवार को बिजली करेंट की चपेट में आने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका सुबह के करीब सात बजे अपने गाय को बांधने के लिए खेत ले जा रही थी, इसी क्रम में वह खेत में लगे बिजली पोल के अर्थिंग तार के संपर्क में आ गई। अर्थिंग तार में बिजली करेंट प्रवाहित हो रहा था, जिसके कारण वह वहीं गिरकर तड़पने लगी। घटना की जानकारी मिलते ही कुछ लोग बांस की बल्ली लेकर पहुंचे और सहेला खातून को तार से अलग किया। तब तक उसकी मौत हो गई थी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया है।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## बीडीओ ने प्रखंडकर्मियों के साथ की विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा



**जारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में बीडीओ सुमन गुप्ता की अध्यक्षता में प्रखंड कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक की गयी। बीडीओ के द्वारा प्रखंड में चल रहे विभिन्न विकास योजनाओं मनरेगा, 15वें वित्त, वृद्धा पेंशन, पेयजल एवं जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के कार्यों की समीक्षा की गयी। बीडीओ सुमन गुप्ता ने जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी पांचों पंचायत के पंचायत सेवक गांव-गांव घूमकर लोगों का जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए आवेदन जमा करें। साथ ही मनरेगा की समीक्षा करते हुए कहा कि जो भी विकास योजनाएं चल रही हैं और पूर्ण हो चुकी हैं उसे बंद करें और पंचायत में नयी योजना चालू करें। मौके पर बीपीओ कान्ति कुमारी, वसीम अंसारी, मुखिया फुलमाईत देवी, रजनी मिंज, माइकल कुजूर, चाजरेण मिंज, विनय एक्का, महेंद्र उरांव, विनोद उरांव, रंजीत उरांव, अजय काश्मीर टोप्पो, परशुराम उरांव, बेरनार्ट पॉल आदि उपस्थित थे।

## कुदादामर गांव में जंगली भालू के आने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल



**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के कुदादामर गांव में मंगलवार सुबह जंगली भालू के आ जाने से ग्रामीणों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह एक महिला गोबर फेंकने गई थी, इसी दौरान उसने लालमोहन साहू के इमली पेड़ में भालू को चढ़ा देखा। महिला ने भागकर इसकी सूचना अन्य ग्रामीणों को दी। भालू को देखने के लिए भारी भीड़ लग गई। गांव में भालू होने की जानकारी स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस व वन विभाग को दी गई। दोपहर करीब 12 बजे वन विभाग के लोग गांव पहुंचे, किन्तु वे बिना भालू को पकड़े ही दुबारा आने की बात कहकर गांव से वापस लौट गए। भालू के इधर उधर घुमते रहने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीण अपने बच्चों को घर से बाहर नहीं निकलने दे रहे हैं। दोपहर करीब ढाई बजे समाचार लिखे जाने तक वन विभाग की टीम दुबारा गांव नहीं पहुंची थी। वहीं भालू गांव में ही भटक रहा था। गांव क्षेत्र में खुला घुमते जंगली भालू से किसी अप्रिय घटना की आशंका बनी हुई है।

## बीएन जालान कॉलेज में इंटर में नामांकन प्रक्रिया शुरू होने से विद्यार्थियों और अभिभावकों में हर्ष

**सिसई (आजाद सिपाही)।** बैजनाथ जालान कॉलेज सिसई में इंटरमीडिएट कला, वाणिज्य व विज्ञान सत्र 2023-2025 में नामांकन की प्रक्रिया शुरू करने की जानकारी के बाद इंटर में नामांकन के लिए इधर उधर भटक रहे विद्यार्थी व उनके अभिभावकों ने खुशी जाहिर की है। इस बावत प्राचार्य विक्रम आदित्य देव ने बताया कि रांची विश्वविद्यालय के निर्देश के आलोक में बीएन जालान कॉलेज में इंटरमीडिएट के तीनों संकाय में नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। तीनों संकाय में 512-512 सीटों में नामांकन लिया जाना है। नामांकन के इच्छुक विद्यार्थी 19 जुलाई से 25 जुलाई 2023 तक कॉलेज से नामांकन फार्म प्राप्त कर सकते हैं। नामांकन फार्म प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों को आधार कार्ड लाना जरूरी है। इंटर कला में नामांकन हेतु 20 जुलाई से 28 जुलाई तक भरा हुआ फार्म महाविद्यालय कार्यालय में जमा होगा। कला की सूची जारी होने के बाद मेरिट के आधार पर छात्रों का नामांकन लिया जाएगा। जबकि वाणिज्य व विज्ञान विषय में 50 प्रतिशत से अधिक अंक वाले छात्रों का सीधा नामांकन लिया जाएगा। ज्ञात हो कि प्रखंड के एकमात्र महाविद्यालय में इंटरमीडिएट की पढ़ाई बंद होने के कगार पर थी। जिससे सिसई सहित ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों के समक्ष आगे की पढ़ाई को लेकर विकट समस्या उत्पन्न हो गई थी। कॉलेज प्रबंधन, छात्र संगठन व कई प्रबुद्ध जनों के प्रयास से रांची विश्वविद्यालय से नामांकन की अनुमति मिल पाई है।

## डैम में डूबने से एक व्यक्ति की मौत

बसिया (आजाद सिपाही)। थाना अंतर्गत साकिया घनसिंह टोली डैम में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। व्यक्ति की पहचान डैम डीपाटोली निवासी एवं मत्स्य पालन समिति के अध्यक्ष 45 वर्षीय सुगड़ बारला के रूप में हुई है। इस संबंध में बसिया थाना प्रभारी छोटू उरांव ने बताया कि मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने सूचना दी कि साकिया डैम में एक व्यक्ति का शव देखा जा रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी छोटू उरांव पुलिस बल के साथ साकिया डैम पहुंचे। जिसके बाद शव को डैम से बाहर निकाला गया। ग्रामीणों ने शव की पहचान सुगड़ बारला डैम डिपाटोली निवासी के रूप में की। बताया जाता है कि सुगड़ सोमवार देर शाम नशे की हालत में मछली मारने की बात कर घर से निकला था और वह नौका लेकर डैम में घुसा था। इधर बसिया पुलिस शव को डैम से बाहर निकाल कर अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेजते हुए मामले की तहकीकात में जुटी है।

## विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर समिति की बैठक आयोजित

**सिमडेगा (आजाद सिपाही)।** विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त 2023 के आयोजन को लेकर आयोजन समिति की बैठक मंगलवार को परमवीर अलबर्ट एक्का स्टेडियम (कोर्ट ग्राउंड) में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता हरिश्चंद्र भगत ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि 22.07.23 दिन शनिवार को सभी आदिवासी नेताओं के साथ विचार विमर्श कर कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु समाज की भागीदारी तथा सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी। इस बैठक में अध्यक्ष हरिश्चंद्र भगत, उपाध्यक्ष दीपक मिंज, सचिव अगस्तीना सोरेंग, कोषाध्यक्ष रोशन डुंगडुंग, सह कोषाध्यक्ष अमन नियेल सोरेंग, सलाहकार प्रदीप टोप्पो, अजय एक्का, अमर समद, रेजिना टोप्पो, अशिषन बिलुंग, अंजली रानी टोप्पो, मत्यस कुल्लू, सुमन कुल्लू, अहलाद केरकेट्टा, पाहन बाबूलाल मुंडा, पीटर बिलुंग, श्याम किशोर प्रधान, समीर बागे, मारकुस, हेमंत आदि उपस्थित थे।

### पांकी विधायक ने किया दो योजनाओ का शिलान्यास

# शिक्षा और स्वास्थ्य को बेहतर बनायेंगे : डॉ एसबीपी मेहता

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी (पलामू)।** पांकी प्रखंड के अंतर्गत तेतराई पंचायत के शेख मुहल्ला में उपस्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण और ताल पंचायत के छापर में सरना स्थल के चहारदीवारी निर्माण का मंगलवार को पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सड़क, पानी, बिजली व स्वास्थ्य सेवा बहुत जरूरी है। उप स्वास्थ्य केंद्र बन जाने से तेतराई के ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि मेरा मकसद क्षेत्र का विकास करना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में हम पूरी मेहनत से लगे हुए हैं। वही विधायक शशिभूषण मेहता ने सरना स्थल शिलान्यास के उपरांत अपने संबोधन में कहा कि सरना स्थल की चहारदीवारी बन जाने से पशु और जानवर अंदर प्रवेश नही कर पायेगें और आदिवासी समाज सरना स्थल में ही सरहुल पर्व पर पूजा पाठ कर धूम धाम से मनाने का कार्य करेंगे। पांकी पश्चिमी जिला परिषद सदस्य निधि सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुध्न सिंह, सांसद प्रतिनिधि चुनमुन पांडेय, महामंत्री श्याम नंदन ओझा, प्रो बच्चन ठाकुर, ताल मुखिया अनिता लोहरा, मिंटी वर्मा, रौशन सिंह, नईम अंसारी, साधु मांझी, ज्ञानी सिंह, सत्येन्द्र सिंह, मधु सिंह, बिंदेश्वरी यादव, बब्लू यादव, सहित कई लोग उपस्थित थे।



# पोखराही माइनर का तटबंध टूटा, विभाग मौन, किसान स्वयं कर रहे मरम्मती का कार्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** उतर कोयल मुख्य नहर से सटे पोखराही माइनर का कैनाल का तटबंध टूटने से नहर का पानी खेतों के बजाय अन्यत्र बहकर बर्बाद हो रहा है। किसानों द्वारा धान की रोपाई के लिए पानी की जुगाड़ में लगकर इसकी मरम्मती का कार्य शुरू कर पानी खेतों में पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। दंगवार पंचायत के लोगों द्वारा पोखराही माइनर के तटबंध की मरम्मत आपसी सहयोग से किया जा रहा है। वहीं इस माइनर से लाभांवित होने वाले सैकड़ों एकड़ खेत में दरारें पड़ने लगी हैं। जबकि अभी धान की रोपनी का समय चल रहा है। वहीं किसानों के समक्ष पानी को लेकर गंभीर चिंता बनी हुई है। नहर तीन दिन पूर्व टूटकर बह गई है, लेकिन अब तक विभाग के किसी कर्मचारी ने इसकी सुधि नहीं ली है। किसानों का कहना है कि माइनर निर्माण के बाद आज तक कैनाल की सफाई नहीं होने के कारण कैनाल क्षतिग्रस्त हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि दंगवार पंचायत के अलावा बेल बिगहा पंचायत के चार-पांच गांवों के किसानों का खेती इसी नहर के पानी से पटवन होता हैं। विभाग अगर पूरी तरह से तटबंध का शीघ्र मरम्मत नहीं कराती है, तो हम सभी किसान विवश होकर आंदोलन करेंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से किसान अयोध्या सिंह टिकैत, कमख्या पाठक, बीरेन्द्र सिंह, रामराज सिंह, अरबिंद सिंह, श्रवण पाठक, बुलू पाठक, रंजीत पाठक, सूर्यनाथ सिंह, राणा प्रताप सिंह, बसंत पाठक, वीरा यादव, कामेश्वर, मनोज चंद्रवंशी समेत कई ग्रामीण किसान मौजूद थे।



# अधिकारियों के आश्वासन के बावजूद अब तक नहीं मिली जनसमस्याओं से निजात : राजीव

### जनसमस्या से निजात दिलाने के लिए चक्का जाम करने की चेतावनी

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न जनसमस्याओं से निजात पाने के लिए अधिकारियों के आसवासन के बावजूद भी अब तक निजात नहीं मिली है। उक्त बातें सामाजिक कार्यकर्ता राजीव रंजन ने मंगलवार को सब्जी मंडी स्थित वार्ता के दौरान कहा। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का निदान के लिए धरना प्रदर्शन के एक महीने बीत जाने के बाद भी हरिहरगंज नप के अधिकारी कान में तेल डालकर सोए हुए हैं, पर हमलोग सोनेवालों में नहीं है। एक सप्ताह के अंदर जनसमस्या को निदान नहीं कराया गया तो, शहर के अंदर चलने वाले वाहनों का चक्का जाम कर देंगे। साथ ही निष्क्रिय नप अधिकारियों के विरुद्ध मशाल जुलूस भी निकाला जायेगा। विदित हो कि 17 जून को हरिहरगंज नगर पंचायत की साफ सफाई की व्यवस्था, खराब पड़ी स्ट्रीट लाइट की मरम्मती, 4 किलोमीटर जर्जर सड़क एनएच 98 की मरम्मती एवं नल जल को चालू कराने के लिए अनुमण्डल पदाधिकारी को ज्ञापन दिया गया था। साथ ही 24 घंटे बिजली बहाल करने की मांग को लेकर 19 जून को हरिहरगंज बिजली सबस्टेशन के समक्ष जोरदार धरना प्रदर्शन किया गया था। इस दौरान अधिकारियों के आसवासन पर धरना प्रदर्शन को स्थगित कराया गया था। राजीव रंजन ने कहा कि हमलोगों की मांगों को अधिकारी अनदेखा कर रहे हैं।क्षेत्र में ना साफ सफाई हुई और नहीं सड़क की मरम्मती साथ ही पूर्ण रूप से बिजली में सुधार। उन्होंने कहा कि धूल कण से शहरवासी त्रस्त हैं। शहर में हर जगह कचरा बिखरा हुआ है। अधिकारी प्रतिदिन शहर से गुजर रहे हैं और इसे अनदेखा कर मौन धारण किए हुए हैं।



### कांग्रेसी नेता मणिभूषण पांडेय का आमरण अनशन दूसरे दिन भी रहा जारी

# नप के सहायक नगर आयुक्त पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए सोमवार से बैठे हैं अनशन पर

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिश्रामपुर (पलामू)।** कांग्रेसी नेता सह युवा समाजसेवी मणिभूषण पांडेय का आमरण अनशन दूसरे दिन भी जारी रहा। इस बीच उन्हे ग्रामीणों का व्यापक समर्थन भी मिल रहा है। यहां बताते चलें कि बिश्रामपुर नप के सहायक नगर आयुक्त मो प्रवेज पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए मणि भूषण पांडेय सोमवार से ही वार्ड तीन के गोदरमा गांव के एक निमार्णाधीन सड़क किनारे आमरण अनशन पर बैठे हैं। मणिभूषण पांडेय का कहना है कि नगर परिषद द्वारा गोदरमा छठ घाट तक जाने वाले कच्चे सड़क का पक्कीकरण कार्य कराया जा रहा था। जिसे कतिपय लोगों के कहने मात्र पर मो प्रवेज ने निर्माण कार्य पर रोक लगा दी। जो कहीं से भी उचित नहीं है। श्री पांडेय ने कहा कि छठ घाट का रास्ता कब्रिस्तान के चहारदीवारी के बगल से गुजरता है। रास्ते का मापी अंचल अमीन द्वारा कराया जा चुका है। इसके अलावा दोनो पक्ष के सहमति के बाद निर्माण कार्य शुरू हुआ था। लेकिन दूसरे गांव के कुछ लोगो के झूठे बातों को मानते हुए सहायक नगर आयुक्त ने निर्माण कार्य रोक दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि एक धर्म विशेष को खुश करने के लिए मो प्रवेज ने यह गैर संवैधानिक कार्य किया है। जबकि उच्च पद पर आसीन व्यक्ति को पक्षपात नहीं करना चाहिए। उनके इस फैसले से सामाजिक समरसता बिगड़ने का खतरा है। मणिभूषण पांडेय ने कहा कि जब तक सड़क का निर्माण कार्य फिर से शुरू नही होगा तब तक आमरण अनशन जारी रहेगा,चाहे इसमें मेरी जान ही क्यों न चली जाये। मौके पर रामाशीष ठाकुर, संजय पांडेय, विवेक, विकाश, वेदव्यास, नितेश, सोनू, रवि मेहता, देवाशीष राम सहित कई लोग मौजूद थे।



# प्रखंड प्रमुख और पंसस ने किया छठ घाट निर्माण कार्य का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत देवरी कला पंचायत के कुशुवा गांव में छठ घाट निर्माण कार्य का शिलान्यास प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, पंचायत समिति सदस्य अजीत कुमार सिंह व देवरी ओपी प्रभारी इंद्रदेव राम ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर व फीता काटकर किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने कहा कि हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र में विकास योजनाओं को धरातल पर उतारना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सड़क, स्वास्थ्य, बिजली, पेयजलापूर्ति और सिंचाई सबसे महत्वपूर्ण है। इन सभी मूलभूत सुविधाओं से लोगों को जोड़ने का कार्य जारी है। वही पंचायत समिति अजीत कुमार सिंह ने कहा कि हम अपने पंचायत में विकास को लेकर हमेशा कटिबद्ध है। पंचायत क्षेत्र के विकास को लेकर निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि छठ घाट का निर्माण हो जाने से ग्राम वासियों को धार्मिक कार्य के साथ-साथ अन्य कार्यों में काफी सुविधा होगा। मौके पर महुदंड पंचायत समिति सदस्य रमेश पासवान, देवरी खुर्द पंसस अरबिंद मेहता, अक्षय प्रताप सिंह, मिथलेश सिंह, सोनू, अमित, अभिषेक कुमार, मुकेश सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।



# सड़क हादसे में आधा दर्जन घायल, नशे में था चालक



**उंटारी रोड़ (पलामू)।** उंटारी रोड थाना क्षेत्र के फेकडीह वीर कुंवर सिंह चौक के समीप नशे में धुत चालक ने सड़क किनारे स्थित राहुल गुप्ता के मकान में जोरदार धक्का मारा जिससे कार मे सवार 6 व्यक्तियों को गंभीर चोटें आयी है। इस घटना की सूचना के बाद उंटारी रोड थाना के एसआई राजकुमार शर्मा घटना स्थल पर पहुचकर ग्रामीणों के मदद से घायलों को बिश्रामपुर अस्पताल भेजवाया। जानकारी मिलने के बाद पता चला कर में सवार लोग उंटारी थाना क्षेत्र के लहरबंजारी गाँव के गणेश यादव के यहाँ से पांडू थाना के डालाकला गाँव जा रहे थे। वहीं क्षतिग्रस्त कार सतेंद्र यादव की बतायी जा रही है।

### उंटारी रोड में हुई पंचायत समिति की बैठक

# अधिकारियों के नहीं आने से नाराज थे प्रमुख



आजाद सिपाही संवाददाता

**उंटारी रोड़ (पलामू)।** उंटारी प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को पंचायत समिति की समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में कई विभागीय अधिकारियों के नहीं आने से प्रमुख अलका कुमारी, उप प्रमुख खोखन राम सभी पंचायत समिति सदस्य नाराज दिखे। वहीं बैठक में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारी और कर्मचारी के खिलाफ प्रमुख अलका ने बीडीओ ललित राम को स्पस्टीकरण दिया है। बैठक प्रारंभ होते ही सदस्यों ने जानना चाहा कि पशुपालन विभाग, वन विभाग, बिजली विभाग सहित अन्य कई विभाग के कर्मचारियों के नहीं आने से काफी नाराज दिखे प्रमुख। पंचायत समिति सदस्यों का कहना था कि बैठक में कई विभाग के पदाधिकारियों के नहीं पहुचने से कई मामलों का निपटारा नहीं किया जाता है और ना हीं कार्यवाही का अनुपालन होता है। मौके में बीपीओ आबेदीन अंसारी, कनीय अभियंता आलोक कुमार, पर्यवेक्षिका मिना कुमारी, पंचायत समिति सदस्य पूजा देवी सहित पंचायत सचिव और रोजगार सेवक उपस्थित थे।

# लंगुराही में सावन पूजनोत्सव पर अखंड हरिकीर्तन का आयोजन संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के तुरी पंचायत अंतर्गत तुरी टोला लंगुराही भगवती देवी मंदिर प्रांगण में सावन पूजनोत्सव के अवसर पर 24 घंटे का अखंड हरि किर्तन मंगलवार को संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम गांव के बुजुर्ग रामवृक्ष यादव के नेतृत्व में कराया गया। बुजुर्ग रामवृक्ष यादव ने बताया कि पचास वर्षो से हर चैत नमी या वैशाख माह में मनाया जाता था, पर इस बार सावन पुजनोत्सव के अवसर पर पूजा अर्चना के साथ-साथ 24 घंटे के अखंड हरि कीर्तन का आयोजन किया गया है। मौके पर राजद प्रखण्ड अध्यक्ष महेंद्र यादव ने बताया कि हरि कीर्तन के आयोजन से लोगो की सुख, शांति, समृद्धि, बारिश तथा भक्तों के मन को शांति के साथ घरों में खुशहाली के लिए की जा रही है। अखंड हरि कीर्तन को सफल बनाने में शिक्षक सुरेन्द्र यादव, तुरी पंसस मिथलेश कुमार यादव, रमेश यादव, प्रमोद यादव, कुंदन कुमार यादव, आनंद यादव, रविंद्र यादव, पप्पू यादव सहित सैकड़ो भक्तों ने तन मन से सहयोग किया।

## स्पोर्ट्स



बजरंग-विनेश को एशियन गेम्स में डायरेक्ट एंट्रीः एडहॉक कमेटी ने ट्रायल से छूट दी, अन्य पहलवान विरोध में आये, कहा- कोर्ट जायेंगे

# बजरंग-विनेश को एशियन गेम्स में डायरेक्ट एंट्रीः एडहॉक कमेटी ने ट्रायल से छूट दी

**अन्य पहलवान विरोध में आये, कहा- कोर्ट जायेंगे**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** धरना-प्रदर्शन करने वाले ओलिंपिक मेडलिस्ट बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट को हांगझोउ में होने जा रहे एशियन गेम्स में डायरेक्ट एंट्री मिल गई है। अब उन्हें चयन ट्रायल में हिस्सा नहीं लेना होगा, जबकि जंतर-मंतर मैदान पर प्रदर्शन करने वाले अन्य चार रेसलर्स को 22-23 जुलाई को दिल्ली के केडी जाधव स्टेडियम में होने वाले ओपन ट्रायल में हिस्सा लेना होगा।

डब्ल्यूएफआइ की एडहॉक कमेटी के मेंबल भूपेंदर सिंह बाजवा ने कहा है, 'हम सभी श्रेणियों में ट्रायल आयोजित करेंगे, लेकिन पुरुषों की फ्रीस्टाइल 65 किग्रा और महिलाओं की 53 किग्रा में विजेताओं को स्टैंडबाय के रूप में रखा जायेगा।' इन कैटेगरी से बजरंग और विनेश भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे, जबकि ट्रायल जीतने वाले रेसलर्स स्टेंड बाय रहेंगे। अन्य पहलवानों ने इसका विरोध किया है और कोर्ट जाने की धमकी दी है।





**कमेटी ने यह फैसला क्यों लिया...?**

एडहॉक कमेटी पहले धरना प्रदर्शन करने वाले 6 रेसलर्स के लिए अलग से ट्रायल कराने वाली थी, जो 8-10 अगस्त के बीच होने थे। इसके लिए क्डअ ने डउअ से नाम भेजने की आखिरी तारीख 5 अगस्त तक बढ़ाने की मांग की थी, एशियाई ओलंपिक परिषद (डउअ) ने नाम भेजने की अंतिम तरीख पर और रियायत देने से इंकार कर दिया।

इस कारण एडहॉक कमेटी को 22-23 जुलाई को ही ट्रायल करने पड़ रहे हैं, क्योंकि 23 जुलाई नाम भेजने की अंतिम तारीख है। इससे पहले, डउअ ने आखिरी तारीख (15 अगस्त) पर एक हफ्ते की मोहलत दी थी।

**विदेश में प्रैक्टिस कर रहे हैं बजरंग और विनेश**

धरने पर बैठे 6 पहलवान एशियन गेम्स के लिए विदेश में प्रैक्टिस कर रहे हैं। बजरंग, जितेंदर, संगीता किर्गिस्तान में हैं, जबकि विनेश रैंक-4 का टूनार्मेंट खेलने हंगरी गई हैं, जबकि साक्षी मलिक और सत्यव्रत कादियान अमेरिका में तैयारी कर रहे हैं।

**बजरंग-विनेश की डायरेक्ट एंट्री के विरोध में पहलवान**

कुछ पहलवान बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट की एशियाड में डायरेक्ट एंट्री के विरोध में आ गये हैं। पहलवानों ने मामले के विरोध में कोर्ट जाने की धमकी दी है।

**23 जुलाई तक करनी है स्क्वॉड की घोषणाः** एशियन गेम्स में शामिल होने वाले भारतीय पहलवानों के नामों की घोषणा करने की आखिरी तारीख 23 जुलाई है। ओलिंपिक काउंसिल एशिया तक अगर उस तारीख तक नाम नहीं भेजे गये, तो गेम्स में भारतीय कुश्ती दल का भाग लेना मुमकिन नहीं होगा।

**क्या है पूरा मामला?**

डब्ल्यूएफआइ के पूर्व अध्यक्ष और सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर यौन शोषण का आरोप लगा है। उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर देश के टॉप रेसलर्स विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया ने दिल्ली के जंतर-मंतर मैदान पर 18 जनवरी से सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन शुरू किया था। बाद में बृजभूषण शरण के खिलाफ चार्जशीट दायर होने के बाद पहलवानों ने धरना वापस ले लिया और एशियन गेम्स के ट्रायल्स की तैयारियों में जुट गये।

धरने पर बैठे पहलवानों ने खेल मंत्रालय और आइओए की ओर से गठित एडहॉक कमेटी से ट्रायल की तैयारियों के लिए थोड़ा समय मांगा है, रेसलर्स ने अगस्त में ट्रायल कराने की मांग की है।

ओलिंपिक गेम्स में भारतीय रेसलर्स का प्रदर्शन



# आदिवासी युवक की प्रताड़ना के खिलाफ मासस ने दिया धरना

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** आदिवासी युवक पर हुए अत्याचार को लेकर मार्क्सवादी समन्वय समिति धनबाद जिला कमेटी ने मंगलवार को रणधीर वर्मा चौक पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन दिया। नेताओं ने कहा की मध्यप्रदेश में सत्ताधारी दल के नेता द्वारा समाज के कमजोर वर्ग आदिवासी युवक पर पेशाब करने की घटना शर्मसार करती है, इसी घटना का निंदा करते हुए विरोध किया गया। वही धरना को संबोधित करते हुए मासस केंद्रीय महासचिव कॉमरेड हलधर महतो ने कहा कि




आज देश में मोदी सरकार के राज में निरंतर आदिवासी,दलित, महिलाओं के ऊपर दिन-प्रतिदिन अत्याचार बढ़ता जा रहा है, इससे समाज में सामाजिक समरसता समाप्त हो रहा, लोगों की जिंदगी दुश्वार होती जा रही है, मोदी सरकार सामाजिक ताना-बाना को भी भाजपा के अनुषांगिक संगठनों के माध्यम से तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं, इसलिए 2024 में मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने की आवश्यकता है, सामाजिक समरसता को जीवित रखने के लिए समाजवादी सोच की सरकार गठन करने की जरूरत है, वर्तमान केंद्र सरकार के द्वारा कॉर्पोरेट घराने को जो लाभ पहुंचाया जा रहा है, इससे कुछ व्यक्ति आर्थिक रूप से मजबूत हो रहा है लेकिन देश की अर्थव्यवस्था कमजोर होते जा रहे हैं, धरना में मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव दिल मोहम्मद, जिलाध्यक्ष बिंदा पासवान, दिलीप कुमार महतो, शेख रहीम, मायुमो जिला सचिव राणा चट्टराज, नरेश पासवान, अजय महतो, मोहम्मद अख्तर, मुक्तेश्वर महतो, सुकलाल महतो, याकूब अंसारी, सुरजीत चंद्र, ललिता देवी, विजय पासवान, रामप्रवेश यादव, मोतीलाल हेंब्रम, राजेश बीरूवा, हरेंद्र निषाद, रंजीत यादव, राकेश सिंह, भक्तु प्रसाद महतो, ठाकुर महतो, शिवालक पासवान, धीरज महतो, चिंटू रवानी, मनीष यादव, विश्वजीत राय, बुटन सिंह, त्रिलोचना देवी, पूनम देवी, रानू देवी आदि लोग शामिल थे।

## झरिया में टोटो चालकों ने टाइगर जवानों के खिलाफ किया प्रदर्शन

# थानेदार से मिल दिया गुलदस्ता टाइगर जवानों की शिकायत की

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** झरिया में इन दिनों टोटो चालक टाइगर जवान के कारगुजारियों से नाखुश हैं। मंगलवार को टाइगर जवानों के कारनामो से नाराज टोटो चालकों ने चार नत टैक्सी स्टैंड के समीप प्रदर्शन किया और अपनी नाराजगी जताई। इस दौरान टोटो चालकों ने जमकर टाइगर जवानों के खिलाफ नारेबाजी की। चालकों के कहना है कि झरिया पुलिस के टाइगर जवान पर मारपीट व परेशान करते हैं। कई चालकों ने टाइगर जवान के पिटाई से बने अपने जख्मों को भी दिखाया। टोटो चालकों ने बताया कि झरिया पुलिस के टाइगर जवान हर रोज परेशान कर रहे हैं। टोटो चालकों को सड़कों पर देखते ही



लाठी चला देते हैं। संघ के प्रदेश प्रवक्ता संतोष कुशवाहा ने कहा कि क्या टोटो रिक्शा चलाना पाप है, क्या टोटो चालक कोयला या लोहा चोर नजर आते है। टोटो चालकों को ना ही कोई स्टैंड मिलता है, ना ही कोई और सुविधा। **टोटो संघ मिला झरिया थानेदार से, सम्मानित कर किया टाइगर जवानों की शिकायत :** झारखंड ई रिक्सा टोटो संघ ने झरिया थानेदार संतोष कुमार सिंह को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। एंव झरिया के टाईगर जवानों के कारगुजारी से थानेदार को अवगत कराया की किस कदर टाईगर जवानों के द्वारा बेवजह टोटो चालकों पर लाठी बरसाया जा रहा है। मांग की गई की ऐसे टाईगर जवानों पर न्याय संगत करवाई कि जाए ताकि कोई भी टोटो चालक चोट से गंभीर होकर अपने जान ना गवा दे।

## सरस्वती विद्या मंदिर के खिलाड़ियों का धमाकेदार प्रदर्शन



**धनबाद।** विगत 15-16 जुलाई को धनबाद के शंभु राम धर्मशाला मे आयोजित झारखंड राज्य गतका चैम्पियनशिप में धनबाद को चैम्पियन बनाने में राजकमल सरस्वती विधा मंदिर के गतका खिलाड़ीयों का योगदान सराहनीय रहा। विधालय के कक्षा सप्तम के छात्र अंशु कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए झारखंड राज्य का बेस्ट फाईटर अवार्ड जीता। वही धनबाद के लिए आर्यमन, अंशु,विष्णु कुमार सिंह, मंजीत साव, मोहन कुमार पांडेय ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। जबकि रणवीर ठाकुर,आयुष कुमार पांडेय, मिनमय दास, मोहन ने रजत पदक व संजीव भारती, देव कुमार राय, यश राज, शुभम कुमार यादव, तेजस सिंह, सुमित कुमार ने कांस्य पदक जीता। विधालय समिती के साथ ही प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा, उप प्राचार्य मनोज कुमार, उप प्राचार्या उमा मिश्रा, प्रभारी कमल नयन झा ने सभी खिलाड़ीयों वा कोच पप्पू कुमार को बधाई दी है। सभी पदक विजेता अगस्त माह मे आयोजित राष्ट्रीय गतका चैम्पियनशिप में भाग लेने हेतु गुवाहाटी आसाम जाएंगें।

## डीएवी सेक्टर-6 के नयन कुमार को स्वर्ण पदक प्राप्त होने पर सम्मानित किया गया



**बोकारो।** डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 6 में प्रार्थना सभा में 11वीं कक्षा के नयन कुमार को राज्यस्तरीय शॉट पुट खेल में स्वर्ण पदक मिलने पर सम्मानित किया गयो झारखंड एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में चंदनक्यारी स्टेडियम में हुआ थो जिसमें विद्यालय के नयन कुमार ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन कियो विद्यालय के प्राचार्य बृजमोहन लाल दास ने कहा कि खेलकूद में एकाग्रता आवश्यक है। मन को एकाग्र कर लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। अतः अपने लक्ष्य को अवश्य ही निर्धारित करना चाहिऐ प्रार्थना सभा में विद्यालय के समस्त शिक्षकगण मौजूद थे।

## एमजीएम स्कूल ने जीते 28 स्वर्ण पदक



**बोकारो।** शंभू राम धर्मशाला पुराना बाजार धनबाद में गतका राज्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें अलग-अलग जिलों के सैकड़ों बच्चों के साथ-साथ बोकारो एमजीएम स्कूल के बच्चों ने भी भाग लिया और 28 स्वर्ण पदक 3 रजत पदक एवं 4 कांस्य पदक हासिल किया वही पूरे प्रतियोगिता के दौरान शानदार प्रदर्शन और 2 स्वर्ण पदक जीतकर बोकारो एमजीएम स्कूल की छात्रा जेबा नाज सर्वश्रेष्ठ फाइटर अवार्ड पर कब्जा जमाया वही पदक जीतने वाले बच्चों में श्रेया परेरा, माया कुमारी, गुप्ता, रिया सिंह, सेजल कुमारी, साक्षी श्रीवास्तव, तनुश्री मंडल ,प्रियाजना कुमारी, तृप्ति झा, एंजल रानी, जेबा नाज, ऋषिका कुमारी ,सृष्टि रानी, आदिति तिवारी, सूरज मोदी, अनिरुद्ध प्रताप, नितनेम सिंह, तेजस्वी, वासिफ रजा, आशीष कुमार, वेदांत भारद्वाज, सुमंता मुखर्जी, तरुण कुमार, सुमेंद्र कुमार, प्रियांशु राज सिंह, जसमीत कुमार, उपप्राचार्य राखी बनर्जी, हेडमिस्ट्रेस एनसी वर्गिस के साथ-साथ स्कूल के वरिष्ठ शिक्षकों में ओम प्रकाश तिवारी, राजेश्वर सिंह, मीनाक्षी कुमारी, वंदना कुमारी एवं राजीव सिंह ने बच्चों को अपनी शुभकामनाएं दी।

## प्रज्वला महिला समिति सिजुआ क्षेत्र ने असहाय महिला को की मदद

**कतरास।** दीक्षा महिला मंडल अंतर्गत प्रज्वला महिला समिति सिजुआ क्षेत्र के सदस्यों ने झरिया पोद्दारपाड़ा निवासी असहाय वृद्ध महिला नमिता लहेरी की मदद की। नमिता पिछले दिनों सड़क दुर्घटना गंभीर रूप से घायल हो गयी थी उसके दोनों हाथों की हड्डी भी टूट गयी थी। मंगलवार को समिति की अध्यक्ष काकुली रॉय एवं अन्य सदस्यों द्वारा नमिता को चिकित्सक के पास ले जाकर इलाज कराया गया। साथ ही उसे दवा, फल सहित आर्थिक मदद भी दिया गया। समिति की अध्यक्ष काकुली रॉय ने बताया कि नमिता के इलाज में आगे जो भी खर्च होगा उसे प्रज्वला महिला समिति वहन करेगी। मौके पर सुनीता सिंह, अपर्णा दास, सीमा जायसवाल, अर्पणा चौधरी आदि उपस्थित थी।

## एफसीआइएल के नोटिस का विरोध

# सिंदरीवासियों ने गोलबंद होकर प्रशासनिक भवन का किया घेराव

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिंदरी।** एफसीआईएल सिंदरी द्वारा भूमि अतिक्रमण को लेकर पीपी एक्ट के तहत जारी नोटिस के आलोक में पीपी एक्ट कोर्ट के सुनवाई के पहले दिन मंगलवार 18 जुलाई को जारी नोटिस को निरस्त करने की मांग पर सैकड़ों सिंदरी वासियों एवं दुकानदारों ने एफसीआईएल प्रशासनिक भवन का घेराव कर प्रदर्शन किया। नेतृत्व जनता श्रमिक संघ के संयुक्त महामंत्री लक्की सिंह कर रहे थे। आंदोलनकारियों को विभिन्न राजनीतिक व गैर राजनीतिक संगठनों का भी समर्थन मिला। घेराव के लगभग 5 घंटे बाद आंदोलनकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल और प्रबंधन के बिच वार्ता हुई। प्रबंधन द्वारा सकारात्मक पहल किए जाने के आश्वासन पर लोग लौटे। एफसीआईएल के संपदा अधिकारी देवदास अधिकारी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा



कि पीपी एक्ट कोर्ट की प्रक्रिया को रोका नहीं जा सकता है. केन्द्रीय कार्यालय को आंदोलन की जानकारी दे दी गई है. लोगों को बसाने व उनके हित में वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी। आगे किसी को नोटिस जारी नहीं की जाएगी। बसे हुए लोगों की सही जानकारी मिल सके इसके लिए लोग सर्वे में सहयोग करें। जेएसएस के महामंत्री गौरव वक्ष उर्फ लक्की सिंह ने कहा कि पीपी एक्ट कोर्ट को निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जारी सभी नोटिसों के आलोक में संयुक्त याचिका डाली जाएगी। एक कमेटी बनाकर कोर्ट की आगे की कार्रवाई को स्थगित करने और राजस्व लेकर जो जहां है उसे वहीं स्थापित करने का मांग किया जाएगा। इधर घेराव के दौरान कई महिलाओं ने एफसीआईएल के होमगार्ड के जवानों पर मकान व दुकान बनाने के एवज में पैसे लेने का आरोप लगाया। वार्ता में लक्की सिंह, ओमप्रकाश सिंह, पवन शर्मा, अरविंद पाठक, राकेश तिवारी, शशि सिंह, चंद्रावती देवी और एफसीआईएल सिंदरी के अधिकारी शामिल थे। वहीं घेराव में दिनेश सिंह, ओमप्रकाश सिंह, ब्रजेश सिंह, रवि शर्मा, शशि सिंह, इंद्रमोहन सिंह, धीरज सिंह आदि शामिल थे।

# गांधी, विनोबा, जेपी की विरासत बचाने को लेकर सर्वोदय मंडल का सत्याग्रह

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** सर्वोदय मंडल बोकारो की ओर से उत्तर प्रदेश सर्व सेवा संघ वाराणसी स्थित गांधी, जेपी, विनोबा के विरासत को ध्वस्त एवं कब्जा करने के खिलाफ सेक्टर 4 स्थित गांधी मूर्ति के समक्ष एक दिवसीय सत्याग्रह किया गया। ईस अवसर गांधी जेपी विनोबा के राजघाट बनारस स्थित अखिल भारतीय सर्व सेवा संघ व गांधी विद्या संस्थान की संपत्ति व विरासत को खत्म करने की उत्तर प्रदेश सरकार की आलोचना करते हुए वक्ताओं ने कहा कि उत्तर रेलवे से 1960 में पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद, लालबहादुर शास्त्री व विनोबा ने रजिस्टर डीड के माध्यम से जमीन खरीदी थी, उसे वाराणसी




प्रशासन ने जाली दस्तावेज करार कर ध्वंस करने की नोटिस जारी कर दिया जिसके खिलाफ देश भर में आंदोलन चल रहा है। इसका गांधी विचारधारा को समाप्त करने की साजिश करार देते हुए विरोध व निंदा की गई, साथ ही अपील की गई कि इसका हर नागरिक को विरोध करना चाहिए। सत्याग्रह की अध्यक्षता स्वराज इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष रमाकांत वर्मा व संचालन सर्वोदय मंडल के जिला मंत्री महावीर कुमार ने किया। सत्याग्रह में अरूण किशोर, पुन्यानंद दास, राजीव भूषण सहाय, मनोज भारतीय, महावीर कुमार, मनु राम महतो, राजेश कुमार, प्रीति रंजन दास, अमृत बाउरी, युवा भारत के उमेश कुमार तुरी, रमेश महतो, वंशीलाल साहू, सतीश आजाद, मो सहीद अंसारी, रमाशंकर शर्मा आदि शामिल थे।

## कार्यक्रम : जदयू ने एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का किया आयोजन

# शिविर में लोगों से जुड़ने और समस्याओं के निदान को लेकर कार्यकर्ताओं को पढ़ाये गये पाठ

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** बिना प्रशिक्षण प्राप्त किए आप किसी भी पार्टी मे पद तो प्राप्त कर सकते है लेकिन एक अच्छे नेता नही बन सकते है। अच्छा नेता बनने के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करना बहुत जरूरी है। उक्त बाते जदयू के जिलाध्यक्ष पिन्टु सिंह ने मंगलवार को यूथ फोर्स प्रधान कार्यालय में जदयू के एकदिवसीय युवा नेतृत्व विकास विषय पर प्रशिक्षण शिविर के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा। शिविर का उद्घाटन




ज़िला अध्यक्ष पिन्टू सिंह और प्रदेश महासचिव दीपनारायण सिंह ने संयुक्त रूप से किया। पिन्टू सिंह ने कहा कि आज के दौर में हमें अपने हक -अधिकार के लिए लड़ना होगा और लोकतांत्रिक ढंग से लड़ाई लड़ने के लिए राजनीतिक कार्यकताओं को प्रशिक्षण की आवश्यकता है। इसी कड़ी में आज का युवा नेतृत्व विकास विषय पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। कहा कि दीपनारायण सिंह ने प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर जदयू के कार्यकर्ताओ मे जान फूंक दी है। जिससे पार्टी और भी मजबूत होगी। उन्होंने दीपनारायण सिंह को लोकसभा की तैयारी में अभी जुटने का आह्वान करते हुए कहा कि पार्टी गिरीडीह लोकसभा क्षेत्र से अपना प्रत्याशी चुनाव में उतारना चहती है। दीपनारायण सिंह ने कहा कि शिविर में मुख्य रूप से युवाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने के लिये प्रशिक्षित दिया जा रहा है, ताकि जदयू के एक-एक कार्यकर्ता गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार को उखाड़ फेंकने के लिए आंदोलन कर सके। शिविर में कार्यकर्ताओं को पांच सत्र में सोशल मीडिया एक्टिविस्ट रंजन द्विवेदी द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से अपने बातो को लोगों तक पहुँचना और अपने नेता द्वारा जनहित में किए गये कार्यों को जनता तक पहुंचाने की जानकारी दी गयी।


**कार्यालय : झुमरीतिलैया नगर परिषद**

**अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सूचना सं0– J.M.C/ 05/2023-24 (3rd Call) Date – 18-07-2023

| क्रं0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (in Rupees) | अग्रधन की राशि (in Rupees) | निविदा शुल्क (in Rupees) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Vendor Market Complex at Pani Tanki Road In Ward No -27 Under Jhumritelaiya Nagar Parishad. | 2459650.00 | 49200.00 | 5000.00 | 150 दिन |

1 नगर विकास एवं आवास विभाग अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 25.07.2023 (पूर्वाहन 10.00 बजे से)।
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 01.08.2023 अपराहन 5.00 बजे।
4. हार्ड कॉपी में निविदा प्राप्ति की तिथि एवं स्थान :02.08.2023 अपराहन 4.00 बजे। तिलैया थाना परिसर, झुमरीतिलैया
5 निविदा खोलने की तिथि : 03.08.2023 अपराहन 5.00 बजे।
6. हेल्पलाईन नम्बर : 7903772765, 9693145111, 9798062988
7. अग्रधन की राशि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक के द्वारा निर्गत डिमाण्ड ड्राफ्ट ही केवल मान्य होगा।
विशेष जानकारी विभागीय वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

ह0/–
प्रशासक
झुमरी तिलैया, नगर परिषद

PR 302632 Urban Development (23-24)_D

**कार्यालय, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा**
पाण्डेय गणपत राय भवन, प्रथम तल्ला, समाहरणालय, लोहरदगा
दूरभाषः (06526) 222932, फैक्सः 224599
ई–मेलः ssaloh@rediffmail.com lohardagassa@gmail.com

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक 30.05.2023 को मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में कक्षा 6, 7, 8 एवं 9 में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा लिया गया था। प्रवेश परीक्षा का परीक्षाफल दिनांक 07.06.2023 को प्रकाशित किया गया। उक्त परीक्षा में चयनित/ नामांकित/प्रतीक्षा सूची में अंकित बच्चों का दिनांक 24.07.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से काउंसिलिंग का आयोजन किया गया है। विवरणी निम्नवत् है:–

| क्र0 | उत्कृष्ट विद्यालय का नाम | कक्षा | काउंसिलिंग तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 01 | DISTRICT CM SCHOOL OF EXCELLENCE, NADIA HINDU, LOHARDAGGA. | 6, 7, 8 एवं 9 | दिनांक 24.07.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से संबंधित विद्यालय में |
| 02 | KASTURBA CM SCHOOL OF EXCELLENCE GIRLS, LOHARDAGGA | 6, 7, 8 एवं 9 | |

अतः सभी चयनित/नामांकित/प्रतीक्षा सूची में अंकित बच्चों एवं उनके अभिभावकों को सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि एवं समय पर काउंसिलिंग में भाग लेने हेतु अनुरोध किया जाता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी –सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा

PR 302623 (Lohardaga)23-24*D

**समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड सशस्त्र पुलिस–1, राँची**

**आवश्यक सूचना**

झारखण्ड सशस्त्र पुलिस–1, राँची के रसोईया मो0 ईकबाल, पिता–मो0 रियाजउद्दीन, ग्राम–बनहा नवादा, पोस्ट–नवादा, थाना–कटकमदाग, जिला–हजारीबाग, झारखण्ड, पिन–825302 को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आपको दिनांक 19.10.2022 अप॰ से 24.10.2022 अप॰ तक 05(पाँच) दिनों का क्षतिपूर्ति अवकाश उपभोग हेतु छोड़ा गया था, तद्नुसार आपको दिनांक 25.10.2022 पूर्वा0 को अपने कार्य पर योगदान देना चाहिए था। परन्तु आप बिना सूचना एवं अनुमति के अनाधिकार रूप से अवकाश से पिछड़ रहे है। कार्यालय द्वारा 03(तीन) बार कार्य में योगदान देने हेतु आपके गृह पते पर निबंधित पत्र भेजे जाने के बावजूद भी आपने कार्य में योगदान नहीं देने एवं लम्बी अवधि से अवकाश से पिछड़ने के कारण आपको निलंम्बित करते हुए नियमानुसार आपके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही संख्या–04/2023 प्रारंभ की गई। विभागीय कार्यवाही संचालन के दौरान भी आप उपस्थित नहीं हुए और न ही किसी प्रकार की सूचना उपलब्ध कराई। इतने अवसरों के पश्चात् भी आपके द्वारा कार्य में योगदान नहीं देने पर इस कार्यालय का ज्ञापांक 177/गो॰, दिनांक 09.06.2023 द्वारा पत्र निर्गत कर 15(पन्द्रह) दिनों के भीतर द्वितीय कारण पृच्छा समर्पित करने हेतु वाहिनी द्वारा विशेष दूत आपके गृह पते पर भेजा गया। आप के द्वारा स्वहस्ताक्षर कर पत्र को प्राप्त करने के बावजूद भी आप अभीतक कर्त्तव्य से लगातार अनुपस्थित है। पुनः एक अंतिम अवसर देते हुए आपको सर्वसाधारण के माध्यम से सूचित किया जाता है कि सूचना प्रकाशित होने की तिथि से 10(दस) दिनों के भीतर स–शरीर कार्यालय में उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण समर्पित करें। यदि निर्धारित अवधि तक आप स्पष्टीकरण लेकर उपस्थित नहीं होते हैं तो यह समझा जाएगा कि आपको अपने बचाव में कुछ नहीं कहना है और आपके विरूद्ध अभिलेखित निर्णय ले लिया जाएगा।

ह0/–
समादेष्टा,
झारखण्ड सशस्त्र पुलिस–1, राँची।

PR.NO.302621 Police(23-24):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा**
**सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं॰ 822114**
Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

**ई0 प्रोक्योरमेन्ट अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
**(3rd Call)**

**Tender Notice No.-DWSD/GAR-SVS-22/2022–23. Dated–17.07.2023**

| Sl. No. | Name of Work | Group No. | No. of Scheme | Estimated cost (in Rs.) | Bid Security (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Rural Pipe Water Supply Scheme through DT/GPT (Solar based) 01/2.0 H.P. DC Motor pump complete set for different tolas of concern villages which is not included/included in MVS etc. work **under (JJM)** For the year 2022-23 | | | | | | |
| | **Banutikar, SVS** under Garhwa Block | Gar-20 | 04 Nos. | 24,22,687.00 | 49,000.00 | 5,000.00 | 03 Months |
| | Date & time of Tender Uploading on Website | | 19.07.2023/12:30 P.M. | | | | |
| | Last date & time of Bid Submission | | 25.07.2023/05:00 P.M. | | | | |
| | Last date & time of Submission Cost of BOQ and EMD (in Hard copy) | | 26.07.2023/ 10:30 AM to 05:00 P.M. (1) Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Garhwa. (2) Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation Circle, Medininagar. | | | | |
| | Date & time of Opening Tender | | 27.07.2023/05:00 P.M. | | | | |
| | Name & Address of Office inviting tender | | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Garhwa. | | | | |
| | Name & Address of Opening Officer | | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Garhwa. | | | | |
| | Contact No. of Procurement office | | 9973003856 | | | | |
| | Help No. of e-Procurement Cell | | 0651-2490920 | | | | |

नोट–(i) निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय होगा।
(ii) विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।

PR.NO.302650 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुसंधान में सोआ सबसे आगे : प्रदीप कुमार नंद

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** शिक्षा एवं अनुसंधान (सोआ), जिसने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति ला रहा है, विभिन्न क्षेत्रों में नयी चुनौतियों का सामना करने के लिए छात्रों को पेशेवर रूप से तैयार करने में व्यस्त है। सोआ का मुख्य उद्देश्य छात्रों को उच्च शिक्षा प्रदान करना और उन्हें तैयार करना है, ताकि वे जो ज्ञान प्राप्त करें वह समाज को उजागर करे। 17 जुलाई 2007 को यूजीसी अधिनियम, 1956 की धारा-3 के तहत केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा सोआ को डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा दिया गया था। अब यह गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुसंधान के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है। सोआ के विविध परिसर में 15,000 से अधिक भारतीय और विदेशी छात्र पढ़ रहे हैं। सोआ अब अपने 17वें वर्ष में है, उन्होंको 2016 से केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा शुरू की गयी वार्षिक राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआइआरएफ) रैंकिंग में 6 बार देश के शीर्ष 20 शैक्षणिक संस्थानों में स्थान दिया गया है।

2023 एनआइआरएफ रैंकिंग में, सोआ ने खुद को देश के 15वें सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय के रूप में रखा है। इसी तरह, सोआ को 2022 में नाक द्वारा फिर से मान्यता दी गयी और ए++ के उच्चतम ग्रेड से सम्मानित किया गया। इसी तरह, सितंबर 2017 में सोआ फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के तीन पाठ्यक्रमों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध अमेरिकी मान्यता निकाय, एक्रिडेशन बोर्ड फॉर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (ABET) द्वारा मान्यता दी गयी थी।

क्यू एस इंडिया रैंकिंग के अनुसार, सोआ देश के शीर्ष 50 विश्वविद्यालयों में से एक है। सोआ फैकल्टी ऑफ मेडिकल साइंसेज (इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड सम हॉस्पिटल्स) को एनआइआरएफ रैंकिंग 2023 में देश में 16वां स्थान दिया गया है। इस डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी में 24 स्नातक और 83 स्नातकोत्तर, पीएचडी और पोस्ट-डॉक्टोरल कार्यक्रम हैं। यह इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी, प्रबंधन, चिकित्सा विज्ञान, दंत विज्ञान, नर्सिंग, फार्मास्युटिकल विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, आतिथ्य और पर्यटन प्रबंधन, कानून, कृषि विज्ञान और पशु चिकित्सा विज्ञान पाठ्यक्रमों में पेश किया जाता है।

विश्वविद्यालय ने हाल ही में विभिन्न जटिल स्वास्थ्य स्थितियों के उपचार के लिए जेनेरिक, लागत प्रभावी और नवीन फार्मास्युटिकल फॉर्मूलेशन विकसित करने के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम (एनआरडीएस) के साथ एक प्रौद्योगिकी लाइसेंसिंग समझौता किया है।

सोआ संकाय और शोधकर्ताओं द्वारा लिखे गये लेख नियमित रूप से विभिन्न अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित होते हैं। सोआ के पास वर्तमान में 10903 स्कोपस इंडेक्स प्रकाशन हैं, जबकि एच-इंडेक्स 98 है। वेब ऑफ साइंस में 86 के एच-इंडेक्स के साथ सोआ 6248 प्रकाशन हैं। सोआ शोधकर्ताओं ने 407 पेटेंट के लिए आवेदन किया है, जिनमें से 292 प्रकाशित हो चुके हैं और 35 पेटेंट प्रदान किये गये हैं।

# झारखंड में अपराधी डीएसपी-दारोगा पर गोलियां चला रहे हैं : बाबूलाल मरांडी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**राजधनवार।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह धनवार विधायक बाबूलाल मरांडी ने कहा कि 2024 में केंद्र और राज्य में भाजपा की डबल इंजन की सरकार बनानी है। विकास को रफ्तार देनी है। इसमें धनवार विधानसभा को अहम भूमिका निभानी पड़ेगी। चुनाव जीतने के लिए बूथ जीतना जरूरी है। श्री मरांडी मंगलवार को गंगापुर स्थित सिद्धि विनायक रिसोर्ट में धनवार प्रखंड के चारों मंडलों के नेताओं-कार्यकर्ताओं की टिफिन बैठक को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ सालों में देश प्रगति की राह पर चल पड़ा है। दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ा है। पीएम मोदी के कामों एवं बढ़ती लोकप्रियता से घबरा कर विपक्षी पार्टियां परिवार बचाओ मोर्चा बना रहे हैं। हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में विधि-व्यवस्था खत्म होती जा रही है। अपराधी पुलिस प्रशासन पर भारी पड़ रहे है। झारखंड की स्थिति नाजुक हो गयी है। यहां अपराधी डीएसपी और दरोगा पर बेखौफ गोलियां चला रहे हैं। जहां पुलिस प्रसाशन सुरक्षित नहीं, वहां जनता क्या सुरक्षित होगी। इन परिस्थितियों को बदलने के लिए आपको अपनी सरकार बनानी पड़ेगी। उन्होंने बारी-बारी से चारों मंडलों के बूथ समिति गठन की जानकारी ली तथा कुछ छूट गये बूथों को दो दिनों के अंदर गठित कर लेने का निर्देश दिया। बैठक की अध्यक्षता धनवार मंडल अध्यक्ष उत्तम कुमार गुप्ता और संचालन जिलाध्यक्ष महादेव दुबे ने किया। बैठक को प्रदेश उपाध्यक्ष प्रणव वर्मा, उदय सिंह, राजेंद्र यादव, नकुल राय एवं गुरुचरण नायक ने भी संबोधित किया।

## लोकसभा में सभी 14 सीटें जीतनी हैं : लक्ष्मण प्रसाद सिंह

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा कि बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने से धनवार विधानसभा का महत्व काफी बढ़ गया है। जिम्मेवारी भी बढ़ गयी है। सामने लोकसभा और फिर विधानसभा का चुनाव होना है। लोकसभा में सभी 14 सीटें जीतनी हैं। इसके लिए पीएम मोदी के नौ वर्षों की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुचना है। सबों से संपर्क कर उनका समर्थन प्राप्त करना है। साथ ही बूथ को मजबूत करने की जरूरत है।

# किस ने जीता अंतरराष्ट्रीय ग्रीन गाउन पुरस्कार 2023

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**भुवनेश्वर।** कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (किस) ने विविधता, समानता और स्थिरता में समावेशन के लिए 2023 अंतरराष्ट्रीय ग्रीन गाउन पुरस्कार जीता है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार 17 जुलाई को सतत विकास पर संयुक्त राष्ट्र उच्च स्तरीय राजनीतिक मंच के एक भाग के रूप में एक समारोह में प्रस्तुत किया गया था। किस इस प्रतिष्ठित श्रेणी के लिए शॉर्टलिस्ट होने वाला भारत का एकमात्र एनजीओ था। 25 देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले 93 फाइनलिस्टों में से किस को इसके प्रोजेक्ट उदय - आदिवासी इलाकों में चेंजमेकर्स बनाने के लिए 12 विजेताओं में से एक के रूप में मान्यता दी गयी थी।

अंतरराष्ट्रीय ग्रीन गाउन पुरस्कार, संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम, एसोसिएशन ऑफ कॉमनवेल्थ यूनिवर्सिटीज (एसीयू), एल'एजेंस यूनिवर्सिटी डे ला फ्रैंकोफोनी (एयूएफ), इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ यूनिवर्सिटीज (आइएयू), और उच्च शिक्षा स्थिरता जैसे प्रतिष्ठित संगठनों पहल (एचइएसआइ), स्थिरता को बढ़ावा देने में दुनिया भर के शैक्षणिक संस्थानों के उत्कृष्ट प्रयासों का जश्न मनाती है और उनका समर्थन करती है। किस सही मायने में इस पुरस्कार का हकदार है, क्योंकि इसने स्थिरता में प्रभावशाली और नवीन प्रथाओं का एक चमकदार उदाहरण के रूप में काम किया है।

यात्रा के दौरान मिली सफलताओं और चुनौतियों दोनों को साझा करने में संगठन की ईमानदारी उसकी बहादुरी, आत्मविश्वास और विनम्रता को दर्शाती है। यह मान्यता जलवायु और जैव विविधता संकट से निपटने में उच्च, तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा संस्थानों के महत्व पर प्रकाश डालती है।

किट और किस के संस्थापक प्रोफेसर अच्युत सामंत ने कहा कि यह मान्यता किस को नये जोश के साथ एक स्थायी दुनिया में योगदान करने के लिए प्रोत्साहित करेगी, जबकि उन्होंने इस उपलब्धि के लिए संस्थान के छात्रों, कर्मचारियों और शुभचिंतकों को बधाई दी।

# जाजपुर एनएच 16 पर बना ब्रिज 10 फीट धंसा

**भद्रक-भुवनेश्वर के बीच यातायात बाधित रहा**

**आवागमन के लिए दूसरा रास्ता खोला गया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** जाजपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-16 पर पुल धंस गया। रसूलपुर ब्लॉक के पास पुल 10 फिट तक दब गया। परिणामस्वरूप, भद्रक और भुवनेश्वर के बीच यातायात कुछ देर के लिए बाधित रहा। बाद में गाड़ियों के आवागमन के लिए दूसरा रास्ता खोला गया। मंगलवार को जाजपुर नेशनल हाईवे-16 पर रसूलपुर के पास एक पुल अचानक धंस गया। स्थल पर जिला प्रशासन और एनएचएआइ के अधिकारी पहुंच कर स्थिति का मुआयना कर रहे हैं। एनएचएआइ परियोजना निदेशक ने कहा कि पुल की जांच के लिए एक विशेषज्ञ टीम मौके पर आ रही है। विशेषज्ञ कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद सही जानकारी मिल पायेगी। यह पुल 2008 में बनाया गया था।

# चंद्रयान-3 को एक और ऑर्बिट ऊपर पहुंचाया गया

## दो और कोशिश फिर चांद की कक्षा में पहुंचेगा, इसरो ने कहा : मिशन तय समय पर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**श्रीहरिकोटा।** इसरो के वैज्ञानिकों ने मंगलवार को चंद्रयान-3 को तीसरी बार नयी ऑर्बिट में कामयाबी से पहुंचा दिया। इसरो ने बताया कि मिशन तय समय पर है। कक्षा बढ़ाने के लिए अगली फायरिंग 20 जुलाई को दिन के 2 से 3 बजे के बीच निर्धारित है।

**31 जुलाई की रात चंद्रमा की तरफ बढ़ेगा :** इसके बाद पृथ्वी के ऑर्बिट में एक बार और फायरिंग की जायेगी। स्पेसक्राफ्ट 31 जुलाई और 1 अगस्त की मध्यरात्रि को पृथ्वी की कक्षा छोड़ कर चंद्रमा की ओर बढ़ेगा। 5 अगस्त को यह चंद्रमा की ऑर्बिट में पहुंच जायेगा। 23 अगस्त को यह चंद्रमा पर लैंड करेगा।

**लैंडर और रोवर चांद के साउथ पोल पर उतरेंगे :** चंद्रयान-3 में लैंडर, रोवर और प्रोपल्शन मॉड्यूल हैं। लैंडर और रोवर चांद के साउथ पोल पर उतरेंगे और 14 दिन तक वहां प्रयोग करेंगे। प्रोपल्शन मॉड्यूल चंद्रमा की कक्षा में रह कर धरती से आने वाले रेडिएशंस का अध्ययन करेगा। मिशन के जरिए इसरो पता लगायेगा कि चांद की सतह पर कैसे भूकंप आते हैं। यह चंद्रमा की मिट्टी का अध्ययन भी करेगा।

## दुबई की अर्थव्यवस्था और पर्यटन ने भारत के द्वितीयक बाजारों को लक्ष्य किया

# जनवरी से मई तक पर्यटकों की संख्या 23% बढ़ी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** ग्रीष्मकालीन यात्रा सीजन से पहले, दुबई के अर्थव्यवस्था और पर्यटन विभाग (डीइटी) ने भारत भर में बी2बी यात्रा व्यापार गतिविधियों जैसे कि व्यापार कार्यशालाओं, मेगा परिचय यात्राओं, प्रदर्शनियों और रोड शो के माध्यम से गंतव्य को प्रदर्शित करने के अपने प्रयासों को तेज कर दिया है। वर्ष की पहली छमाही में मेट्रो शहरों, टियर टू और थ्री बाजारों सहित। डीइटी का लक्ष्य दुबई को भारतीय यात्रियों के लिए पहली पसंद के गंतव्य के रूप में स्थापित करना है। भारतीय शहरों से निकटता और सीधी कनेक्टिविटी का लाभ उठाते हुए डीइटी भारत में द्वितीयक बाजारों में अपने पदचिह्न का विस्तार करने और दुबई द्वारा पेश की जाने वाली असंख्य पेशकशों को उजागर करने के लिए प्रतिबद्ध है। अब तक के परिणाम उत्कृष्ट रहे हैं, दुबई में 2019 की तुलना में 2023 के पहले 5 महीनों के दौरान रात भर आने वाले आगंतुकों की संख्या में 23% की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। जनवरी-जून 2023 के बीच, डीइटी ने आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, गुजरात, पंजाब, दिल्ली एनसीआर, राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, ओड़िशा, असम और उत्तर प्रदेश राज्यों के 30 शहरों के 200 से अधिक ट्रैवल एजेंटों की मेजबानी में मेगा परिचय यात्राएं आयोजित कीं। एसएटीटीइ 2023 और एटीएम 2023 जैसी व्यापार प्रदर्शनियों में भागीदारी ने नये और बार-बार आने वाले आगंतुकों को आकर्षित करने के लिए दुबई की पेशकशों को प्रदर्शित करने में मदद की। मार्च में डीइटी ने दुबई को गर्मियों की छुट्टियों के लिए पसंदीदा अंतरराष्ट्रीय गंतव्य के रूप में स्थापित करने के लिए हैदराबाद, बेंगलुरु और चेन्नई में रोड शो का आयोजन किया। इन आयोजनों ने भारतीय यात्रा व्यापार को एयरलाइंस, गंतव्य प्रबंधन कंपनियों, होटल और रिसॉर्ट्स और दुबई के आकर्षणों सहित दुबई के हितधारकों के साथ जुड़ने के लिए एक मंच प्रदान किया, जिससे मूल्यवान साझेदारी को बढ़ावा मिला। टियर टू शहरों में आगे बढ़ते हुए और बाजार की आवश्यकताओं को समझते हुए, डीइटी ने दुबई की पर्यटन पेशकशों को प्रदर्शित करने और यात्रा के लिए शीर्ष विचार के रूप में शहर की अपील को और बढ़ाने के लिए जयपुर, गुवाहाटी और भुवनेश्वर में व्यापार रात्रिभोज की भी मेजबानी की। डीइटी ने भुवनेश्वर और दुबई के बीच नये उड़ान क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए भुवनेश्वर में इंडिगो एयरलाइंस के साथ रात्रिभोज कार्यक्रम की सह-मेजबानी की। इन विशिष्ट व्यापार रात्रिभोजों में प्रत्येक शहर की प्रमुख ट्रैवल एजेंसियों के मालिकों की भागीदारी देखी गयी।

दुबई के अर्थव्यवस्था और पर्यटन विभाग के दक्षिण एशिया के प्रमुख बदर अली हबीब ने कहा कि भारत हमारे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है और हम भारतीय यात्रियों को गंतव्य के विभिन्न पहलुओं को दिखाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारे अखिल भारतीय आउटरीच ने उल्लेखनीय परिणाम दिए हैं, 2019 की तुलना में रातोंरात आगंतुकों की संख्या में 23% की वृद्धि हुई है, जो वर्ष के पहले पांच महीनों में 1 मिलियन आगंतुकों को पार कर गयी है।
















VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची

Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**